संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    नई दिल्ली, शनिवार, 20 अप्रैल 2024 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive




भारत और फिलीपींस के द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों के लिए ऐतिहासिक हो गया है, क्योंकि विश्व की सबसे तेज क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की पहली खेप भारत से फिलीपींस पहुंच गई है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23    वर्षः 18  अंकः 108  पृष्ठः 12    RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com    राष्ट्रीय संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

### आदर्श विचार



"कोई भी इंसान अपने जन्म से नहीं, बल्कि अपने कर्मो से महान बनता है।" -भागवद्

### मन की बात



"युवा वही होता है, जिसके हाथों में शक्ति, पैरों में गति, हृदय में ऊर्जा और आंखों में सपने होते हैं।" -स्वामी विवेकानंद




# 21 राज्यों की 102 सीटों पर 63% वोटिंग

= त्रपुरा, बंगाल और असम में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ पहले चरण में सभी 21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में मतदान सुचारु और शांतिपूर्वक हुआ

**मताधिकार**

8 सुबह 7 बजे 102 संसदीय क्षेत्रों में एक साथ मतदान शुरू होने पर मतदान केंद्रों पर लंबी कतारों में मतदाता खड़े दिखें

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** देश में लोकतंत्र का उत्सव जारी है और देशभर में मतदाता बड़ी संख्या में वोट डाले गए। शाम 5 बजे तक 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और असम में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। पहले चरण में सभी 21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में मतदान सुचारु और शांतिपूर्वक हुआ

सुबह 7 बजे 102 संसदीय क्षेत्रों में एक साथ मतदान शुरू होने पर मतदान केंद्रों पर लंबी कतारों में खड़े मतदाताओं को वोट देने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते हुए देखा गया। चुनाव आयोग के अनुसार पहले चरण में शाम 5 बजे तक अरुणाचल प्रदेश की सभी दो सीटों पर 64.07, असम की 14 सीटों पर 70.77, बिहार की चार सीटों पर 46.32, छत्तीसगढ़ की 11 सीटों पर 63.41, मध्य प्रदेश की छह सीटों पर 63.25, महाराष्ट्र की पांच सीटों पर 54.85, मणिपुर की दो सीटों पर 68.62, मेघालय की सभी दो सीट पर 69.91, मिजोरम की एक सीट पर 53.96, नगालैंड की एक सीट पर 56.18, राजस्थान की 12 सीट पर 50.27, तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर 62.08, त्रिपुरा की एक सीट 76.10, उत्तर प्रदेश की आठ 57.54, लक्षद्वीप की एकमात्र सीट पर 59.02, पुडुचेरी की एकमात्र सीट पर 72.84, उत्तराखंड की सभी पांच सीटों पर 53.56, पश्चिम बंगाल की तीन सीट पर 77.57, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की एकमात्र पर 56.87 और जम्मू-कश्मीर की एक सीट 65.08 प्रतिशत मतदान हुआ है। चुनाव आयोग के अनुसार मतदान केंद्रों के दृश्यों में समावेशी चुनाव सुनिश्चित करने के प्रयासों के सफल परिणाम देखने को मिले। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने की खुशी से झूमते हुए देश भर के मतदान केंद्रों पर आए। दक्षिण अंडमान में स्ट्रेट द्वीप से ग्रेट अंडमानी जनजाति ने भी उत्साहपूर्वक मतदान में भाग लिया।







## मणिपुरः मतदान के दौरान गोलीबारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंफालः** आंतरिक मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के दौरान दो पूर्वी और तीन पश्चिमी इंफाल के कुल पांच मतदान केंद्रों से गोलीबारी की घटना सामने आई है। बिष्णुपुर जिले के मोइरंग निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत थामनापोक्पी में एक हथियारबंद व्यक्ति ने मतदान केंद्र के पास हवा में गोलीबारी शुरू कर दी। इसे देखते हुए वहां मौजूद मतदाता डर से भाग गए। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना पाकर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को मौके पर तैनात किया गया।

**अज्ञात हथियारबंद लोगों ने की फायरिंगः** अज्ञात हथियारबंदों ने विभिन्न मतदान केंद्रों में एक विशेष राजनीतिक दल के एजेंटों को धमकी भी दी।

## पश्चिम बंगाल में हिंसा के बीच हुआ मतदान



**पश्चिम** बंगाल में हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से जारी है। हालांकि सूबे में कूचबिहार और जलपाईगुड़ी में कुछ स्थानों पर भाजपा और टीएमसी के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक छड़पें और उनके कार्यालयों में तोड़फोड़ होने की सूचना है। उधर, पूर्वोत्तर के मणिपुर के मैरांग केंद्र पर गोलीबारी की घटना हुई। यहां दो गुटों के बीच यह टकराव हुआ लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, इस टकराव के कारण यहां एक घंटे तक मतदान रोकना पड़ा। छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद क्षेत्रों में भी छिटपुट घटनाओं के छोड़कर शांतिपूर्ण मतदान हो रहा है। हालांकि बीजापुर के गलकम के मतदान केंद्र के बाहरी इलाके में यूबीजीएल सेल विस्फोट की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी जवान देवेन्द्र कुमार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक अन्य घटना में बीजापुर के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के चेहका मतदान केंद्र के पास सर्चिंग के दौरान आईईडी विस्फोट से सीआरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट मनु एचसी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें रायपुर के नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के लिए 55 .23 प्रतिशत और सिक्किम विधानसभा के लिए 52 .73 प्रतिशत मतदान हुआ है।

## राज्य सरकार के प्रयासों से शिंकुला टनल को मिली एफसीए क्लीयरेंसः सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमलाः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शिंकुला टनल बनने का रास्ता राज्य सरकार के प्रयासों से साफ हो गया है। केंद्र सरकार ने लाहौल और लद्दाख को जोड़ने के लिए 4.1 किमी सुरंग बनाने की स्वीकृति दे दी है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि राज्य सरकार ने इस महत्वपूर्ण सुरंग के निर्माण के लिए प्राथमिकता रखी है। इसके लिए सरकार ने एक विशेष अधिकारी नियुक्त कर केंद्र सरकार से स्वीकृति प्रदान करवाई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से ही टनल निर्माण के लिए एफसीए क्लीयरेंस मिली है। उन्होंने बताया कि यहां सुरंग के साथ-साथ यहां एक हैलीपैड और कार्यालय परिसर का निर्माण भी किया जाएगा। इस सुरंग के साउथ पोल के साथ-साथ लगभग 3800 मीटर हिस्सा हिमाचल प्रदेश में बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सुरंग के निर्माण से लद्दाख तक सभी मौसम में जाना संभव हो पाएगा और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख तक पहुंचने का यह सबसे छोटा रास्ता होगा।

## अगर मतदान नहीं किया तो चली जाएगी नागरिकताः ममता

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुर्शिदाबादः** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का विवादित बयान सामने आया है। ममता ने दूसरे राज्यों से बंगाल आए श्रमिकों से कहा कि वो ईद मनाने तो बंगाल आए हैं, लेकिन वो वोट देकर ही वापस जाएं, नहीं तो उनकी नागरिकता चली जाएगी। ममता ने कहा, मैं उन सभी प्रवासी श्रमिकों से अनुरोध करना चाहूंगी जो ईद मनाने के लिए यहां आए हैं, कृपया बिना मतदान किए वापस न जाएं क्योंकि अगर आप आने वाले दिनों में मतदान नहीं करेंगे तो वे आपका आधार कार्ड और आपकी नागरिकता छीन लेंगे। मैं यहां सीएए लागू नहीं होने दूंगी, जैसे मैंने असम में इसे लागू नहीं होने दिया।



**यूसीसी लागू ना होने देने की कही बातः** ममता ने भाजपा का नाम लिए बिना कहा कि अब वो यूसीसी के बारे में भी बात कर रहे हैं, क्या आप जानते हैं कि इससे क्या होगा।

## केजरीवाल को इंसुलिन देने की मांग, आदेश सुरक्षित

**मेडिकल बोर्ड**

8 कोर्ट ने केजरीवाल का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन करने के संकेत दिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया है जिसमें उन्होंने जेल अधिकारियों को इंसुलिन देने की मांग की है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने 22 अप्रैल को फैसला सुनाने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केजरीवाल का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन करने के संकेत दिए हैं। सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल को शुगर की बीमारी है और इसके लिए उन्हें इंसुलिन की जरूरत होती है। सिंघवी ने कोर्ट को केजरीवाल के शुगर लेवल का चार्ट दिखाया। सिंघवी ने कहा कि आज तक हमने किसी को आम खाने की शिकायत करते नहीं सुना। केजरीवाल को 48 बार घर का खाना दिया गया, जिसमें तीन बार आम भेजा गया। उन्होंने कहा कि जेल प्रशासन और ईडी की मिलीभगत से केजरीवाल का मीडिया ट्रायल किया जा रहा है कि वो आम और मिठाई खाकर अपना शुगर लेवल बढ़ाना चाहते हैं, ताकि स्वास्थ्य के आधार पर जमानत का आधार बनाया जा सके।



## मोदी की गारंटी से विपक्ष बैचेनः पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दमोहः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को मध्य प्रदेश के दमोह लोकसभा क्षेत्र में पहुंचे। उन्होंने यहां विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने बुंदेलखंडी में लोगों का अभिवादन किया। मोदी ने कहा सबई जनों खों हमाई तरफ से राम-राम पहुंचे। मैं बांदकपुर के जागेश्वर महादेव और कुण्डलपुर तीर्थ को प्रणाम करता हूं।

**ये देश के भविष्य का चुनावः** मोदी ने कहा कि इस समय मध्य प्रदेश सहित देश भर की अनेक सीटों पर पहले चरण की वोटिंग जारी है। सबसे पहले तो मैं यही आग्रह करूंगा कि जिन साथियों ने अब तक वोट नहीं डाला है, वो अपने कर्त्तव्य का पालन जरूर करें और वोट डालें। ये चुनाव आने वाले पांच साल में भारत को दुनिया की बड़ी शक्ति बनाने का चुनाव है। ये सिर्फ सांसद चुनने भर का चुनाव नहीं है, ये देश के भविष्य को चुनने का चुनाव है। यह चुनाव आने वाले पांच वर्षों में भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाने का चुनाव है। आपका यह उत्साह साफ-साफ कह रहा है, "फिर एक बार मोदी सरकार"! बीजेपी-एनडीए गठबंधन को दिया आपका वोट, केंद्र में सरकार तो बनाएगा ही, साथ ही आपका वोट विकसित भारत का सपना भी पूरा करेगा।

### 'नेताओं को मोदी की गारंटी बैचेन कर रही'

**परिवारवादी** और भ्रष्टाचारी नेताओं को मोदी की गारंटी बैचेन कर रही है। वो कहते हैं कि तीसरी बार भाजपा सरकार बनी तो आग लग जाएगी। इंडिया गठबंधन के लोग मोदी को आए दिन धमकियां दे रहे हैं। लेकिन मोदी इनकी धमकियों से न पहले डरा है और न कभी डर सकता है। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन वाले हमारी आस्था का अपमान करने में जुटे हैं। ये लोग कहते हैं कि हमारा सनातन डेंगू, मलेरिया है। अयोध्या में जो राम मंदिर बना है, उसके भी ये घोर विरोधी हैं।

## 'चौ. चरण सिंह के सपनों को साकार कर रही मोदी सरकार'

**किसान हितैषी**

8 पीएम मोदी ने अन्नदाताओं के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की, जिसका परिणाम हम सबके सामने हैं: योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबादः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अन्नदाता किसानों का सम्मान और उत्थान करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी के सपनों को साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अन्नदाताओं के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की, जिसका परिणाम हम सबके सामने है। उन्होंने कहा कि चाहे पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए अन्नदाताओं का सम्मान हो, या भारत को दुनिया में सम्मान दिलाने का कार्य, ये तमाम योजनाएं नये भारत की पहचान बन रही हैं। सीएम योगी शुक्रवार को मोदीनगर में बागपत लोकसभा सीट के लिए एनडीए प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभा की।



**लोगों में उतावलापन दिख रहाः** उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए मतदान चल रहा है।

वोटिंग की स्पीड बताती है कि देश में फिर एक बार मोदी सरकार लाने के लिए लोगों में उतावलापन दिख रहा है। ऐसा होना लाजमी है क्योंकि जो हमारे पूर्वजों को सम्मान दें उनका सम्मान होना ही चाहिए।

## सीएए के नियमों को चुनौती देने वाली नई याचिका दाखिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 को चुनौती देने वाली एक याचिका पर शुक्रवार को केंद्र और असम सरकार से जवाब तलब किया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता गुवाहाटी निवासी हिरेन गोहेन का प्रतिनिधित्व करने वाले एक वकील की दलीलों को गौर से सुना और फिर राज्य सरकार और केंद्रीय गृह और विदेश मंत्रालयों को नोटिस जारी किया।

## मोदी कार्यकाल में बॉर्डर तक सुदृढ़ हुई सड़क और संचार सेवाएंः जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मंडीः नेता** विपक्ष जय राम ठाकुर ने कहा है कि पहाड़ी प्रदेश हिमाचल में विकास की रफ्तार बढ़ाने का श्रेय केंद्र की भाजपा सरकार को ही जाता है जबकि इतने वर्षों तक कांग्रेस ने राज किया लेकिन प्रदेश विकास को हमेशा तरसता ही रहा। पूर्व में जब श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की सरकार केंद्र में रही तो हिमाचल को विशेष आर्थिक पैकेज मिला और विकास कार्यों में कभी विराम नहीं लगा। उन्होने कहा कि इसके बाद यूपीए की दस वर्षों तक केंद्र में सरकार रही तो हिमाचल को छोटा राज्य बोलकर न केवल विकास में भेदभाव हुआ बल्कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने के बाबजूद यहां के प्रमुख नेताओं को दिल्ली में मिलने तक का समय नहीं दिया जाता था। तत्कालीन मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह के साथ ऐसा कई बार हुआ है। यही नहीं उनके कार्यकाल में केवल एक बार प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह हिमाचल आए और वो भी केवल चुनावी जनसभा करने जबकि दूसरी ओर 2014 के बाद जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने हैं उन्होंने हिमाचल को अपना घर बताकर विकास में कोई नहीं आने दी।जय राम ने कहा कि मोदी ने न केवल अटल टनल रोहतांग का रिकार्ड समय में निर्माण पूरा करवाकर कबायली जिला लाहौल स्पीति को देश से 12 महीने यातायात से जोड़ने का नया कीर्तिमान स्थापित किया है



**यात्रियों को राहत**

अपेक्षित वृद्धि को प्रबंधित करने के लिए भारतीय रेलवे इस सीजन के दौरान रिकॉर्ड 9111 फेरों का संचालन कर रही

## गर्मियों के मौसम में रिकॉर्ड 9,111 अतिरिक्त फेरे लगा रही हैं ट्रेनः मंत्रालय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** रेल मंत्रालय के अनुसार, यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने और गर्मियों के दौरान यात्रा की मांग में अपेक्षित वृद्धि को प्रबंधित करने के लिए भारतीय रेलवे इस सीजन के दौरान रिकॉर्ड 9111 फेरों का संचालन कर रही है। यह 2023 की गर्मियों की तुलना में पर्याप्त वृद्धि दशार्ता है, जहां कुल 6369 फेरों की पेशकश की गई थीं। यह 2742 फेरों की वृद्धि दशार्ता है, जो यात्रियों की मांगों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के प्रति भारतीय रेल की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। प्रमुख रेल मार्गों पर निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए देश भर के प्रमुख गंतव्यों को जोड़ने के लिए अतिरिक्त ट्रेनों की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई है। समस्तर जोनल रेल द्वारा देश भर में गर्मियों के मौसम में तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली जैसे राज्यों से यात्रियों की भीड़भाड़ को कम करने के लिए इन अतिरिक्त फेरों को संचालित करने की तैयारी कर ली गई है। 16 जोनल रेलवे में कुल 9111 फेरे अधिसूचित हैं। इनमें मध्य रेलवे 488, पूर्वी रेलवे 254, पूर्व मध्य रेलवे 1003, पूर्वी तट रेलवे 102, उत्तर मध्य रेलवे 142, पूर्वोत्तर रेलवे 244, प्रूवोत्तर सीमा रेलवे 88, उत्तर रेलवे 778, उत्तर पश्चिम रेलवे 1623, दक्षिण मध्य रेलवे 1012, दक्षिण पूर्व रेलवे 276, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे 12, दक्षिण पश्चिम रेलवे 810, दक्षिणी रेलवे 239, पश्चिम मध्य रेलवे 162 और पश्चिमी रेलवे 1878 अधिसूचित फेरे हैं। अतिरिक्त ट्रेनों की योजना बनाना और संचालित करना एक सतत प्रक्रिया है जिसके लिए किसी मार्ग विशेष पर चलने वाली रेलगाड़ियों की मांग का आकलन करने के लिए पीआरएस प्रणाली में प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों के विवरण के अलावा मीडिया रिपोर्ट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, रेलवे इंटीग्रेटेड हेल्पलाइन नंबर 139 जैसे सभी संचार चैनलों से 2477 इनपुट लिए जाते हैं।



**बढ़ावा**

8 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, इंटीग्रेटेड हेल्पलाइन नंबर 139 जैसे सभी संचार चैनलों से 2477 इनपुट लिए जाते हैं

# पति-पत्नी के सहकर्मियों से अपमानजनक शिकायतें करना क्रूरता के बराबर: हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने मानसिक यातना और पीड़ा सहने पर पति के पक्ष में तलाक का आदेश देते हुए कहा कि पेशेवर प्रतिष्ठा और वित्तीय भलाई को नुकसान पहुंचाने के इरादे से पति या पत्नी के कार्यालय में अधिकारी (नियोक्ता) से एक दूसरे के खिलाफ अपमानजनक शिकायतें करना क्रूरता के बराबर है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि ऐसी शिकायतें करना आपसी सम्मान और सद्भावना की कमी को दर्शाता है, जो एक स्वस्थ विवाह के लिए महत्वपूर्ण है। अपीलकर्ता पति ने उसे तलाक देने से इनकार करने वाले पारिवारिक अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए कहा कि उसने रिश्ते में गंभीर मानसिक यातना और पीड़ा सहन की है। उसने आरोप लगाया कि पत्नी ने सहकर्मियों के सामने उन्हें शर्मिंदगी और अपमानित करने के इरादे से उनके नियोक्ता को शिकायतें भेजीं। पीठ ने कहा ऐसी शिकायतें पार्टियों के अलग होने के बाद की गई थीं, किसी भी तरह से पति-पत्नी को क्रूरता करने के अपराध से मुक्त नहीं किया जा सकता है।





**2011 में हुई थी शादी:** दोनों पक्षों के बीच जनवरी 2011 में हिंदू रीति-रिवाजों और समारोहों के अनुसार विवाह संपन्न हुआ और दोनों पक्ष सितंबर 2011 से अलग-अलग रह रहे थे। अदालत ने पति के इस आरोप पर भी गौर किया कि पत्नी ने अपने ससुर के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए एक संदेश भेजा था। अदालत ने कहा कि पत्नी के आचरण से अपरिहार्य निष्कर्ष निकलता है कि उसके व्यवहार ने पति के मन में गंभीर चिंता पैदा कर दी, जिससे उसकी मानसिक शांति भंग हो गई और दोनों पक्षों के लिए अपने वैवाहिक संबंध को बनाए रखना अस्थिर हो गया।

**अस्थिरता**

8 पीठ ने कहा ऐसी घटनाएं वैवाहिक संबंधों में तनाव और अस्थिरता का माहौल पैदा करती हैं

पीठ ने कहा ऐसी घटनाएं वैवाहिक संबंधों में तनाव और अस्थिरता का माहौल पैदा करती हैं, जिससे दोनों पक्षों को भावनात्मक नुकसान होता है। अदालत ने कहा कि पत्नी द्वारा वैवाहिक अधिकारों की बहाली के लिए याचिका दायर करना और फिर उस पर अमल नहीं करना तलाक की कार्यवाही में देरी करने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास था। जिससे अपीलकर्ता पति को और अधिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा।

# आबकारी घोटाले में बोइनपल्ली को मिली राहत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित कारोबारी अभिषेक बोइनपल्ली को दी गई अंतरिम जमानत की अवधि गुरुवार को आठ मई तक बढ़ा दी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने हैदराबाद के कारोबारी बोइनपल्ली की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल के अनुरोध पर राहत बढ़ाई। सिब्बल ने कहा कि उनके मुवक्किल को प्रदान की गई पांच सप्ताह की अंतरिम जमानत समाप्त हो रही है, जबकि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी मुख्य याचिका पर मई में सुनवाई होगी।

**'पांच सप्ताह की मिली थी अंतरिम जमानत':** शीर्ष कोर्ट ने बोइनपल्ली को विभिन्न बीमारियों से जूझ रहीं उनकी पत्नी की हालत के कारण 20 मार्च को पांच सप्ताह की अंतरिम जमानत दी थी। शीर्ष कोर्ट ने राहत प्रदान करते हुए कहा था कि कारोबारी 18 महीने से हिरासत में है। अदालत ने बोइनपल्ली से अपना पासपोर्ट सौंपने को कहा था और निर्देश दिया था कि वह अपने गृहनगर हैदराबाद की यात्रा के अलावा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से अन्यत्र कहीं नहीं जाएंगे। बोइनपल्ली ने दिल्ली हाई कोर्ट के तीन जुलाई, 2023 के आदेश को चुनौती दी है। हाई कोर्ट ने नौ अक्टूबर, 2022 को उनकी गिरफ्तारी की वैधता पर सवाल उठाने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी।

# मतदाता असली है या फर्जी दो रुपये में चलेगा पता

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर लोकसभा में दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को करीब 26 लाख 75 हजार मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। मतदान के दिन मतदान केंद्र पर अक्सर फर्जी मतदाता की शिकायतें पोलिंग एजेंट से लेकर अन्य लोग करते हैं। चुनाव आयोग ने मतदान के दिन फर्जी मतदाता पहचानने के लिए गाइडलाइन जारी की हैं। इसमें व्यवस्था की गई है कि किसी भी प्रत्याशी का एजेंट फर्जी मतदाता का पता लगाने के लिए दो रुपये की रसीद कटवाकर उसे चैलेंज कर सकता है। दो रुपये खर्च करने पर पता चल जाएगा कि मतदाता असली है या फर्जी। फर्जी मतदाता का दावा करने वाले पोलिंग एजेंट व अन्य लोग को पीठासीन अधिकारी से संपर्क करना होगा। पीठासीन अधिकारी मतदाता से उसका नाम, पिता का नाम, पता, घर में कितने वोटर हैं आदि कई बिंदुओं के बारे में पूछताछ करेगा। संतुष्टि न होने पर वह सच और झूठ की पहचान करने के लिए क्षेत्र के पार्षद या प्रधान को बुलाकर मतदाता के बारे में गवाही लेगा।


**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110055 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. सं. | निविदा सं. | विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 93245724 | उपग्रह आधारित मोबाइल डीटीएच की आपूर्ति एवं स्थापना ऑटो ट्रैकिंग एंटीना (ट्रूसैट 500 या एलबार 1500 या समान हाइब्रिड चरणबद्ध ऐरे एंटीना) शोर एब्सोर्शन एंटीना बेस और पावर सप्लाई सिस्टम के साथ और एक साल की सदस्यता के साथ डीटीएच सेट टॉपबॉक्स के साथ। सैटेलाइट आधारित मोबाइल डीटीएच (ए) सैटेलाइट आधारित मोबाइल डीटीएच ऑटो ट्रैकिंग एंटीना (ट्रूसैट 500 या एलबार 1500 या समान हाइब्रिड चरणबद्ध ऐरे एंटीना) के लिए विस्तृत विनिर्देश (बी) सैटेलाइट आधारित मोबाइल डीटीएच ऑटो ट्रैकिंग एंटीना के लिए शॉकएब्जॉर्पशन सिस्टम के साथ एंटीना बेस। (सी) बिजली आपूर्ति प्रणाली रेटिंग 12वोल्ट/15 एम्पा (लीनवेल मेक या समान) (डी) एक साल की सदस्यता के साथ सेट टॉप बॉक्स (डीटीएच) संलग्न तकनीकी विशिष्टता के अनुसार, गैर संपर्क लेजर स्कैनिंग आधारित व्हील प्रोफाइल माप प्रणाली। | 06 नग | 14.05.2024 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं0 93245724 दिनांक 16.04.2024 1169/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

क) स्टॉल: हजरत निज़ामुद्दीन, समालखा, सोनीपत और गन्नौर स्टेशनों पर।

ख) ट्राली : जींद, जाखल, नरवाना, टोहाना, मनसा, बादली, पालम, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, पतरापुर, देवबंद, टपरी और जुलाना स्टेशनों पर।

- मेरठ कैंट, सब्जी मंडी, बहादुरगढ़ और पलवल स्टेशन पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1,2 और 3 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 4 (पालम और गन्नौर), NSG 5 (जींद, जाखल, नरवाना, टोहाना, मनसा, टपरी, जुलाना, समालखा, बादली, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, देवबंद और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (पतरापुर) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित है:-

क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य /केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।

ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड) /राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित /पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।

ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।

घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।

ङ.) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।

- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नही की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 26.04.2024, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्या 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023. पर उपलब्ध है।
- इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनो के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है। 1160/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | (1) टी0टी0आर0 (टी0डब्ल्यू0एस0+डब्ल्यू0पी0एस0/सी0डी0) बी0एस0आई-बी0टी0आई सेक्शन पर सीनियर डी0ई0एन0-IV के सेक्शन में पीएसपी स्लीपर्स पर पॉइंट्स और क्रॉसिंग का पूरा नवीनीकरण हेतु कार्य (निविदा संख्या 01-W-IV-24-25) (2) सहायक मंडल अभियंता जींद के अधीन जींद पानीपत खंड पर जींद में देवीलाल चौक के पास 3/6-4 किमी पर पैदल यात्रियों के लिए छत सहित एल0एच0एस0 का निर्माण हेतु कार्य। (निविदा संख्या 03-W-IV-24-25) |
| 2. | अनुमानित लागत | (1) Rs. 3,48,64,286.60 (2) Rs. 3,56,74,857.06 |
| 3. | धरोहर राशि | (1) Rs. 3,24,300.00 (2) Rs. 3,28,400.00 |
| 4. | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई-निविदा भरने का समय कार्य 26.04.2024 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 10.05.2024 को 15.00 बजे |
| 5. | निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र संख्या 128-डब्ल्यू/260/निविदा सूचना/NIT 01&03-डब्ल्यू-4-24-25 दिनांक:- 16.04.2024 1172/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना

प्रशासनिक कारण के कारण एन आई टी संख्या 1-डब्ल्यू-उ.मु.अभि.-टी.एम.सी.-अ.-यू.टी.वी.-01-24-25 को रद्द कर दिया गया है। जिसे 07.05.2024 को खोला जाना है। काम के नाम और विवरण नीचे दिये गए है:-

1. उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./अ., उत्तर रेलवे, स्टोर एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के अधीन टीएमएसडी केकेडीई, एलकेओ और टीकेडी में यूटीवी 2001, 2002, 2004, 3081 और 10072 ट्रैक मशीनों का पीओएच। 2. काम की अनुमानित लागत : रुपये 2,36,90,309.88 सं.: 1-डब्ल्यू-उ.मु.अभि.-टी.एम.सी.-अ.-यू.टी.वी.-01-24-25 दिनांक: 19.04.2024 1177/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110055 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 93245708 | संलग्न तकनीकी विशिष्टता के अनुसार, गैर संपर्क लेजर स्कैनिंग आधारित व्हील प्रोफाइल माप प्रणाली। | 01 नग | 14.05.2024 |
| | | संलग्न तकनीकी विशिष्टता के अनुसार गैर संपर्क लेजर स्कैनिंग आधारित व्हील प्रोफाइल माप प्रणाली। बनाएं:- नेक्स्ट सेंस कैलिपर प्राइम या समतुल्य, संलग्न परिशिष्ट 'ए'। | 02 नग | 14.05.2024 |

निविदा शर्तें-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं. 93245708 दिनांक 16.04.2024 1170/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई- निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 16233634C | टैपरड रोलर बेयरिंग | 153 सेट | 14-05-24 |
| 02 | 16240382 | पार्किंग ब्रेक सिलिंडर | 230 नग | 16-05-24 |
| 03 | 08245128 | प्रोक्योरमेंट ऑफ बी पी ए सी | 82 सेट | 21-05-24 |

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं0 05/2024-2025 दिनांक : 19.04.2024 1175/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**भारतीय रेल**

भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय MINISTRY OF RAILWAYS
(रेलवे बोर्ड) RAILWAY BOARD

सं. 2018/ट्रैक-1 (पी)/आरएसपी-ईयूआर/वॉल.-1 दिनांक: 18.04.2024

विषय: लॉन्ग रेल एक्सचेंज (अनलोडिंग एवं लोडिंग) सिस्टम और 05 (पांच) वर्ष के लिए इसकी वार्षिक अनुरक्षण संविदा (भारतीय रेल द्वारा मौजूदा ईयूआर उपलब्ध कराए जाने हैं) की आपूर्ति हेतु ई-निविदा सं. टीकेपी-1-2024.

1. भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से "लॉन्ग रेल एक्सचेंज (अनलोडिंग एवं लोडिंग) सिस्टम और 05 (पांच) वर्ष के लिए इसकी वार्षिक अनुरक्षण संविदा (भारतीय रेल द्वारा मौजूदा ईयूआर उपलब्ध कराए जाने हैं)" की आपूर्ति के लिए ई-निविदा सूचना सं. टीकेपी-1-2024 हेतु इलेक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।

2. इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई-बोलियां जमा कराने के लिए http://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1162/24



**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका **नाम:** नामालूम **पुत्र** नामालूम **निवासी** नामालूम, **उम्र:** लगभग 58 साल, **कद** : 5'6", **रंग** : सांवला, **चेहरा** : अण्डाकार, **शरीर** : पतला, **बाल** : सफेद और सफेद दाढ़ी है, **कपड़े** : बैंगनी रंग की जैकेट और काले रंग की जीन्स पहने हुए है, जो दिनांक 13.04.2024 को गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के निकट, बाहरी रिंग रोड, आईटीओ से आईएसबीटी की तरफ जाने वाले रोड, दरियागंज, दिल्ली में हुए सड़क दुर्घटना के बाद घायल अवस्था में पाया गया था। जिसे एलएनजेपी अस्पताल, दिल्ली में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टर ने इसे दिनांक 18.04.2024 को मृत घोषित कर दिया। इस संदर्भ में प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 151/24 दिनांक 13.04.2024 धारा 279/337 भा.द.स. और डीडी संख्या 56ए दिनांक 18.04.2024 थाना दरियागंज, दिल्ली में दर्ज है। इसके शव को 72 घंटों के लिए एमएएमसी, दिल्ली के मुर्दाघर में सुरक्षित रखा गया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें-

थानाध्यक्ष :
थाना दरियागंज, दिल्ली
मध्य जिला, दिल्ली
दूरभाष सं. 011-23274683, 23279331, 875087042, 8285906093

DP/4609/CD/2024



**उत्तर रेलवे**

ई-निविदा सूचना

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा-135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित करता है:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | एलएचबी के पुराने दरवाजों की मरम्मत/प्रतिस्थापन (कंडीशन बेस पर), ताले, एचटी कंपार्टमेंट की सीलिंग और एलएचबी एसी सवारी डिब्बों में सफाई का काम। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 08.05.2024 11:30 बजे। | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 17.04.2024 12:30 बजे |
| पूर्व-बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री-बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रु. 91,28,804.74/- सभी कर जीएसटी आदि सहित। | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप। |
| अग्रिम धन | रु. 1,82,600/- | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | Nil अप्रैल 2022 के भाग-I खंड संख्या 3 के अनुसार] | समापन की अवधि | 365 दिन |
| बोली आरंभ तिथि | 24.04.2024 | बोली समाप्ति तिथि | 08.05.2024 11:30 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

56-डब्ल्यू-इलेक्ट-23-24-टी-15-एलएचबी 1166/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

पुनः निविदा सूचना - ई - टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई - प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| क्र | निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32-W-BR-222A-36-DLI Dt. 19.04.2024 | सहायक अधि. अभि. पुल/तिलक ब्रिज के क्षेत्राधिकार में मुरादाबाद-गाजियाबाद खंड के पुल संख्या 222-ए गर्डर के गर्डर की टॉप फ्लैंज व प्लेट को बदलना एवं गाजियाबाद-सहारनपुर खंड के पुल संख्या 36 रेल और क्रॉस गर्डर का सुदृढ़ीकरण, कॉर्स गर्डर के वेब पर स्क्रीन प्रदान करने का कार्य। | ₹ 1,37,30,825.73 | ₹ 2,18,700/- | 6 (छः) महीने | दिनांक 13.05.2024 को 15.00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15.00 बजे के पश्चात |

नोट: उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्यवस्था को देख व डाउनलोड किया जा सकता है। 1176/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राइवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## Change of Name

I Chaitanya S/o Ashwani Kumar R/o 2187, First Floor, Sector-13 HUDA, Bhiwani, Haryana-127021, have changed my name to Chaitanya Kathuria.

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# 'आम आदमी आम नहीं तो क्या मशरूम खाएगा?'

## सीएम अरविंद केजरीवाल की डाइट पर कोर्ट में वकीलों ने दी दलीलें, सोमवार तक फैसला सुरक्षित

**सुनवाई**

8 स्पेशल जज ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद कहा कि वह इस पर फैसला 22 अप्रैल को सुनाएगी






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉड्रिंग** मामले में जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जेल के अंदर इंसुलिन देने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने केजरीवाल की अर्जी पर फैसला सोमवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद कहा कि वह इस पर फैसला 22 अप्रैल को सुनाएगी। हालांकि इस दौरान उन्होंने तिहाड़ जेल और ईडी को कल इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट पेश करने को कहा। इससे पहले, केजरीवाल के अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट को बताया कि केजरीवाल की नए आवेदन की कॉपी ईडी को मुहैया करा दी गई है।

**22 वर्षों से मधुमेह से पीड़ित हैं केजरीवाल:** सिंघवी ने तर्क दिया कि उनका मुवक्किल 22 वर्षों से मधुमेह से पीड़ित है, जिसके लिए उसे प्रतिदिन इंसुलिन की आवश्यकता होती है। उनकी गिरफ्तारी 21 मार्च को हुई है।? उसके बाद, यह सामान्य आधार है जिसका वो पालन करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि मेरा मुवक्किल बार-बार कह रहा है कि उनका डॉक्टर शुगर लेवल की निगरानी कर सकता है, इसकी लगातार निगरानी होनी चाहिए। सिंघवी ने केजरीवाल के शुगर लेवल की निगरानी करने वाले चार्ट का हवाला दिया।

**सिर्फ तीन बार आम केजरीवाल को भेजे गए: सिंघवी**
सिंघवी ने ईडी के आम खाने वाले बयान पर कहा कि केजरीवाल को जेल में सिर्फ तीन बार आम भेजे गए। आठ अप्रैल के बाद कोई आम नहीं भेजा गया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने चाय के साथ चीनी का इस्तेमाल किया। उन्होंने अपनी चाय में शुगर फ्री का इस्तेमाल किया, क्योंकि वो मधुमेह रोगी हूं। ईडी ने आलू-पूरी खाने का आरोप लगाया। सिंघवी ने कहा ये सरासर गलत आरोप है। 48 बार भेजे गए भोजनों में केवल एक बार केजरीवाल ने नवरात्र प्रसाद के रूप में आलू पूरी खाई।

**एक कैदी के रूप में स्वास्थ्य का अधिकार नहीं: सिंघवी**
सिंघवी ने कहा कि मैं अदालत से जेल अधीक्षक को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देने का अनुरोध कर रहा हूं कि पर्याप्त उपचार उपलब्ध कराया जाए। इसका मतलब यह नहीं है कि मैं एक कैदी हूं, मुझे स्वास्थ्य का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि क्या मेरा मुवक्किल गैंगस्टर है? क्या वह कट्टर अपराधी है कि उन्हें अपने डॉक्टर के साथ रोजाना 15 मिनट की वीसी नहीं मिल सकती। केजरीवाल के एक अन्य वकील रमेश गुप्ता ने कहा कि मैं पहली बार देख रहा हूं? कि जेल अधिकारियों की तरफ से भी विशेष अधिवक्ता उपस्थित हैं। आम आदमी ही आम खा रहा है। ?आम आदमी आम नहीं खाएगा तो क्या मशरूम खाएगा?

### डॉक्टरों ने कई चीजें खाने से मना किया: ईडी

**ईडी** की तरफ से पेश वकील जोहेब हुसैन ने कहा कि केजरीवाल के लिए निर्धारित आहार देखें। इसमें किसी मिठाई या फल या मीठी वस्तु का कोई संदर्भ नहीं है। इसी आधार पर यह प्रस्तुतिकरण किया गया है। उस सीमित प्रस्तुतिकरण पर रिपोर्ट मंगाई गई। आप एक बार अपने डॉक्टर द्वारा निर्धारित आहार देखें। देखकर ही समझ आता है कि इसमें बहुत सी चीजें प्रतिबंधित हैं।

**मेडिकल बोर्ड को जांच करने दीजिए: ईडी:** हुसैन ने कहा कि प्रिस्क्रिप्शन के आधार पर अब कुछ वर्षों से केजरीवाल का इंसुलिन लेना बंद हो गया है। जब केजरीवाल डॉक्टर से मिले तो उन्होंने खुद यह बात कही। इस पर सिंघवी ने कहा– नहीं, नहीं। फरवरी 2024 में आखिरी बार ली थी?। तब ईडी ने कहा– क्या मैं एक सुझाव दे सकता हूं? न तो सिंघवी और न ही मैं विशेषज्ञ हैं। एम्स के डॉक्टरों को विचार करने दीजिए। याचिकाकर्ता कैसे विचार कर सकता है? एक मेडिकल बोर्ड को जांच करने दीजिए कि केजरीवाल को किस चीज की जरूरत है।

### कानूनी मुलाकातों का हुआ दुरुपयोग: ईडी

सिंघवी ने कहा– स्वास्थ्य मेरा अधिकार है। मैं 15 मिनट की वीसी मांग रहा हूं। मैं मेडिकल जमानत या अस्पताल में इलाज की मांग नहीं कर रहा हूं। इस पर ईडी ने कहा कि कानूनी मुलाकातों का पहले भी दुरुपयोग किया गया है। मुझे समझ नहीं आता कि वो स्वतंत्र जांच के लिए क्यों कतरा रहे हैं? वे ऐसी रिपोर्टें तैयार कर रहे हैं जो विशेषज्ञों की राय के अनुरूप नहीं हैं। कोई भी डॉक्टर इन खाद्य पदार्थों का सेवन करने के लिए नहीं कहेगा। कोई विशेष उपचार तब तक नहीं दिया जाना चाहिए, जब तक यह न दिखाया जाए कि जेल के अंदर उपचार नहीं दिया जा रहा है।

# 'सीएम केजरीवाल के स्वास्थ्य के संबंध में ढिलाई बर्दाश्त नहीं'



**रिपोर्ट तलब**

8 एलजी ने इस पूरे मामले पर तिहाड़ के महानिदेशक से 24 घंटों में विस्तृत तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: सीएम** अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल में इंसुलिन नही दिए जाने संबंधी आम आदमी पार्टी (आप) नेताओं व मंत्रियों के बयानों पर एलजी वीके सक्सेना ने चिंता जाहिर की है। एलजी ने इस पूरे मामले पर तिहाड़ के महानिदेशक से 24 घंटों में विस्तृत तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है। एलजी ने देर रात एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीएम को जेल में इंसुलिन नहीं दिए जाने संबंधी आप मंत्रियों व आप नेताओं के बयानों पर आधारित रिपोर्ट गंभीर चिंताजनक है। इनमें आप नेताओं व मंत्रियों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन उपलब्ध न कराने और उनके खिलाफ कथित साजिश का आरोप लगाया गया है।

**सीएम के स्वास्थ्य के संबंध में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं:** एलजी ने आगे कहा कि हालांकि जेल एक हस्तांतरित विषय के रूप में सीधे और पूरी तरह से आप सरकार के अंतर्गत आता है, फिर भी उन्होंने आश्वासन दिया है कि सीएम के स्वास्थ्य के संबंध में कोई भी ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यहां बता दें कि इससे पहले आप नेताओं ने एक प्रेसवार्ता कर कहा था कि भाजपा द्वारा केजरीवाल के खिलाफ बहुत बड़ा षड्यंत्र रचा जा रहा है। ये मुख्यमंत्री की जान लेने का षड्यंत्र है। वह एक लोकप्रिय मुख्यमंत्री है, जिन्हें भाजपा दिल्ली में चुनावों में हरा नहीं पाती है। इसलिए उन्हें जेल में बंद करके उनकी जान लेने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।

# सीएम केजरीवाल की बीमारी का उड़ाया जा रहा मजाक: सांसद संजय सिंह



**आरोप**

8 भाजपा राजनीति के न्यूनतम पायदान पर पहुंच गई है। मुख्यमंत्री की बीमारी का मजाक उड़ाया जा रहा है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में बंद दिल्ली के सीएम के स्वास्थ्य को लेकर राजधानी के राजनीतिक गलियारों में गुरुवार से ही आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। यह दौर शुक्रवार को भी जारी है। सुबह भी आम आदमी पार्टी की ओर से सांसद संजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा, एलजी और तिहाड़ प्रशासन पर कई आरोप लगाए हैं। आप नेता संजय सिंह ने कहा कि भाजपा राजनीति के न्यूनतम पायदान पर पहुंच गई है। कल से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की बीमारी का मजाक उड़ाया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि क्या भाजपा के नेताओं को शुगर की परेशानी नहीं है। उनसे पूछें कि इस बीमारी से उन्हें कैसे-कैसे जूझना पड़ता है। भाजपा के लोग सीएम का मजाक बनाना बंद करें संजय सिंह ने आगे सवाल किया कि जिसे शुगर हो जाता है उसे बहुत सी समस्याएं हो जाती हैं। भाजपा के लोग इस तरह की राजनीति नहीं करें, सीएम केजरीवाल का मजाक बनाना बंद करें।

# पुलिस ने दो ऑटो लिफ्टर को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मोटरसाइकिल को आसानी से खोलकर उसे चोरी करने वाले दो शातिर ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 14 चोरी की मोटरसाइकिल और स्कूटी बरामद की गई है। साथ ही चार मास्टर चाबी भी जब्त की गई है। जिससे यह पार्किंग में खड़ी मोटरसाइकिल या स्कूटी को आसानी से चोरी करके फरार हो जाते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपित पहले से कई मामलों में शामिल रहे हैं। जिसमें हत्या के प्रयास, लूट, स्नैचिंग, चोरी आर्म्स एक्ट और एक्साइज के मामले शामिल हैं। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी डॉ जॉय तिर्की ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सिद्धांत उर्फ सिद्धू, विजय उर्फ विक्की के रूप में हुई है। यह दोनों ही मंडोली और करावल नगर के रहने वाले हैं। जबकि इनके तीसरे साथी की पहचान शुभम के रूप में हुई है, यह भी करावल नगर के शिव विहार का रहने वाला है। पुलिस शुभम की तलाश कर रही है। पुलिस ने कुल 11 मोटरसाइकिल और तीन स्कूटी इनसे बरामद की है। जो दिल्ली एनसीआर के अलग-अलग थाना इलाकों से इन्होंने चुराया था।

# सीएम ने दो दिन खाया जेल में बना नाश्ता

**रिपोर्ट**

8 सूत्रों के अनुसार पहले कोर्ट ने केवल इनके दिन व रात का खाना घर से मंगाने की अनुमति दी थी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आबकारी नीति घोटाले मामले में तिहाड़ जेल में बंद प्रदेश के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अभी तक केवल दो दिन जेल का नाश्ता खाया है। इसके बाद से इनके खानपान से जुड़ी तमाम चीजें इनके घर से मंगाई जा रही हैं। तिहाड़ जेल प्रशासन के सूत्रों के अनुसार पहले कोर्ट ने केवल इनके दिन व रात का खाना घर से मंगाने की अनुमति दी थी, लेकिन बाद में इन्हें नाश्ता भी घर से मंगाने की भी अनुमति मिल गई।

**दवाइयां भी आती हैं घर से:** जेल सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री के लिए दिन व रात का खाना, नाश्ता, पानी सभी चीजें उनके घर से लाई जाती हैं। यहां तक कि उनके लिए इंसुलिन सहित तमाम दवाइयां भी घर से ही लाई जाती हैं। मधुमेह की जांच से जुड़ी एक मशीन भी उनकी अपनी है। जेल के चिकित्सकों के जिम्मे उनके स्वास्थ्य की जांच है। जब जेल के चिकित्सक स्वास्थ्य की जांच करते हैं, तब वे जेल के पास उपलब्ध उपकरणों का इस्तेमाल करते हैं। बता दें कि जेल नियमावली के अनुसार प्रत्येक कैदी के लिए खानपान का इंतजाम जेल प्रशासन की ओर से किया जाता है। सभी कैदियों के लिए एकसमान भोजन की यहां व्यवस्था होती है। प्रत्येक जेल की अपनी रसोई होती है। लेकिन यदि किसी कैदी को स्वास्थ्य से जुड़ी कोई परेशानी है तो विशेष परिस्थितियों में उसके लिए चिकित्सीय सलाह के अनुसार उसके लिए अलग खानपान की व्यवस्था जेल प्रशासन करता है। उसकी डाइट चिकित्सक की सलाह के अनुसार तय होती है।

**एक अप्रैल से मुख्यमंत्री तिहाड़ में हैं बंद:** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल न्यायिक हिरासत के तहत एक अप्रैल से ही तिहाड़ जेल संख्या एक में बंद हैं।

# डीयू में पोस्ट ग्रेजुएट दाखिले के लिए पंजीकरण 25 अप्रैल से



**अवगत कराया**


8 डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने शुक्रवार को एक पत्रकार वार्ता में दाखिलों को लेकर जानकारी दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) दाखिले के लिए पंजीकरण 25 अप्रैल से शुरू होगा। 25 मई तक विद्यार्थी दाखिले के लिए पंजीकरण कर सकेंगे। डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने शुक्रवार को एक पत्रकार वार्ता में दाखिलों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में पंजीकरण के लिए 25 अप्रैल से पोर्टल खुलेगा। 25 मई तक विद्यार्थी दाखिले के लिए पंजीकरण कर सकेंगे। इसके बाद दाखिले का दूसरा चरण शुरू होगा। उन्होंने बताया कि सीयूईटी (यूजी) प्रक्रिया पूरी होने के बाद यूजी के दाखिले मई माह के मध्य तक घोषित किए जाएंगे। डीन एडमिशन प्रो. हनीत गांधी ने वर्ष 2024-25 के लिए दाखिलों पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष पोस्ट ग्रेजुएट के लिए (एनसीवेब सहित) कुल 13,500 सीटों, बीटेक के लिए 120 प्रत्येक तथा बीए एलएलबी और बीबीए एलएलबी के लिए प्रत्येक में 60 सीटों पर दाखिले किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पीजी दाखिलों में इस बार एमए हिन्दू स्टडीज, एमए पब्लिक हेल्थ, एमए चाइनीज स्टडीज, एमए कोरियन स्टडीज और मास्टर इन फाइन आर्ट्स भी शामिल किए गए हैं। यूपीएससी के ताजा घोषित परिणामों में डीयू के पूर्व विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने खुशी जताते हुए कहा कि इस बार टॉप 5 में दो कैंडिडेट डीयू से हैं। रोचक बात यह है कि टॉप 5 में कुल दो महिला कैंडिडेट हैं और ये दोनों डीयू के मिरांडा हाउस और सेंट स्टीफन कॉलेज की छात्राएं रही हैं।

# सीएम अरविंद केजरीवाल को जान से मारने की साजिश: आतिशी

**गंभीर आरोप**

8 इंसुलिन देने के लिए कोर्ट में याचिका दायर की। इस याचिका के विरोध में दो वकील आए



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सीएम अरविंद केजरीवाल को जेल में इंसुलिन न दिए जाने को लेकर आप ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला। अरविंद केजरीवाल ने इस संबंध में कोर्ट में याचिका भी दायर की थी, जिस पर राऊज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है और इसपर सोमवार को फैसला आएगा। वहीं दिल्ली की मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाया है। आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने इंसुलिन देने के लिए कोर्ट में याचिका दायर की। इस याचिका के विरोध में दो वकील आए। यह वकील हैं योगेंद्र हांडू और बानी दीक्षित। ये दोनों वकील जेल प्रशासन की तरफ से कोर्ट में पेश हुए। ये दोनों वकील एलजी कार्यालय के स्पेशल काउंसिल हैं। इससे साबित होता है कि इस साजिश में एलजी कार्यालय भी शामिल है।

**पीएम मोदी अंग्रेजों की तरह क्रूरता कर रहे: आतिशी**
उन्होंने कहा कि जैसे आजादी से पहले अंग्रेज जेल में भगत सिंह के साथ क्रूरता करते थे, वैसे ही आज नरेंद्र मोदी की बीजेपी सरकार अपने विरोधी नेताओं के साथ कर रही है। बीजेपी और नरेंद्र मोदी सरकार का राजनैतिक हथियार ईडी है। ईडी का काम मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच करना होता है। यहां ईडी अरविंद केजरीवाल के खाने पर सवाल उठा रही है। क्या उनके खाने में पैसे छुपाए हुए थे? 'जेल प्रशासन ने निजी जानकारी ईडी को क्यों दी?'
आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल कोर्ट की हिरासत में हैं तो जेल प्रशासन ने किस नियम के तहत उनकी निजी जानकारी ईडी को दी? आजाद भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब जेल में किसी को दवा लेने से रोका जा रहा है। यह कोई हत्यारा या अपराधी नहीं बल्कि दिल्ली की जनता के चुने हुए मुख्यमंत्री हैं।

# युवक को बदमाशों ने मारी गोली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जहांगीरपुरी थाना इलाके में सरेआम एक युवक पर गोली चलाने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक दो बदमाशों ने युवक पर गोली चली दी। इस फायरिंग में आर्यन नाम के लड़के को गोली लगी जिसे नजदीकी बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे डॉक्टरों ने एलएनजेपी अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर केस दर्ज कर लिया है। घटना बीती शाम की है।

# परिवार पर दबाव न बनाए नेता: आप पार्षद विजय कुमार



**दबाव**

8 मेरा निजी फैसला है। मैं आपसे विनती करता हूं। निवेदन करता हूं राजनीति से मेरे परिवार को ना जोड़ें

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** महापौर और उप महापौर चुनाव को लेकर आप में चल रही बगावत शांत नहीं हो रही है। पहले पूर्वी दिल्ली के त्रिलोकपुरी से पार्षद विजय कुमार ने उप महापौर पद पर नामांकन किया। फिर शाम को एक्स पर पोस्ट कर आम आदमी पार्टी में ही होने का दावा किया। अब उन्होंने एक नई पोस्ट में आप नेताओं पर उनके परिवार पर दबाव लगाने का आरोप लगाया है। विजय कुमार ने एक्स पर किए पोस्ट में लिखा है कि ये मेरा निजी फैसला है। मैं आपसे विनती करता हूं। निवेदन करता हूं राजनीति से मेरे परिवार को ना जोड़ें। जनता की सेवा करना/राजनीति करना मेरा काम है। मेरे घर के द्वार आपके लिए हमेशा खुले हैं। आप कभी भी आ सकते हैं, परंतु मैं आपसे पुनः निवेदन करता हूं मेरे परिवार पर किसी भी प्रकार का दबाव न बनाएं।

**आप के बड़े नेताओं को किया ट्वीट में टैग:** उन्होंने इस पोस्ट में आप नेता संजय सिंह, दुर्गेश पाठक, पूर्व विधायक नितिन त्यागी को भी टैग किया है। उल्लेखनीय है कि उप महापौर पद पर आप के दो पार्षदों ने बागी के तौर पर नामांकन किया था। इसमें विजय कुमार और नरेन्द्र कुमार का नाम शामिल था। खास बात यह है कि दोनों पार्षदों के प्रस्तावों में आप पार्षद भी शामिल थे।

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार शख्स की मौत



**दर्दनाक हादसा**

8 ट्रक छोड़कर फरार हुए चालक की पुलिस तलाश कर रही है। ट्रक को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अलीपुर थाना क्षेत्र स्थित हिरणकी रोड पर शुक्रवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जहांगीरपुरी स्थित बाबू जगजीवन राम अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। ट्रक छोड़कर फरार हुए चालक की पुलिस तलाश कर रही है। ट्रक को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। 'जानकारी के मुताबिक 22 वर्षीय दीपक अपने परिवार के साथ ताजपुर गांव में रहते थे। सुबह अपने घर से बाइक पर सवार होकर कहीं जाने के लिए निकला। तभी हिरणकी स्थित कश्मीरी कॉलोनी के पास सामने से आ रहे ट्रक का संतुलन बिगड़ने से दीपक बाइक समेत ट्रक के पिछले चक्के के नीचे आ गया। इससे दीपक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक घटनास्थल पर ही ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

**अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने किया मृत घोषित:** स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना अलीपुर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत युवक को बाबू जगजीवन राम अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मृतक के स्वजन को दी गई। एफएसएल टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। जहां से टीम ने घटनास्थल से कई नमूने लिए हैं। पुलिस अधिकारी के मुताबिक शुरूआती जांच में पता चला कि ट्रक चाल बिल्डिंग मटेरियल लेकर हिरणकी रोड से निकल रहा था। तभी यहां बने दो डिवाइडर के पास ट्रक का संतुलन बिगड़ गया। इससे बाइक सवार इसकी चपेट में आ गया। जिससे इसकी मौत हो गई।

**मामला दर्ज कर आरोपित चालक का पता लगा रही:** पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित चालक का पता लगा रही है। पुलिस ने घटनास्थल से ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं, आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से घटना की जानकारी पुलिस जुटा रही है। ट्रक नंबर से जानकारी निकाल, पुलिस ट्रक मालिक से भी संपर्क करने की कोशिश कर रही है।

# एमसीडी मेयर चुनाव में एक पद से भाजपा ने एक तीर से साधे दो निशाने



**सियासी दांव**

8 महापौर पद के लिए तय हो गया था लेकिन विधायक ने पत्नी पार्षद के साथ अपने भी इस्तीफे की पेशकश कर दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** महापौर चुनाव में लंबी जद्दोजहद के बाद आप और भाजपा दोनों ही अपने-अपने हिसाब से राजनीतिक समीकरण बनाकर प्रत्याशियों की घोषणा की है। जिससे न केवल लोकसभा चुनाव में लाभ लिया जा सके बल्कि आने वाले समय में भी राजनीतिक समीकरण साध सके। यही वजह है कि आप ने पटेल नगर से विधायक और कैबिनेट मंत्री राजुकमार आनंद के इस्तीफे और अनुसूचित जाति विरोधी आरोपों का जवाब उसी के पड़ोस की विधानसभा करोल बाग की देवनगर वार्ड से पार्षद महेश खिच्ची को महापौर पद का प्रत्याशी बना दिया। जबकि पुराने कार्यकर्ता और सक्रियता से अपनी बात रखने वाले रविंद्र भारद्वाज को उप महापौर पद का प्रत्याशी बना दिया। इसी तरह चांदनी चौक और उत्तर-पश्चिमी लोकसभा को साधने के लिए भाजपा ने कृष्ण को महापौर पद का प्रत्याशी बनाया।

**एक पद से साधे दो लोकसभा:** भाजपा ने इस मामले में एक पद से दो लोकसभाओं को इसलिए भी साधा क्योंकि कृष्ण का वार्ड दोनों लोकसभाओं के बीच में है। मूल रूप से यह वार्ड चांदनी चौक विधानसभा का हिस्सा लेकिन वह उत्तर-पश्चिमी दिल्ली लोकसभा से सटे होने के कारण भाजपा इसका लाभ लेना चाहती है। हालांकि इस बीच दोनों दलों की कोशिश अपने-अपने पार्षदों को साधे रखने की भी है। क्योंकि महापौर चुनाव के लिए 26 अप्रैल की तरीख निर्धारित हैं। ऐसे में दोनों दलों अपने पार्षदों को साधे रखने के लिए उनके संपर्क में रहने की कोशिश में जुटे हैं।

**विधायकों के दबदबे से आप पार्षद नाखुश:** महापौर चुनाव को लेकर आप पार्षदों द्वारा बागी के तौर पर नामांकन करने की वजह विधायकों का दबदबा बताया जा रहा है। पार्षद विधायकों के पार्टी में दब-दबे से नाराज है। सूत्र बताते हैं कि दक्षिणी दिल्ली के एक पार्षद का नाम महापौर पद के लिए तय हो गया था लेकिन विधायक ने अपनी पत्नी पार्षद के साथ अपने भी इस्तीफे की पेशकश कर दी। जिससे पार्टी ने दबाव में आकर उस पार्षद को प्रत्याशी बनाने के लिए की चर्चा को खत्म करना पड़ा। फिर दूसरे पार्षदों के नाम पर चर्चा करनी पड़ी।

**महापौर चुनाव में अभी कई मुश्किल हैं:** दिल्ली में महापौर चुनाव होगा या नहीं यह अभी कहा नहीं जा सकता क्योंकि अभी इसमें कई मुश्किल हैं और पेंच फंसा हुआ है। सबसे पहला पेंच चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी चुनने का है। हर वर्ष महापौर चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी उपराज्यपाल द्वारा चुना जाता है। इसमें निवर्तमान महापौर भी पीठासीन अधिकारी हो सकते हैं या फिर कोई अन्य पार्षद। चूंकि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में हैं तो यह फाइल उपराज्यपाल के पास कैसे जाएगी यह बड़ा सवाल है।
क्योंकि यह फाइल निगम से होते हुए दिल्ली सरकार में शहरी विकास सचिव फिर मुख्य सचिव और फिर शहरी विकास मंत्री के बाद सीएम के पास जाती है।

# लोकसभा चुनाव मैदान में भाजपा के उम्मीदवार अकेले ही दंड बैठक मार रहे: मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद: पूर्व** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भाजपा प्रत्याशियों के हो रहे विरोध के सवाल पर कहा कि कुछ लोग सिरफिरे होते हैं, जो अपनी दबंगई चलाते हैं। पहले दबंगई चल जाती थी, अब नहीं चलती है। उन्होंने कहा कि देखने में आया कि विरोध करने वाले दस व्यक्ति होते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के दस साल की सफलता और जो देश को दिशा दी गई है, उसके आधार पर तथा भाजपा के संकल्प पत्र के आधार पर आगे बढ़ेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल शुक्रवार को सोनीपत लोस से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जींद तथा सफीदों कार्यालय में पहुंचे। पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं से चुनाव को लेकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि



लोकसभा चुनाव मैदान में भाजपा के उम्मीदवार अकेले ही दंड बैठक मार रहे हैं। क्योंकि उनके सामने कोई उम्मीदवार चुनावी मैदान में नहीं आया है। कांग्रेस पार्टी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों का हालत यह होने वाली है कि जब वे भंडारे के टैंट में पहुंचेंगे तो उन्हें अंदर पूरी नही मिलेगी। जब वे टैंट से बाहर आएंगें तो उन्हें चप्पलें भी नही मिलेंगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों के उम्मीदवार ना आने का भाजपा के उम्मीदवारों को लाभ

**लोगों के बीच...**

> 8 चुनाव में मजा तब ही आता है जब सामने उम्मीदवार खड़ा हो। कांग्रेस उम्मीदवारों की घोषणा नहीं कर पा रही

पहुंच रहा है। चुनाव में मजा तब ही आता है जब सामने उम्मीदवार खड़ा हो। कांग्रेस पार्टी अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं कर पा रही है। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर तक पहुंच बना चुके हैं। पूर्व सीएम मनोहर लाल कैबिनेट के फर्जी लेटर के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा कि भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार करने वालों की हर तकनीक को फेल किया गया है। मुलजिम को भी पकड़ा गया है। कोई जमाना था जब ऐसा चल जाता था, अब ऐसा नही चलता है। कोई भ्रष्टाचार करने वाला आता है तो उसको पकड़ते हैं। साइबर क्राइम करने वाले बहुत से लोगों को पकड़ा गया है। चुनाव मुद्दों को लेकर उन्होंने कहा कि वे आज तो सिर्फ कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं। दस वर्ष में पीएम नरेंद्र मोदी ने नई दिशा देश को दी है। इस दिशा को लेकर और आगे बढ़ेंगे। भाजपा ने संकल्प पत्र जारी किया है। सरकार द्वारा विकास की अनेक योजनाएं चलाई गई है। वहां पर सेंकड़ों हमारे साथ पार्टी में जुडने वाले हैं। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष राजूमोर, महामंत्री डा. राज सैनी, महामंत्री सुखदीप बुआना समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# मोदी के नेतृत्व में विकास के नए आयाम स्थापित हुए: रणजीत सिंह

**वोट की अपील**

> 8 बच्चा-बच्चा तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प लेकर भाजपा के पक्ष में जुटा



**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने कहा है कि देशभर में भारतीय जनता पार्टी की लहर चल रही है। बच्चा-बच्चा तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प लेकर भाजपा के पक्ष में जुटा है। वे शुक्रवार को नलवा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर वोटों की अपील कर रहे थे। उन्होंने चौधरीवास, गावड़, बासड़ा, गोरछी व सरसाना सहित अनेक गांवों में प्रचार अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां विकास न हो रहा हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र की भाजपा सरकार ने ऐसे असंभव कार्य भी कर दिखाए हैं, जिनके बारे में विपक्ष तो कभी सोच भी नहीं सकता। उन्होंने कहा कि धारा 370 हटाना, राम मंदिर मामले का शांतिपूर्वक हल निकलवाना जैसे अनेक ऐसे मसले हैं, जिनका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। हिसार लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि दौरे के दौरान रणजीत सिंह के साथ मंडल अध्यक्ष भूप सिंह, अनवेष यादव, संजीव गंगवा, बलवंत बूरा, कृष्ण सरसाना, चेयरमैन अजय गावड़, रविंद्र गंगवा, रामचंद्र, रविंदर रॉकी, नरेंद्र रोहिल, सुरेंद्र आर्यनगर, बलवान चौधरीवास, सोनू चारनौंद, कैमरी सरपंच ओम प्रकाश व जगत सिंह सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### कांग्रेस, इंडिया गठबंधन के पक्ष में बन रहा है देश में माहौल: बीरेंद्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

जींद: पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने शुक्रवार को अपने डूमरखा कलां स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पूर्व विधायक प्रेमलता सिंह भी मीटिंग में पहुंची। कार्यकताओं को कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ जो घोषणा पत्र जारी किया गया है उसके बारे में लोगों को बताने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि देश में कांग्रेस, इंडिया गठबंधन के पक्ष में माहौल निरंतर बनता जा रहा है। निश्चित रूप से इस बार लोकसभा चुनाव के जब परिणाम आएंगे तो इंडिया गठबंधन सत्तासीन होगा। इस चुनाव में मतदाता युवा, किसान एवं देश के हित को लेकर कांग्रेस, इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करेंगे। आज देशभर में कांग्रेस पार्टी में दूसरी पार्टियों को छोड़ कर कांग्रेस में शामिल हो रहे है। देश की हवा निरंतर बदल रही है। निरंतर कांग्रेस का ग्रॉफ बढ़ता जा रहा है। इस मौके पर सज्जन सिंह, हरेंद्र सिंह, राममेहर दनौदा, राजेंद्र चहल, रामकुमार घोघडिया, सुरेंद्र गर्ग, दिलबाग श्योकंद, गुरनाम पालवां मौजूद रहे।

### महिला के कान की बाली व गले से सोने का लोकेट छीन युवक फरार

**टीम एक्शन इंडिया**

जींद: जींद-असंध मार्ग पर स्थित अलेवा की जय बाबा धूणे वाला विकलांग गौशाला से गांव में जाने वाले रास्ते पर शुक्रवार दोपहर को खेतों में कार्य कर रही एक महिला के पास पानी पीने के बहाने बाइक पर सवार होकर आया एक युवक कान की बाली व गले से सोने का लोकेट झटक कर मौके से फरार हो गया। युवक द्वारा गले व कान से सोने के जेवरात छीन कर भागने के बाद महिला के शोर मचाने पर आसपास के खेतों में कार्य कर रहे लोगों ने मौके पर पहुंचकर मामले की सूचना अलेवा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही अलेवा थाना के कार्यकारी प्रभारी एएसआई जयवीर सिंह पुलिस टीम व सीआईए पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मामले का बारीकी से मुआयना कर महिला की शिकायत के आधार पर अज्ञात बाइक सवार युवक के खिलाफ चैन स्नेचिंग का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पानी पीने के बहाने पहुंचा युवक महिला के गले से सोने का लोकेट व कान की बाली झटककर मौके से फ रार हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनो रास्तों पर नाकेबंदी की गई, लेकिन आरोपी युवक पुलिस के आने से पूर्व ही मौके से फ रार हो गया है। पुलिस द्वारा महिला की शिकायत के आधार पर अज्ञात बाइक सवार युवक के खिलाफ चैन स्नेचिंग का केस दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पूंडरी में बारिश के साथ पड़े ओले, मंडी में गेहूं की फसल भीगी

**टीम एक्शन इंडिया**

कैथल: पूंडरी में शुक्रवार शाम को अचानक मौसम खराब हुआ और बारिश के साथ ओले पड़े। बरसात ओलों के कारण मंडी में आई गेहूं की फसल भीग गई। गेहूं को कवर करने के लिए किसानों को बारदाना नहीं मिला। किसान पूरी तेजी से गेहूं की कटाई व उठाई में लगे हुए है। पूंडरी की मंडी में अधिकतर गेहूं शैड के बाहर पड़ा था, क्योंकि किसानों को गेहूं की नमी कम करने के लिए उसे धूप में खाना पड़ रहा है। पूंडरी और ढांड की अनाज मंडी में किसानों को बारदाना नहीं दिया जा रहा है। किसानों को आनन फानन में उसके बावजूद भी अपनी गेहूं की ढेरियां को तिरपाल से ढकना पड़ा। मंडी में ढेरियों में पानी जमा हो गया। जिसे किसानों ने मजदूरों की सहायता से ढेरियों के पास से हटाया। किसानों ने भी बारिश के रूकने पर राहत की सांस ली। बरसात व ओलों से खेतों और मंडी में गेहूं की फसल को अधिक नुकसान नहीं हुआ।

### पांच हजार की रिश्वत सहित बिजली विभाग का एएलएम गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की फरीदाबाद टीम द्वारा शुक्रवार को दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की बाडरोलो सबडिवीजन में कार्यरत एएलएम राकेश तेवतिया को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया गया। एंटी करप्शन ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी को पकडने के लिए योजना बनाई और तथ्यों की जांच पड़ताल करते हुए आरोपी को पकडने में सफलता हासिल की। आरोपी एएलएम राकेश तेवतिया ने शिकायतकर्ता से बिजली चोरी का जुमार्ना कम करने की एवज में पांच हजार की रिश्वत की मांग की थी। इस मामले में सभी आवश्यक सबूत जुटाते हुए जांच की जा रही है।

# निजी स्कूलों को सुरक्षित वाहन के लिए देना होगा शपथ-पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** नारनौल जिले के कनीना में हुए स्कूल बस हादसे के बाद बच्चों की सुरक्षा को लेकर शिक्षा विभाग सतर्क हो गया है। अब स्कूल संचालकों को वाहन सुरक्षा पालिसी के पालन को लेकर शपथ-पत्र देना होगा।

माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से शुक्रवार को राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निजी स्कूलों से एफिडेविड लेने के निर्देश दिए हैं। शपथ पत्र के जरिए स्कूल मालिक और प्रिंसीपल यह सुनिश्चित करेंगे कि स्कूल वाहन फिटनेस मानक पूरे करता है। यही नहीं अनुबंध पर लिए गए वाहनों की जवाबदेही भी निजी स्कूलों की होगी। राज्यभर में 15



हजार निजी स्कूल हैं, जिनमें तकरीबन 41 हजार वाहन बच्चों को लाने व ले-जाने का काम कर रहे हैं। बाकायद यह वाहन परिवहन विभाग के पास पंजीकृत हैं। इनमें से तकरीबन 20 फीसदी वाहनों की पासिंग तीन से चार वर्ष से नहीं हुई तो 40 फीसदी वाहन फिटनेस मानकों पर खरा नहीं उतर रहे हैं। सरकार की ओर से स्कूल संचालकों पर ढिलाई बरतते हुए एक सप्ताह के भीतर नियमों को पूरा करने का समय दिया गया है। परिवहन और शिक्षा विभाग की ओर से संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाया जाएगा। निजी स्कूल संचालकों को सुरक्षित वाहन पालिसी को जिला शिक्षा अधिकारियों को दिए जाने वाले शपथ-पत्र में स्कूल की मान्यता के साथ रजिस्ट्रेशन नंबर का उल्लेख करना अनिवार्य है। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए लगाए गए वाहनों, बस, जीप, आटो, मिनी बस के प्रकार और इनमें बच्चों की बैठने की क्षमता के साथ रजिस्ट्रेशन नंबर और फिटनेस सर्टिफिकेट की मान्यता अवधि की जानकारी देना अनिवार्य है।

**निर्देश**

> 8 शुक्रवार को राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निजी स्कूलों से एफिडेविड लेने के निर्देश दिए हैं

# सीमेंट भेजने के नाम पर की दो लाख 60 हजार की ठगी



**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** साइबर थाना पुलिस ने भवन निर्माण कंसलटेंसी फर्म संचालक से हुई दो लाख 60 हजार रुपए की ठगी मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें यूपी के गाजियाबाद निवासी मनीष, मेरठ निवासी मजीद उर्फ माजू और सोहेल शामिल हैं। जांच अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि इस संबंध में साइबर थाना में एनसीसीआरपी पोर्टल से एक शिकायत मिली। जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि वह बालाजी कंसलटेंसी नाम से फर्म चलाता है। भवन निर्माण का काम करता है। 27 सितंबर 2023 को शिकायतकर्ता के पास शुभम नामक व्यक्ति का फोन आया। उसने कहा कि वह अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी से बात कर रहा है तथा सीमेंट की जरूरत के बारे में पूछा। शिकायतकर्ता द्वारा सीमेंट की जरूरत के बारे बताने पर कॉलर ने शिकायतकर्ता के व्हाट्सएप पर सीमेंट के रेट और कंपनी का जीएसटी नंबर भेजा। इसके बाद 4 अक्टूबर 2023 को अल्ट्राटैक कंपनी का इनवॉयस भेजकर 25 प्रतिशत एडवांस पेमेंट की मांग की। शिकायतकर्ता ने कॉलर द्वारा दिए गए अकाउंट में 25 प्रतिशत के हिसाब से एक लाख 60 हजार रुपए जमा करवाए। शिकायत के अनुसार छह अक्तूबर को कॉलर ने शिकायतकर्ता के पास पहली गाड़ी में सीमेंट भेजने के हिसाब से दूसरा इनवॉइस भेजा और एक लाख रुपए की मांग की। इस पर शिकायतकर्ता ने एक लाख रुपए और भेज दिए। उसके बाद कॉलर शिकायतकर्ता को दो दिन तक कहते रहे कि सीमेंट की गाड़ी प्लांट से निकल चुकी है पहुंच जाएगी, परंतु शिकायतकर्ता के पास कोई सीमेंट नहीं पहुंचा और कॉलर ने मोबाइल फोन बंद कर लिए।

**सम्मान**

> 8 वह अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी से बात कर रहा है तथा सीमेंट की जरूरत के बारे में पूछा

# दाखिले के नाम पर स्कूलों ने स्क्रीनिंग टेस्ट लिया तो होगा जुर्माना

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** प्रदेशभर के स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए दाखिलों का दौर जारी है। मगर निजी स्कूल दाखिले के नाम पर मनमानी कर रहे हैं और विद्यार्थियों का स्क्रीनिंग टेस्ट लिया जा रहा है। स्क्रीनिंग टेस्ट पर सेकेंडरी शिक्षा निदेशक ने नाराजगी जताते हुए जिला शिक्षा अधिकारी और मौलिक शिक्षा अधिकारियों के साथ खंड शिक्षा अधिकारियों को हिदायत दी है कि यदि कोई भी स्कूल स्क्रीनिंग टेस्ट लेता है तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा, क्योंकि यह शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा-13 की अवेहलना है। शिक्षा विभाग की ओर स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि कोई कोई स्कूल संचालक दाखिले के दौरान बच्चों का स्क्रीनिंग टेस्ट लेता है तो उसे पहली बार में 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा वहीं दूसरी बार उल्लंघना करने पर यह जुमार्ना राशि 50 हजार की जाएगी। यही नहीं विभाग की ओर से जिला शिक्षा अधिकारियों को कड़ी हिदायत दी है कि जिले के सरकारी और निजी स्कूल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-13 की अनुपालना करें और राजकीय स्कूलों से आठवीं पास करने वाले विद्यार्थियों का नौंवी कक्षा में दाखिले के लिए कोई टेस्ट नहीं लिया जाएगा। विभाग के पास शिकायत पहुंची है कि कुछ स्कूल टेस्ट ले रहे हैं, उन्हें तुरंत बंद कराया जाए।

**निर्देश**

> 8 विभाग के पास शिकायत पहुंची है कि कुछ स्कूल टेस्ट ले रहे हैं, उन्हें तुरंत बंद कराया जाए

## एमआईएस पोर्टल पर शिक्षक और छात्रों की हाजिरी अनिवार्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के स्कूलों में अध्यापकों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति अब एमआईएस पोर्टल पर दर्ज होगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक की ओर से शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि छात्रों और शिक्षकों की दैनिक उपस्थिति एमआईएस पोर्टल पर उपस्थिति अनिवार्य है। विभाग की ओर से स्पष्ट हिदायत जारी की गई है कि प्रत्येक छात्र और शिक्षक की उपस्थिति एमआईएस पोर्टल पर दैनिक आधार पर नियमित रूप से अंकित की जानी चाहिए।

# 4.99 लाख रुपये की ठगी के मामले में एक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** साइबर थाना पुलिस ने ट्रांसपोर्टर से बिजली बिल पेंडिंग के नाम पर 4 लाख 99 हजार 580 रुपए ठगने के मामले में शुक्रवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान उत्तर प्रदेश के शिकोहाबाद निवासी संदीप नारायण श्रीवास्तव के रूप में हुई है। जांच अधिकारी एएसआई राजाराम ने शुक्रवार को बताया कि इस संबंध में थाना साइबर में एनसीसीआरपी पोर्टल से एक शिकायत प्राप्त हुई। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह ट्रांसपोर्टर का काम करता है। पिछले वर्ष 28 सितंबर को उसके पास एक फोन आया, जिसमें फोन करने वाले व्यक्ति ने अपने आप को राजकोट इलेक्ट्रिक ऑफिस का कर्मचारी बताकर कहा कि आपका बिजली का बिल पेंडिंग है। अगर आपने बिल नहीं भरा तो उसका बिजली का कनेक्शन काट दिया जाएगा। बातचीत के दौरान उस व्यक्ति ने शिकायतकर्ता के मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप के माध्यम से एक लिंक शेयर किया और शिकायतकर्ता से कहा कि आप इस लिंक पर क्लिक कर तीन रुपए भर दो। जैसे ही शिकायतकर्ता ने तीन रुपए की पेमेंट करने की कोशिश की, शिकायतकर्ता के बैंक अकाउंट से 6 बार हुई ट्रांजेक्शन में 4 लाख 99 हजार 580 रुपए कट गए।

# बीजेपी उम्मीदवार तंवर को नरवाना में किसान, मजदूरों ने दिखाए काले झंडे

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** नरवाना के विश्वकर्मा चौक पर शुक्रवार को किसान व मजदूर संघों ने भाजपा सिरसा लोकसभा के प्रत्याशी अशोक तंवर के नरवाना पहुंचने पर काले झंडे दिखा कर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर नरवाना की जाट धर्मशाला में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। जैसे ही किसान व मजदूर संघों को पता चला तो वह काले झंडे लेकर शहर के विश्वकर्मा चौक पर इकट्ठे हो गए। निजी कार्यक्रम में शिरकत करने के उपरांत जैसे ही भाजपा प्रत्याशी विश्वकर्मा चौक पर पहुंचे तो वहां



पर खड़े किसान, मजदूरों ने काले झंडे दिखा कर व सरकार के विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी लेकिन भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर का काफिल तेजी से वहां से निकल कर अन्य गंतव्य स्थान के लिए रवाना हो गया। विरोध प्रदर्शन करने के दौरान काफी संख्या में महिला व पुरूष किसान, मजदूर मौजूद रहे। विरोध प्रदर्शन कर रहे किसान नेता मास्टर बलबीर ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन किसी के निजी कार्यक्रम को लेकर नही था। यह विरोध उनके द्वारा सार्वजनिक स्थान पर खड़े होकर सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ किया है। मा. बलबीर ने कहा कि उनको सूचना मिली थी कि अशोक तंवर एक जनसभा को सम्बोधित करेंगें और यह विरोध उस जनसभा के विरोध में था। विरोध प्रदर्शन कर रहे किसान, मजदूरों को वहां से हटाने के लिए काफी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा।

## जींद: मौसम के बदलाव से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** लगतार मौसम की परिवर्तनशीलता के चलते शुक्रवार को कुछ समय के लिए हलकी बूंदा-बांदी व कहीं-कहीं बारिश हुई। इस दौरान तेज हवाएं भी चलीं। दोपहर बाद हुई तेज बारिश से किसानों द्वारा कंबाइन से कटाई जा रही गेहूं व रीपर से तूड़ा बनाने का कार्य भी प्रभावित होकर रह गया है, जिससे मौसम में आए अचानक बदलाव से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। अनाज मंडी में किसानों द्वारा बेचने के लिए लाई गई गेहूं की फसल को भी बारिश के पानी से बचाने के लिए आढ़ती व किसान तिरपाल आदि डालकर बचाते देखे गए।

# अध्यापक संघ में डीईओ कार्यालय पर प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल: अनिवार्य शिक्षा** की अवहेलना करने और मॉडल संस्कृति स्कूलों में हिंदी माध्यम से शिक्षा नहीं देने के विरोध में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ एवम् स्कूल टीचर्स फैडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर शिक्षकों ने शुक्रवार को बाद दोपहर 3 से 5 बजे तक विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान विजेन्द्र मोर ने व संचालन जिला सचिव बूटा सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि इससे पहले अध्यापकों के लम्बित मामलों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी विजयलक्ष्मी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज दहिया से विस्तार से मीटिंग की गई। राज्य सचिव रामपाल शर्मा व कंवरजीत ने बताया कि मॉडल संस्कृति स्कूलों में केवल अंग्रेजी माध्यम के छात्रों को प्रवेश दिया जा रहा है,जबकि बड़े-बड़े शिक्षाविदों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्थानीय भाषा या मातृभाषा में शिक्षा देने पर जोर दिया है उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इन विद्यालयों में पहली कक्षा में अनिवार्य रूप से हिंदी माध्यम के छात्रों को प्रवेश दिया जाए। क्योंकि उसे क्षेत्र/ गांव में हिंदी माध्यम का दूसरा विद्यालय भी नहीं है। राज्य सचिव राकेश शर्मा ने कहा कि मॉडल स्कूलों में ढांचागत सुविधाओं के अनुसार प्रवेश दिया जा रहा है। अर्थात कमरा कम हैं, शिक्षक कम हैं तो प्रवेश भी थोड़े छात्रों को दिया जाएगा।

**विरोध**

> 8 राकेश शर्मा ने कहा कि मॉडल स्कूलों में ढांचागत सुविधाओं के अनुसार प्रवेश दिया जा रहा है

# मानसिक परेशानी के चलते जहर खाकर युवक वाटर वर्क्स की डिग्गी में कूदा

## युवक ने पहले जहर खाया और फिर वाटर वर्क्स की डिग्गी में छलांग लगा दी, समय रहते फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा उसे बाहर निकाला

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** जिले के रतिया क्षेत्र में शुक्रवार को सुसाइड करने जा रहे एक युवक के लिए दमकल कर्मी फरिश्ता बन कर आए और उसकी जान बचा ली। युवक ने पहले जहर खाया और फिर वाटर वर्क्स की डिग्गी में छलांग लगा दी। समय रहते फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा उसे बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार देकर उसके शरीर से जहर बाहर निकाला गया। इसके बाद उसे डायल 112 टीम के हवाले कर दिया। पुलिस द्वारा युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गाय है। जानकारी के अनुसार गांव जांडवाला सोत्र के एक युवक ने



मानसिक परेशानी के चलते गांव चनकोठी में खुदकुशी करने के लिए जहर पी लिया और फिर जलघर की डिग्गी में कूद गया। इसी दौरान चनकोठी में एक दाह संस्कार के दौरान साथ लगते खेतों में आगजनी की आशंका के चलते दमकल कर्मी आए हुए थे। उन्हें किसी ने मामले की सूचना दी तो टीम के कर्मी मुकेश कुमार, बलजीत सिंह व पवन कुमार मौके पर पहुंचे। इतने में डायल 112 पुलिस को भी सूचित कर दिया गया। मुकेश कुमार रस्सी की सहायता से डिग्गी में कूदा और फिर शख्स को बाहर निकाल लाया। जहरीला पदार्थ खाने से उसके मुंह से झाग निकल रहा था। इसके बाद उसे उल्टा लेटाकर छाती और पेट दबाकर उसके मुंह से सारा जहर बाहर निकाला गया, जिससे उसकी जान बची। उसे रतिया के निजी अस्पताल ले जाया गया है। युवक जांडवाला सौतर गांव का रहने वाला और मानसिक रूप से परेशान बताया गया है। दमकल कर्मियों ने बताया कि चनकोठी में दाह संस्कार के चलते उन्हें एहतियातन बुलाया गया था, ताकि चिंगारियों से खेतों में आग न लग जाए।

वे मौके पर पहुंचे ही थे कि सुसाइड की कोशिश करने वाले का भाई चीखता हुआ आ रहा था कि उसके भाई ने डिग्गी में छलांग लगा दी है। वे तुरंत मौके पर पहुंचे तो युवक उन्हें दिखा, जिस पर वे रस्सी लेकर डिग्गी में कूद गए और युवक को बाहर निकाला।

**जान बचाई**

> 8 सुसाइड की कोशिश करने वाले का भाई चीखता हुआ आ रहा था कि उसके भाई ने डिग्गी में छलांग लगा दी

## न्यूज फ्लैश

### 'विवादित जमीन के मामलों को अधिकारी निपटने का करें प्रयास'

**पानीपत:** उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने स्वामित्व की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेने को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि जमीन के विवादित मामलों को लेकर अधिकारी तन्मयता से कार्य करें। ज्यादातर मामलों को अपने स्तर पर सुलझाने का प्रयास करें। उपायुक्त ने जिले में स्वामित्व को लेकर वर्तमान स्थिति की भी जानकारी ली व इसमें और तेजी लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि इस कार्य में अधिकारियों को और मेहनत करने की आवश्यकता है तभी जिला बेस्ट ऑफ फाइव में अपना नाम शामिल कर पाएगा। इस मौके पर एसडीएम मनदीप सिंह, एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना ज्योति मित्तल, सीटीएम टीनू पोसवाल, निगम एडिशनल आयुक्त नरेंद्र पाल मालिक, निगम आयुक्त मनी त्यागी, डीडीपीओ विशाल पाराशर, तहसीलदार बिजेंदर गिल बिजेंदर गिल सौरभ शर्मा अनिल शर्मा के अलावा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सुरेंद्र खत्री, नितिन यादव आदि मौजूद रहे।

### जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स ने गाजियाबाद



### में आयोजित किया अपना मेगा सर्विस कैंप

**गाजियाबाद।** जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स अपने बेहद सफल मेगा सर्विस कैंप को उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद में पेश करने के लिए तैयार है। विभिन्न राज्यों में सर्विस कैंप के पहले चरण की सफलता के बाद, सर्विस कैंप के दूसरे चरण का और अधिक शहरों में विस्तार किया जाएगा। इस कैंप का आयोजन गाजियाबाद में, विशेष रूप से इस क्षेत्र में 2019 और 2020 मॉडल के जावा मोटरसाइकिल मालिकों के लिए 19 अप्रैल से 20 अप्रैल तक होगा।

सर्विस कैंप ईवी ट्रेड्स झए-10 19, मेरठ रोड, डीपीएस गाजियाबाद स्कूल, गाजियाबाद में आयोजित होगा। कैंप में, 2019-2020 जावा मोटरसाइकिलों के मालिकों को वाहन की व्यापक जांच और चुनिंदा कल-पुर्जे मुफ्त बदलने की सुविधा होगी। मोटुल, एमरॉन और सिएट टायर्स सहित अग्रणी मूल उपकरण आपूर्तिकर्ता ग्राहकों की सहायता के लिए सक्रिय रूप से भाग लेंगे। दीर्घकालिक ग्राहक संतुष्टि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स, मोटरसाइकिलों की जांच के मूल्यांकन के आधार पर मानार्थ विस्तारित वारंटी की पेशकश कर रही है। इसके अतिरिक्त, विनिमय मूल्य (एक्सचेंज वैल्यू) का आकलन करने के लिए अपनी मोटरसाइकिलों को अपग्रेड करने में रुचि रखने वालों के लिए एक निर्दिष्ट क्षेत्र होगा।पहले चरण के सर्विस कैंपों की सफलता के मद्देनजर जावा को उम्मीद है कि जून के अंत तक लगभग 10,000 बाइक की सर्विसिंग हो सकती है। इस पहले इन कैंप में 6250 से अधिक जावा मोटरसाइकिलों की सर्विसिंग हो चुकी है। जावा आने वाले महीनों में देश भर के कई शहरों में मेगा सर्विस कैंप (दूसरे चरण) का आयोजन करेगी। अगला शिविर नागपुर, देहरादून, फरीदाबाद और इंदौर में आयोजित किया जाएगा। यह पहल ग्राहकों की संतुष्टि को प्राथमिकता देने और बेजोड़ स्वामित्व का अनुभव प्रदान करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

# सोनिया अग्रवाल ने की महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की जनसुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: हरियाणा राज्य महिला** आयोग की वाइस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में भिवानी, रेवाड़ी तथा सोनीपत जिला के महिला उत्पीडन से संबंधित 09 मामलों की जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने 08 मामलों में से 05 मामलों का आपसी सहमति से मौके पर किया निपटारा करवाया। इसके अलावा 03 मामलों में मामलों में एफआईआर, दोबारा जांच तथा सोनीपत से संबंधित एक मामले में पुलिस विभाग के अधिकारियों को शिकायतकर्ता के साथ 07 मई को सुनवाई के लिए पंचकुला कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए।



वाइस चेयरपर्सन ने जनसुनवाई के दौरान रेवाड़ी जिला की रहने वाली ज्योति, विक्की यादव, सुनीता, मेनका, निर्मला की महिला उत्पीडन से संबंधित शिकायत पर दोनों पक्षों की बात सुनी और उनको समझाते हुए सभी शिकायतों पर दोनों पक्षों का आपसी समझौता करवाया। इसके अलावा भिवानी जिला से सुमन देवी की महिला उत्पीडन से संबंधित शिकायत पर सुनवाई करते हुए पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मामले की दोबारा जांच करवाएं ताकि जांच से शिकायतकर्ता संतुष्ट्द हो सके। भिवानी जिला की मोनिका की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए वाइस चेयरपर्सन ने उनके पति के खिलाफ महिला उत्पीड? से संबंधित एफआईआर करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान सोनीपत जिला से संबंधित एक मामले में शिकायतकर्ता उपस्थित नहीं हो पाया, जिसको लेकर वाइस चेयरपर्सन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे 07 मई को दोनों पक्षों के साथ पंचकुला कार्यालय में पहुंचे। महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन ने कहा कि आयोग महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा कि अगर किसी महिला की घरेलू हिंसा, दहेज की मांग, मानसिक उत्पीडन, धोखाधड़ी को लेकर महिला आयोग के पास कोई भी शिकायत आती है तो आयोग तुरंत उसपर कार्यवाही करते हुए दोषी के खिलाफ सख्त कदम उठाता है, ताकि महिलाओं पर किसी प्रकार का अत्याचार न हो सके। इस मौके पर महिला आयोग से सहायक गीता, लिपिक अंकुर भारद्वाज, प्रभजोत तथा अमृत पाल सहित संबंधित जिलो के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने दिलाई मतदाता शपथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत:** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शुक्रवार को जिला में उत्साह का माहौल रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया के मार्गदर्शन में जिला सचिवालय के साथ-साथ जिला के सभी विभागों में मतदाता शपथ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर में उपस्थित सभी प्रशासनिक अधिकारियों, विभागाध्यक्षों एवं कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलवाई और आमजन से अपील की कि वे आगामी 25 मई को आयोजित लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करें और जिले की मतदान प्रतिशतता को बढ़ाएं। मतदाता शपथ का यह कार्यक्रम सभी सरकारी कार्यालयों के साथ-साथ अर्ध सरकारी कार्यालय, शिक्षण संस्थाओं, प्रतिष्ठानों इत्यादि में आयोजित किया गया और करीब 5 लाख लोगों ने शुक्रवार को मतदाता शपथ ली। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि लोकतंत्र का यह पर्व देश का सबसे बड़ा पर्व है और हम सब ने इसमें भागीदार निभानी है। 25 मई को प्रत्येक मतदाता अपने मत का प्रयोग जरूर करें।



## जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में किया गया पहला रेंडमाइजेशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत:** लोकसभा 2025 के आम चुनाव को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जिला सचिवालय में प्रथम स्तर का रेंडमाइजेशन किया व अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे चुनाव को लेकर गंभीर रहे। अपनी अपनी ड्यूटी का सही तरीके से निर्वहन करें। चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व स्वतंत्र तरीके से करने को लेकर अपनी जिम्मेदारियां को समझे व उनका शुद्ध रूप से पालन करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को चेताया कि चुनाव में पर्यवेक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। आचार संहिता का शुद्ध रूप से पालन करते हुए चुनाव में अपनी ड्यूटी निभाये मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें ताकि मतदान के प्रतिशत को और बढ़ाया जा सके।



जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए और गंभीर होने की आवश्यकता है। स्वीप जैसे कार्यक्रम इसमें अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसको लेकर इन कार्यक्रमों में रुचि ले व लोगों को खास तौर पर युवाओं को जागरूक करें व चुनाव का महत्व क्या है इस पर प्रकाश डालें वह चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर एसडीएम मनदीप सिंह, एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना, ज्योति मित्तल सीटीएम टीनू पोसवाल, चुनाव तहसीलदार सुदेश राणा आदि मौजूद रहे।

## 'दिल्ली फतेह दिवस समागम में समूची टीम करेगी शिरकत'

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : हरियाणा सिख** गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने कहा दिल्ली फतेह दिवस समागम में संस्था की समूची टीम प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध की अगुवाई में शिरकत करेगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा इस बारे माता गुजर कौर को समर्पित २४१वां दिल्ली फतेह दिवस लाल किला के मैदान में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गत देर सायं दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका, मैंबर सर्वजीत सिंह विर्क, सर्वजीत सिंह नागी, हरविंदर सिंह संधू को साथ लेकर दिल्ली फतेह दिवस का न्यौता देने के लिए पहुंचे थे। बता दें कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध,



वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह सहगल, धर्म प्रचार विंग के चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल, स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना, कार्यकारिणी समिति सदस्य टीपी सिंह को निमंत्रण पत्र देते हुए दिल्ली कमेटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका ने कहा कि खालसा फौज द्वारा दिल्ली फतेह दिवस सिख इतिहास के स्वर्णिम पल हैं। इस बार माता गुजर कौर को समर्पित २४१वां दिल्ली फतेह दिवस २७ एवं २८ अप्रैल को मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि २८ अप्रैल को जरनैली फतेह मार्च सजाया जाएगा, जबकि लाल किला के मैदान में उत्साहपूर्वक यह समागम मनाया जाएगा। कवलजीत सिंह अजराना ने बताया कि निमंत्रण पत्र स्वीकार करते हुए हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह सहगल, धर्म प्रचार विंग के चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल सिंह व कार्यकारिणी समिति टीपी सिंह ने इस समागम में पहुंचने का आश्वासन दिया है। स्पोकसमैन ने इतिहास का जिक्र करते हुए बताया कि मार्च १७८३ में खालसा फौज के बाबा बघेल सिंह जी, जत्थेदार बाबा जस्सा सिंह आहलूवालिया, सरदार जस्सा सिंह रामगढि?ा, तारा सिंह एवं महा सिंह शुकरचकीया ने अपनी फौज के साथ मिलकर दिल्ली फतेह करते हुए खालसाई निशान लहरा कर नया इतिहास बनाया था। इसलिए हरियाणा कमेटी इस समागम में शिरकत करेगी। इस मौके पर हरियाणा कमेटी के सहायक सुपरवाईजर हरकीरत सिंह, ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री पंजोखरा साहिब पातशाही आठवीं के मैनेजर हरविंदर सिंह दनौली, ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब अंबाला शहर के मैनेजर प्रीतम सिंह, सहायक सुपरवाईजर वजिंदर सिंह, मनदीप सिंह, गुरबीर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: आजाद यूथ मोर्चा** चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा दहिया कॉलोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ दहिया कॉलोनी सिथित गली नंबर 3 में कलश यात्रा के साथ बड़े धूमधाम से किया गया। आज सुबह दहिया कॉलोनी से महिला श्रद्धालुओं ने ढोल बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जो भर्मण करते हुए वापिस कथा स्थल में पहुंची। पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन विशेष रूप से कलश यात्रा में शामिल हुई । इस अवसर पर कथावाचक परम् श्रद्धेय श्री वैभव भारद्वाज महाराज पंहुचे । इस अवसर पर कविता जैन ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता में व्यक्ति की हर परेशानी व दुविधा



का हल मिलता है। हिंदू धर्म में सभी ग्रंथों में सबसे श्रेष्ठ श्रीमद्भगवद्गीता मानी जाती है, क्योंकि इसमें व्यक्ति के जीवन का सार है। श्रीमद् भागवत में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिए हैं और इन उपदेशों की मदद से भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को इस संसार का सत्य बताते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है। दोपहर में संगीतमय कथा का आयोजन किया गया। कथावाचक परम् श्रद्धेय श्री वैभव भारद्वाज महाराज ने प्रवचन कर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जागृत हो जाता है। कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है। संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के आयोजक कृष्ण दहिया प्रधान ने बताया कि दहिया कॉलोनी में 19 अप्रैल से 27 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर दो बजे से प्रभु इच्छा तक संगीतमय कथा का आयोजन होगा।

27 अप्रैल को सुबह हवन यज्ञ के समापन पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रवीण दहिया, संदीप शर्मा, राम यादव, दीपक पांचाल, मंजीत दहिया, देवेंद्र कुहाड़, मोहित राठी, सूरत राजपूत, दीपक दलाल, दीपक सोनी, उत्तम भनवाला, सुरेंद्र तोमर, रविकांत जांगड़ा, बलराम दहिया, दीपक दहिया, सुशिल जांगड़ा, अजय छिकारा, वीरेंद्र सिंह, अनिल मलिक आदि भक्तगण एवं सैंकड़ो महिलाएं उपस्थित रही।

## अनाज मंडियों में लिफ्टिंग मे तेजी लाने को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



**पानीपत:** जिले की सभी अनाज मंडियों में पहुंच रही गेहूं की फसल की लिफ्टिंग में तेजी लाने को लेकर जिला उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने शुक्रवार को जिला सचिवालय में सभी प्रशासनिक अधिकारियों, मार्केट कमेटी सचिव, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों व गेहूं की खरीद कर रही एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे रविवार तक जिले की सभी 12 मंडियों में लिफ्टिंग का कार्य पूर्ण चाहते हैं। इसमें किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। मार्केट कमेटी सचिव इस कार्य को गंभीरता पूर्वक करें। जो कमेटी सचिव इसमें रुचि नहीं लेंगे उन्हे कारण बताओं नोटिस जारी किए जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों को इस कार्य को लेकर और गंभीर होने की आवश्यकता है। जिले मे लिफ्टिंग का कार्य मंदा होने के कारण कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उपायुक्त ने कहा कि एजेंसियों व मार्केट कमेटी की जिम्मेदारी बनती है कि वो पॉइंट बना कर पुलिस की व्यवस्था बनाए व जाम की समस्या न होने दें। जिन मंडियों में लिफ्टिंग की गति धीमी है उसे मार्किट कमेटी सचिव गति प्रदान कर रविवार तक लिफ्टिंग का कार्य पूर्ण करें।

## आईजीयू में मतदाता शपथ दिलाकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**
**नारनौल। इंदिरा** गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मतदाता शपथ दिलाकर सभी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कुलसचिव प्रोफेसर प्रमोद कुमार ने सभी युवा विद्यार्थियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. करण सिंह ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है जिसमें सभी नागरिकों को ईमानदारी के साथ एवं निर्भीक होकर



राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी श्री सुशांत यादव ने सभी शिक्षकों व गैर-शिक्षक कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को मतदान के सदुपयोग करने के बारे में शपथ दिलवाई।

## शैक्षणिक स्थानों में छात्राओं को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जिला पुलिस** द्वारा महिलाओ विशेष रुप से लडकियों को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया के मार्ग-निर्देश में पुलिस की टीमो द्वारा शिक्षण संस्थानो मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। महिला पुलिस की टीमो द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को,



विशेष रूप से महिलाओं एवं लड़कियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है।शुक्रवार को महिला निरीक्षक पवना राणा की टीम ने राजकीय सीनियर सैकंडरी स्कूल ज्योतिसर व राजकीय मॉडल संस्कृति सिनियर सैकंडरी स्कूल कुरुक्षेत्र में छात्राओं को महिला विरुद्ध होने अपराधो के बारे में जानकरी दी। पुलिस की टीम ने लड़कियों को सेल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण भी दिया । लड़कियों को सम्बोधित करते हुए निरीक्षक पवना राणा ने कहा कि पुलिस हमेशा आप के साथ है। निरीक्षक ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा-शक्ति एप्प लांच की गई है। उन्होंने बताया कि दुर्गा शक्ति एप्प का लाल बटन दबाने से आपको पुलिस मदद मिलेगी इसलिए आप खुद को दुर्गा शक्ति एप्प पर रजिस्टर कर लें। महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो की सूचना किसी भी थाना के महिला हेल्प डेस्क, महिला थाना, महिला हेल्पलाईन नम्बर 1091 या डायल 112 पर दी जा सकती है।

## मानवता के कल्याण में रक्तदान पुण्य का कार्य: प्रोफेसर सोमनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र:**
**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि मानवता के कल्याण के लिए रक्तदान करना बडे. पुण्य का कार्य है। एक यूनिट रक्तदान करने से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है तथा रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं होती। वे शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र व दिव्य कुरुक्षेत्र मिशन के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में क्रश हॉल में आयोजित एकदिवसीय रक्तदान



शिविर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ ने कहा कि मनुष्य को मानवता के कल्याण हेतु सामाजिक दायित्व का निवर्हन करते हुए रक्तदान अवश्य करना चाहिए ताकि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकें।कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ ने कहा कि रक्तदान करने से स्वास्थ्य सही रहता होता है तथा इससे दिल की बीमारियों व स्ट्रोक के खतरे को कम किया जा सकता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है तथा नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। उन्होंने कहा कि कई बार जरूरतमंद व्यक्ति के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि तत्काल रक्त की आवश्यकता होती है ऐसी स्थिति में रक्तदान के लिए लोगों को आगे आकर अपनी सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए। रक्तदान शिविर में केयू शिक्षक डॉ. रमेश कैत, डॉ. अजय जांगड़ा, विभाग प्रचारक संजय, एनसीसी कैडेट्स सहित कई लोगों व विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। रक्तदान के दौरान एलएनजेपी हस्पताल के डॉक्टर्स व उनकी टीम ने विशेष भूमिका निभाई।इस मौके पर वात्सल्य वाटिका के संस्थापक हरिओम दास परिव्राजक बतौर मुख्यातिथि, डॉ. मुकेश अग्रवाल महासचिव इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, हरियाणा स्टेट ब्रांच चंडीगढ़ मुख्यातिथि, विनोद कौशिक जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र बतौर विशिष्ट अतिथि, कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, डॉ. भीमराव अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र के निदेशक प्रो. गोपाल प्रसाद, सह-निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह, डॉ. वीरेन्द्र पाल, डॉ. आनन्द कुमार, डॉ. सुरेश कुमार, प्रो. महासिंह पूनिया, डॉ. नीरज बातिश व डॉ. संगीता उपस्थित रहे। इस शिविर में उपासना, रविकांत, अंकित, प्रदीप, अमित, जतिन, विक्रम, पवन, रवि, बंटी, अर्पित, खुशी राम ने विशेष योगदान दिया।

## जिले की विभिन्न मंडियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत:** रबी फसल खरीद अभियान 2024 के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 143202 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 130054 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। डीएफएससी द्वारा 20405 मीट्रिक टन गेहूं, हैफेड द्वारा 59433 मीट्रिक टन गेहूं, एचडब्ल्यूसी द्वारा 47917 मीट्रिक टन गेहूं, एफसीआई द्वारा 2299 का उठान किया जा चुका है। सरकार की ओर से इस सीजन के लिए गेंहू की खरीद निर्धारित मूल्य 2275 रुपए प्रति किवंटल पर की जा रही है। डीएफएससी आदित्य कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिवस वीरवार सांय इस कुल आवक में से अहर में 3208 मीट्रिक टन गेंहू, बबैल केन्द्र पर 2263 मीट्रिक टन, बाबरपुर खरीद केन्द्र पर 11225 मीट्रिक टन, बापौली खरीद केन्द्र पर 8750 मीट्रिक टन, छिछड़ाना केन्द्र पर 5660 मीट्रिक टन, इसराना खरीद केन्द्र पर 17431 मीट्रिक टन, मडलौडा खरीद केन्द्र पर 33870 मीट्रिक टन, नौल्था खरीद केन्द्र पर 1011 मीट्रिक टन, पानीपत खरीद केन्द्र पर 17532 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। इसी प्रकार समालखा मण्डी में 40162 मीट्रिक टन गेंहू, सनौली में 1816 मीट्रिक टन, उरलाना में 274 मीट्रिक टन की आवक हुई है और सम्बंधित खरीद एजेंसियों द्वारा गेहूं की नियमित रूप से खरीददारी की गई है। आदित्य कौशिक ने बताया कि गेहूं की खरीद सुचारू रूप से करवाने के लिए सभी अनाज मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर नोडल अधिकारियों की डयूटी लगाई गई है ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई कठिनाई न हो।

## संपादकीय

# कांग्रेस को बदलनी होगी नीति

**लोकसभा** चुनाव का सारे देश में माहौल बन चुका है और इस दौरान एक बात पर राजनीति की गहरी समझ रखने वाले ज्ञानियों को गौर करना होगा कि कांग्रेस लगभग 330 सीटों पर ही क्यों चुनाव लड़ रही है। 543 सदस्यों वाली लोकसभा में सरकार बनाने का ख्वाब देखनी वाली कांग्रेस के इतने कम सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़ी करने की क्या वजह है? क्या उसे कायदे के उम्मीदवार नहीं मिले ? कांग्रेस ने 1999 के लोकसभा चुनाव में 529 उम्मीदवार उतारे थे। उसके बाद 1998 में 477, 1999 में 453, 2004 में 417, 2009 में 440, 2014 में 464 और 2019 में 421 उम्मीद उतारे। इस बार कांग्रेस के उम्मीदवारों की तादाद पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में भारी गिरावट होने जा रही है। कांग्रेस के नेता लाख तर्क दें कि उनकी पार्टी क्यों कम सीटों पर उम्मीदवारों को उतार रही है, पर सच यही है कि सन 2014 के बाद देश में नरेन्द्र मोदी के उदय के साथ ही कांग्रेस का संध्याकाल शुरू हो गया था। बीते दसेक सालों के दौरान, कांग्रेस उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र वगैरह में तेजी से सिकुड़ी है। इन राज्यों में लोकसभा की कुल मिलाकर 40 फीसद के आसपास सीटें हैं। जिस राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को कांग्रेस अपना शिखर नेता मानती है वे भी अपनी पार्टी का भाग्य नहीं बदल पा रहे हैं। 1989 से कांग्रेस उत्तर प्रदेश की सत्ता से बाहर है। वहां उसके अंतिम मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह थे। यह वही उत्तर प्रदेश है जो कि कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था और नेहरू परिवार का निवास भी आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 17 सीटों पर लड़ रही है। अगर अब भी कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेहरू-गांधी परिवार की गुलामी नहीं छोड़ी तो उनकी पार्टी जल्दी ही इतिहास के पन्नों में ही रह जाएगी। राहुल और प्रियंका गांधी का जमीनी हकीकत से कोई लेना-देना नहीं है। इनके आशीर्वाद से जेएनयू के टुकड़े-टुकड़े गैंग के नेता कन्हैया कुमार की कांग्रेस में एंट्री हुई थी। अब उसे कांग्रेस ने राजधानी की नॉर्थ ईस्ट सीट से अपना उम्मीदवार बना दिया है। यह वही कन्हैया कुमार हैं जो कहते रहे हैं कि भारतीय सेना के जवानों ने कश्मीर में बलात्कार जैसे घिनौने कृत्य किए हैं। राहुल और प्रियंका गांधी ने कभी बताया नहीं कि कन्हैया कुमार किसलिए और किस आधार पर सरहदों की रक्षा करने वाली भारतीय सेना पर आरोप लगाते रहे हैं? आप अगर देश विरोधी तत्वों का साथ दोगे तो फिर आपको चुनाव में जनता जवाब तो देगी ही। कन्हैया कुमार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्यसमिति में जगह देकर संदेश दे दिया था कि उन्हें उन तत्वों से कोई परहेज नहीं हैं जो भारतीय सेना पर कश्मीर में बलात्कार करने के आरोप लगाते रहे हैं। बेशक, देश कन्हैया कुमार को कभी माफ नहीं करेगा क्योंकि उसने सेना पर मिथ्या आरोप लगाए। कन्हैया कुमार ने पिछला लोकसभा चुनाव बेगूसराय से लड़ा था और वे बुरी तरह हारे। वे तब भाकपा में थे। उनके लिए टुकड़े-टुकड़े गैंग के सदस्यों ने बेगूसराय में डेरा डाला हुआ था। ये सब सोशल मीडिया पर इस तरह का माहौल बना रहे थे कि मानो भारतीय सेना को बलात्कारी कहने वाला कन्हैया कुमार भाजपा के गिरिराज सिंह को हरा ही देगा। कन्हैया कुमार को कांग्रेस कार्यसमिति में जगह मिलना अप्रत्याशित है। यह कांग्रेस की सबसे बड़ी और शक्तिशाली समिति है।

# रामनवमी पर भी हुई जमकर राजनीति



मृत्युंजय दीक्षित

> “कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में प्रभु श्रीराम को काल्पनिक बताया, जयश्रीराम को साम्प्रदायिक नारा बताया, पहले राम मंदिर पर निर्णय टालने और फिर भूमि पूजन समारोह को रोकने का प्रयास किया किन्तु आज यह इतने मजबूर हो गये है कि कहने लगे हैं कि प्रभु श्रीराम तो सबके हैं किंतु उसमें भी उनके विचारों में विकृति उभर आती है। रामनवमी के अवसर पर सबसे अधिक असहज बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दिखाई पड़ीं । बंगाल सरकार ने दंगों का बहाना बनाकर हिन्दुओं को रामनवमी की शोभायात्रा निकालने की अनुमति नहीं दी जिससे हिंदू संगठनों को अदालत की शरण में जाना पड़ा जिसने उन्हें अनुमति दे दी”

**वर्ष 2024** में 500 वर्षों के पश्चात प्रभु राम के जन्मदिवस का उत्सवउनकी जन्मस्थली पर मनाया गया। इस अवसर पर सूर्यवंशी रामलला के भाल पर स्वयं सूर्यदेव ने अपनी किरणों से तिलक किया ये अद्भुत झअलौकिक क्षण हिन्दुओं के निरंतर संघर्ष और बलिदान के प्रसाद का क्षण था, जिसे देखकर संपूर्ण विश्व का हिंदू मन-मानस भाव विभोर हुआ। सूर्य तिलक का ये क्षण हमारी संस्कृति के पुनर्जागरण का प्रतीक क्षण है। अयोध्या के दिव्य, भव्य व नव्य राम मंदिर में प्रभु श्रीराम का सूर्य तिलक संपूर्ण सनातन हिंदू समाज के कल्याणकारी होने जा रहा है। रामनवमी का पर्व अत्यंत भव्यता और उल्लास के साथ मनाया गया। सूर्य तिलक के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के नलबाड़ी में अपनी चुनावी जनसभा के बाद हेलीकाप्टर में ही अपने टैब पर सूर्य तिलक का सीधा प्रसारण देखा। श्रद्धा भाव में तल्लीन प्रधानमंत्री ने टैब पर प्रभु राम का दर्शन करते समय भी अपने जूते उतार कर रख दिए थे, इस बात पर सभी का ध्यान गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने एक्स (ट्विटर) हैंडल पर पोस्ट किया कि, ह्लमुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है । ये सूर्य तिलक विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा।

इसके पूर्व प्रधानमंत्री मोदी ने नलबाड़ी की जनसभा में जयश्रीराम, जय सियाराम और राम लक्ष्मण जानकी झ जय बोलो हनुमान की, का उद्घोष करवा कर राम लहर को पुनः जीवंत कर दिया। सूर्य की किरणों से जब प्रभु श्रीराम का महामस्तकाभिषेक हो रहा था उस समय अयोध्या ही नहीं अपितु संपूर्ण भारत का हिंदू समाज उल्लास में डूबा हुआ था। दूर दूर से आ रहे लाखों श्रद्धालु जिनमें धनी-निर्धन, स्त्री- पुरुष,आबाल वृद्ध व समाज के सभी वर्गो के लोग थे, अत्यंत धैर्य, संयम व अनुशासन के साथ अपने प्रभु श्रीराम का दर्शन करने के लिए आतुर थेलाखों की भीड़ आने के बावजूद किसी भी प्रकार की कोई अव्यवस्था नहीं हुई । ऐसा लग रहा था कि प्रभु राम के भक्त भी प्रभु श्रीराम की तरह मर्यादित हैं। भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की इस महान घटना के दिन को भी, मुस्लिम तुष्टिकरण की विकृत राजनीति से गले तक भरे हुए राजनैतिक दलों ने अपनी सियासत चमकाने व प्रभु श्रीराम सहित संपूर्ण हिंदू सनातन समाज की आस्था का उपहास करने का अवसर बना लिया। अयोध्या में कारसेवकों का नरसंहार करने वाली समाजवादी पार्टी के नेता महासचिव रामगोपाल यादव ने कहा कि,ह्वरामनवमी को कुछ लोगों ने पेटेंट करा लिया है।ये उनकी बपौती नहीं है। देश में एक नहीं हजारों राम मंदिर हैं। वे यहीं पर नहीं रुके उन्होंने पूजा - पाठ आदि को पाखंड भी कहते हुए पूजा पाठ करने वाले हिन्दुओं को पाखंडी बता दिया। रामगोपाल यादव ने कहा कि अयोध्या में सब अशुभ हो रहा है आधे - अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई अब बीजेपी के नेता ढोल पीट रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि वह कभी मंदिर नहीं गये, मंदिर में पाखंडी जाते हैं। उधर शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत व राजद नेता मनोज झा सहित सभी मुस्लिम परस्त नेता अपने घरों से निकल आए और हिंदू समाज व राष्ट्रनायकों को उपदेश देने लगे । स्पष्ट है घमंडिया इंडी गठबंधन के लोगों को राम मंदिर से परेशानी हो रही है। श्रीराम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला आने के बाद से ही घमंडिया गठबंधन किसी न किसी प्रकार से हिंदू सनातन समाज व आस्था के केन्द्रों का अपमान करता आ रहा है। समाजवादी नेता अखिलेश यादव और राहुल गांधी रामनवमी के दिन गाजियावाबद में प्रेस वार्ता कर रहे थे और उन्होंने केवल एक पंक्ति में रामनवमी की शुभकामना दी और भाजपा की निंदा में लग गये। गाजियाबाद में रहते हुए भी उन्होंने नहीं बताया कि वह अयोध्या में राम मंदिर का दर्शन करने कब जाएंगे। अयोध्या में आ रही लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ राहुल गांधी के उन सभी सवालों का जवाब दे रही है जो वह अपनी न्याय यात्रा में जनता से पूछते रहते थे। राहुल गांधी हैं अपनी न्याय यात्रा में आरोप लगाते रहे कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में बड़े- बड़े उद्योगपति व स्टार ही दिखलाई पड़े, वहां पर न तो कोई गरीब था न ही किसान किंतु आज उन्हें हर प्रश्न का उत्तर मिल रहा है । अयोध्या में जो लाखों श्रद्धालु भगवान राम का दर्शन करने आ रहे हैं उनमें गरीब, किसान, मजदूर, बेरोजगार, महिलाएं, दलित, पिछड़े- अतिपिछड़े कौन नहीं हैं? यहाँ तक कि मुस्लिम समाज के लोग भी दर्शन करने लिए पहुंच रहे हैं। अयोध्या आ रही सभी ट्रेनें पूरी तरह से भरी हुई हैं। कांग्रेस, सपा, बसपा, आम अदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, वामपंथी और दक्षिण के द्रमुक सभी दलों ने मंदिर निर्माण के समय तरह तरह के आरोप लगाए। जब मंदिर निर्माण के लिए निधि समर्पण अभियान चलाया जा रहा था तब भाजपा व संघ को चंदा जीवी कहा गया। जब घर- घर अक्षत अभियान चलाया गया तब उस पर विकृत बयानबाजी की। कोर्ट में जाकर मंदिर निर्माण रोकने का प्रयास किया । आज यही सनातन विरोधी तत्व राम मंदिर बन जाने से आहत हैं क्योंकि ये इस विवाद की आड़ में मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति को चमकाये रखना चाहते थे।

कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में प्रभु श्रीराम को काल्पनिक बताया, जयश्रीराम को साम्प्रदायिक नारा बताया, पहले राम मंदिर पर निर्णय टालने और फिर भूमि पूजन समारोह को रोकने का प्रयास किया किन्तु आज यह इतने मजबूर हो गये हैं कि कहने लगे हैं कि प्रभु श्रीराम तो सबके हैं किंतु उसमें भी उनके विचारों में विकृति उभर आती है।



रामनवमी के अवसर पर सबसे अधिक असहज बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दिखाई पड़ीं । बंगाल सरकार ने दंगों का बहाना बनाकर हिन्दुओं को रामनवमी की शोभायात्रा निकालने की अनुमति नहीं दी जिससे हिंदू संगठनों को अदालत की शरण में जाना पड़ा जिसने उन्हें अनुमति दे दी। भड़की ममता ने रामनवमी के पवित्र अवसर पर अंग्रेजी में एक पंक्ति का एक्स (ट्वीट) पोस्ट किया और लिखा, ह्वमेन्टेन पीसह्व आजकल ममता बनर्जी के मुंह से केवल एक ही शब्द निकलता है दंगा, दंगा और दंगा। नितांत आपत्तिजनक भाषण देते हुए ममता ने कहा कि वे लोग (हिन्दू) आयेंगे किंतु आप सभी (मुस्लिम) को बिल्कुल कूल- कूल रहना है। अपने भाषणों से ममता बनर्जी मुस्लिम तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पार कर रही हैं। ममता बनर्जी की बोई नफरत का ही परिणाम था कि मुर्शिदाबाद जिले के शक्तिपुर में रामनवमी पर बम फेंके गये जिसमें 20 लोग घायल हो गये। सनातन विरोधी दल एक झूठा नैरेटिव और भी चला रहे थे कि प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में अधूरे राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करवा दी है उसका उन्हे दंड मिलेगा किंतु अब समय बदल चुका है इन दलों ने जिस प्रकार अयोध्या में दिव्य मंदिर का उपहास उड़ाया अब उसका सूद सहित बदला लेने का समय सनातन समाज के पास आ चुका है। मतदान का समय आ गया है, समस्त हिंदू समाज को ठान लेना चाहिए कि अबकी बार उन्हीं को लाना है जो प्रभु श्रीराम को लेकर आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संपूर्ण विश्व में सनातन का डंका बज रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक उत्थान की लहर चल रही है। अयोध्या में दिव्य राम मंदिर प्रगति पर है। वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम सहित समस्त वाराणसी का अभूतपूर्व विकास हो रहा है। मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकाल लोक का विकास हुआ है ।

सभी तीर्थस्थलों को रेलवे व हवाई सेवाओ के साथ लगातार जोड़ा जा रहा है। जहां कोई सपने में भी मंदिर बनवाने की बात नहीं सोच सकता था ऐसे अबूधाबी में मोदी जी एक हिंदू मंदिर का उद्घाटन करके आये हैं। अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व प्रधानमंत्री मोदी ने 11 दिनों का अनुष्ठान किया और रामायणकाल से जुड़े सभी मंदिरों की यात्रा की। सनातन संस्कृति के गौरव को बढ़ाने वाले अनेक संकल्प भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में रखे हैं।

## कविता

खुशबू सा तेरी सांसो मे ठहर जायेंगे!

पंखुड़ियां सा तेरे सामनें बिखर जायेंगे !
गजरे सा तेरे गेसुओं में संवर जाएंगे।

जरा अपनी सांसों को रखिए महफूज,
खुशबू सा तेरी सांसो मे ठहर जायेंगे।

महसूस करने की कोशिश तो कीजिए!
यादों सा तेरे दिल मे उतर जायेंगे!!

जेहन में रखकर भी, क्यों हैं इतनी दूरियां,
नजदीक आइये,थोड़ा तुझमें बिखर जाएंगे।

जरा हम पर नजरें इनायत तो करिए हुजूर,
दूर होकर भी तेरे जज्बातों में नजर आएंगे!!

इंतजार की अब इन्तेहाँ हो गई शायद,
थोड़ा हम भी तेरी जुल्फों में ठहर जाएंगे।

संजीव

# कमलनाथ को अनाथ करने की मुहिम

राकेश

**एक निशान** और एक विधान की बात करने वाली भाजपा इस समय मध्यप्रदेश में लोकसभा की छिंदवाड़ा सीट जीतने के लिए न केवल पूरी पार्टी की बल्कि प्रदेश की डबल इंजिन की सरकार की प्रतिष्ठा को दांव पर लगा बैठी है। यहां से कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। कमलनाथ कांग्रेस के उन नेताओं में से एक हैं जो राजनीति में अजेय रहकर चुनावी राजनीति से बाहर खड़े भाजपा को खीजते देख रहे हैं। मध्यप्रदेश में लोकसभा की 29 में से 28 सीटों पर चुनाव हो रहा है। एक सीट का चुनाव बसपा प्रत्याशी के निधन की वजह से स्थगित हो गया है। पिछले लोकसभा चुनाव में [2019 ] भाजपा ने कांग्रेस के अजेय युवा नेता और केंद्रीय मंत्री रहे ज्योतिरादित्य सिंधिया को ठीक जिस तरह घेरकर पराजित किया था,उसी तरह से इस बार भाजपा के निशाने पर नाथ परिवार है । सिंधिया अब भाजपा में हैं। कांग्रेस मप्र की प्रतिष्ठापूर्ण लोकसभा सीट को अपने खाते में डालने के लिए पहले कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ को पार्टी में शामिल करने जके लिए उतावली थी ,लेकिन ऐन मौके पर पार्टी में उठे विरोध की वजह से ये काम। हो नहीं पाया। अब भाजपा नकुलनाथ के बहाने कमलनाथ की राजनीतिक विरासत को छीन लेना चाहती है। मध्यप्रदेश में अकेली छिंदवाड़ा सीट ऐसी है जहां दिलचस्प चुनाव हो रहा है। यहां एक तरफ भाजपा की अक्षोहिणी सेना है और दूसरी तरफ कमलनाथ अकेले हैं। कमलनाथ 1980 से छिंदवाड़ा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ते आ रहे हैं और पिछले 44 साल में एक उप चुनाव को छोड़ कमलनाथ यहां से सदैव विजयी रहे। कमलनाथ ने छिंदवाड़ा को 9 बार जीता और जब खुद चुनाव नहीं लड़े तो एक बार अपनी पत्नी अलकानाथ को और एक बार अपने बेटे नकुलनाथ को चुनाव जितवाया। 2014 और 2019 की मोदी लहर में भी छिंदवाड़ा ने नाथ परिवार को ही चुना। छिंदवाड़ा ने अब तक हुए 17 लोकसभा चुनावों में से केवल एक बार भाजपा को मौका दिया था 1997 में लेकिन बाद में अपनी गलती सुधार ली।

मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव लड़ रहे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की राजगढ़ सीट भी है लेकिन भाजपा का फोकस केवल और केवल छिंदवाड़ा पर है।भाजपा इस बार राजगढ़ की कीमत पर छिंदवाड़ा सीट जीतना चाहती है ,क्योंकि भाजपा के भाग्यविधाताओं को लगता है की मध्यप्रदेश में अब कमलनाथ ही कांग्रेस के सबसे सम्पन्न और ताकतवर नेता बचे है। उन्हें राजनीति से बेदखल किये बिना मध्यप्रदेश से कांग्रेस को नेस्तनाबूद नहीं किया जा सकता। कमलनाथ के मुकाबले दिग्विजय सिंह भाजपा को कम खतरनाक नेता लगते है। वैसे भी भाजपा में कमलनाथ के चिंतक कम दिग्विजय सिंह के ज्यादा है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की जोड़ी कभी भी दिग्विजय सिंह के खिलाफ नहीं गयी और आज भी परोक्ष रूप से ये जोड़ी दिग्विजय सिंह की मददगार मानी जाती है।

## विचार

# नवप्रवर्तन राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि के दिशा प्रवर्त्तक

संजीव ठाकुर

**नवप्रवर्तन** राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि के दिशा प्रवर्त्तक होते हैं। किसी भी देश में समस्त प्रयासों की रचनात्मक भूमिका होनी चाहिए उसी के फल स्वरुप राष्ट्र का आर्थिक तंत्र मजबूत तथा शक्तिशाली होता है।

जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज मैं 3% नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है।

पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# जलवायु परिवर्तन पर आध्यात्मिक दृष्टिकोण

विजय गर्ग

**जलवायु परिवर्तन** पर आध्यात्मिक दृष्टिकोण प्रकृति के साथ सद्भाव के जीवन में लौटने के लिए, हमें अपनी आध्यात्मिक पहचान का एहसास करने की आवश्यकता है कुछ सदियों पहले किसी को भी जलवायु परिवर्तन की चिंता नहीं थी, क्योंकि ऐसा करने का कोई कारण ही नहीं था। लेकिन जैसे-जैसे मनुष्यों ने प्रकृति से अधिक दोहन किया और अत्यधिक जहरीले पदार्थों सहित कचरे की बढ़ती मात्रा को इसमें डाला, पारिस्थितिक संतुलन बाधित होने लगा। यह प्रक्रिया सदियों से तेज हुई है और हमें वर्तमान स्थिति में ले आई है, जहां कुछ विशेषज्ञों के अनुसार, संपूर्ण मानव जाति शीघ्र ही विलुप्त होने का सामना कर रही है। कभी-कभी जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग को भविष्य में होने वाली घटनाओं के रूप में सोचा जाता है। लेकिन वैज्ञानिकों को इस बात के बढ़ते सबूत मिल रहे हैं कि ग्रह अब बदल रहा है - और इस घटना के लिए लोगों को दोष का एक बड़ा हिस्सा लेना चाहिए। वे आगे बताते हैं कि औद्योगिक और वाहन प्रदूषण, सीएफसी के उपयोग और जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों की लूट के माध्यम से अत्यधिक कार्बन उत्सर्जन ने ओजोन परत को नष्ट कर दिया है। इसने अधिक से अधिक सौर विकिरण को पृथ्वी के वायुमंडल के अंदर फँसा दिया है। परिणामस्वरूप, पृथ्वी गर्म हो रही है जिससे हाल के दिनों में बाढ़, भूकंप, सुनामी और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक उथल-पुथल की श्रृंखला शुरू हो गई है। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए इंसानों को खुद पर काम करने की जरूरत है। मनुष्य को प्रकृति पर अधिकार करने की आवश्यकता नहीं है। मानव आत्मा उन सभी भौतिक वस्तुओं का स्वामी है। जब आत्मा स्वयं को शरीर के साथ पहचानने लगती है तो वह पदार्थ और विकारों के प्रभाव में आ जाती है। सतयुग और त्रेता युग में, जब सभी मानव आत्माओं में आत्म-जागरूकता और दिव्य गुण थे, प्रकृति उनकी आज्ञाकारी सेवक थी। प्रकृति के तत्वों ने उस युग में जीवन को सुखमय बना दिया था, जिसे धार्मिक ग्रंथों में स्वर्ग या बैकुंठ के रूप में याद किया जाता है। क्योंकि उस संसार के दिव्य प्राणी विकारों से मुक्त थे, उन्होंने कभी भी प्रकृति का शोषण या विनाश नहीं किया।

# अंतर्मन का भाषण

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**एक मंत्री जी** अपने जीवन की अंतिम साँसें गिन रहे थे। उनके पास अधिक समय नहीं था। सो उन्होंने अपने लड़के को पास बुलाया और कहा मुझे नहीं पता कि मैं और कितनी देर जी पाऊँगा। मैं चंद पलों का मेहमान हूँ। तुमने मेरे कई भाषण सुने हैं। ये सभी बाहरी भाषण हैं। इन्हें हर कोई सुन सकता है। लेकिन मैं तुम्हें आज एक भाषण सुनाऊँगा जो तुम्हें बाहर नहीं अपने अंतर्मन में हमेशा दोहराना होगा। यदि तुम इस भाषण का गूढ़ार्थ समझ गए तो तुम्हें किसी चीज की कमी नहीं खटकेगी। सफलता तुम्हारे कदम चूमेगी। तो ध्यान से सुनो भाइयो और बहनो! मैं सबको हाथ जोड़कर सिर झुकाए प्रणाम करता हूँ। आपको पता है कि मेरे पिता ने किस तरह विश्वास दिलाकर, वोट हथियाकर, विधायक बने, फिर मंत्री बनकर करोड़ो रुपए डकार गए। आपको भनक तक नहीं लगने दी। दूधमुँहे बच्चों के दूध से लेकर पूँजीपतियों को जमीन मंजूर करने तक की हर स्कीम में एक से बढ़कर एक स्कैम किए, इन स्कैमों के चलते जो नाम कमाया है, वह किसी से छिपा नहीं है। उनका नाम टाइप करने भर से गूगल का सर्च इंजन काँपने लगता है। धरती फटने लगती है। उसी फटी धरती में खुद धरती माँ समाने के लिए मचलने लगती है। सरकार ने मेरे पिता को एक सौ करोड़ रुपए देकर गरीबों के लिए घर बनाने को कहा तो उन्होंने आपको झुग्गी-झोपड़ियाँ बनाकर दी। अब आप पूछेंगे कि वे सौ करोड़ रुपए कहाँ गए, तो मैं उसका पूरा हिसाब लेकर आया हूँ। तो सुनिए, पचास करोड़ में हमारे लिए दिल्ली में सभी ऐशो-आराम वाला गेस्ट हाऊस बनवाया। शेष बचे रुपयों से अपनी रखैल के लिए शॉपिंग मॉल बनवाया। आप लोगों से आऊटर रिंग रोड के नाम पर खेती करने वाली जमीनें छीनकर प्राइवेट कंपनियों के मालिकों को बेच डाला। इतना सब करने के बावजूद किसी ने मेरे पिता को भ्रष्टाचारी कहने की हिम्मत नहीं की। न जाने कितनी हत्याएँ कीं, बलात्कार किए, जमीन हड़पी लेकिन किसी ने चूँ तक नहीं की। बल्कि उनके लिए आप विरोधियों से लड़ गए। चुनाव के समय एक दारू की बोतल, बिरयानी पैकट और एक हरी पत्ती फेंकने पर कुत्तों से भी अधिक दुम हिलाकर विश्वास दिखाने वाली आपकी कला पर हमें गर्व है।

## न्यूज फ्लैश

### बिजली ठेकेदार के घर से एल्यूमिनियम स्क्रेप चोरी

**गन्नौरः लाला गढ़ी में** बिजली ठेकेदार के घर में बने स्टोर से एल्यूमिनियम स्क्रेप से भरे कट्टे चोरी हो गए। बिजली ठेकदार ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में लाला गढ़ी के रहने वाले बिजली ठेकेदार दयानंद शर्मा ने बताया कि उसने मकान में अंदर बिजली सामान का स्टोर कर रखा है। पिछले दिनों वह अपने मकान के अंदर कमरे में सो रहा था। जब वह उठा तो उन्होंने देखा कि मकान के बहार के आंगन में दो कुर्सियां दिवार के साथ लगी हुई थी। जब उन्हें शक हुआ तो उन्होंने अपने स्टोर के अंदर जा कर देखा तो वहां रखे चार कट्टे एल्युमिनियम स्क्रेप के नहीं मिले। उन्होंन अपने स्तर पर चोर का पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस ने दयानंद शर्मा की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तेज हथियार से मां व भाई पर हमला

**गन्नौरः दातौली गांव में एक** व्यक्ति ने अपने बड़े भाई व मां पर तेज हथियार से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घायल भाई ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में गांव दातौली के रहने वाले प्रवेज ने बताया कि 18 अप्रेल को उसका छोटा भाई जावेद, मां मनिजा व उसकी पत्नि तराबु के साथ झगड़ा कर रहा था। जब उसने जावेद को झगडा करने से मना किया तो उसने घर मे पड़े लोहे के दा से उस पर हमला कर दिया। जब उनकी मां बीच बचाव करने लगी तो जावेद ने उसक पर भी दा से हमला कर घायल कर दिया। झगड़े का शोर सुन कर जब पड़ोसी आने लगे तो जावेद उन्हें जान से मारने की धमकी दे कर फरार हो गया। जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने प्रवेज की शिकायत पर आरोपित जावेद के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कैस्ट्रॉल पावर1 द्वारा प्रस्तुत इंडिया अल्टीमेट मोटोस्टार के नई दिल्ली ऑडिशन को मिला रिकॉर्ड ब्रेकिंग रिस्पॉन्स

**नोएडा। भा**रत के प्रीमियम परफॉर्मेंस लुब्रीकेंट ब्रांड, कैस्ट्रॉल पावर1 ने वायकॉन 18 और रजनी एके-डमी फॉर कम्पटीटिव रेसिंग (आरएसीआर) के साथ मिलकर एमटीवी पर प्रसारित होने वाले कैस्ट्रॉल पावर1 प्रेजेंट इंडिया अल्टीमेट मोटोस्टार के तीसरे चरण का ऑडिशन नई दिल्ली में आयोजित किया। इस कार्यक्रम में



देशभर में लगभग 10,000 रजिस्ट्रेशन में से, दिल्ली के उत्साहजनक मोटर रेसर्स की ओर से आश्चर्यजकन रूप से 2800 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन कराए गए। दिल्ली ऑडिशन में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े प्रतिभाशाली और दृढ़ निश्चयी मोटो रेसर्स की उत्साहजनक भागीदार प्राप्त हुई, इन्होंने अपनी प्रतिभा और शानदार क्षमता का प्रदर्शन किया। दिल्ली के जीवंत बाइकिंग समुदाय का जबरदस्त समर्थन मोटरस्पोर्ट उत्साह के केंद्र के रूप में शहर की स्थिति को रेखांकित करता है। प्रतिभागियों ने इंट्रोडक्टरी वीडियो के माध्यम से अपने कौशल का प्रदर्शन किया, दिल्ली में ऑन-ग्राउंड ऑडिशन में प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जिसमें आरएसीआर के विशेषज्ञों सहित सम्मानित जूरी के लिए चयन प्रक्रिया काफी चुनौतीपूर्ण रही। इस पहल के महत्व और उल्लेखनीय रिस्पॉन्स पर बोलते हुए, श्री रोहित तलवार, उपाध्यक्ष और मार्केटिंग प्रमुख, कैस्ट्रॉल इंडिया लिमिटेड, ने कहा, हम पूरे भारत में, वशिषरूप से नई दिल्ली में, जहां से हमें 2820 रजिस्ट्रेशन प्रापत हुए, मोटर रेसिंग में बढ़ती रुचि को देखकर काफी खुशी है। इंडिया अल्टीमेट मोटोस्टार के साथ हमारा उद्देश्य उभरती प्रतिभाओं को रेसिंग के प्रति उनके जुनून को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करना है, और यह उत्साही भागीदारी देश के मोटरस्पोर्ट प्रतिभा का मार्गदर्शन करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।ह्व इस पहल पर बोलते हुए, रजिनी कृष्णन, संस्थापक आरएसीआर ने कहा, भारत के मोटरस्पोर्ट खिलाड़ियों को सामने लाने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के लिए मैं कैस्ट्रॉल इंडिया को धन्यवाद देती हूं। देश के कुछ बेहतरीन मोटरसाइकिल रेसिंग प्रतिभाओं को अपनी आरएसीआर अकादमी में मार्गदर्शन करने और उन्हें वैश्विक पहचान और सफलता के लिए प्रशिक्षित करने पर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं।

# बाप-बेटे ने भगवान परशुराम के जन्मोत्सव से जुड़े प्रोग्राम स्थल का लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कांग्रेस के पुराने** नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा का परिवार भाजपा के समर्थन में एक्टिव हो चुका है। खुद विनोद शर्मा और उनके बेटे व राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा शुक्रवार को करनाल पहुंचे। दोनों ने यहां 5 मई को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर होने वाले प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन से जुड़ी तैयारियां देखी। दोनों ने कार्यक्रम स्थल का जायजा भी लिया। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर होने वाले इस प्रदेशस्तरीय महासम्मेलन में करनाल लोकसभा सीट से भाजपा के कैंडिडेट और राज्य के पूर्व मनोहर लाल मुख्य रूप से शिरकत करेंगे। 5 मई को ही मनोहर लाल का जन्मदिन भी है। इससे पहले



करनाल पहुंचने पर समाज से जुड़े लोगों ने विनोद शर्मा और उनके बेटे का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। भाजपा ने 14 अप्रैल को ही बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती पर करनाल में रैली की थी। इस रैली के जरिये भाजपा ने एससी वोट बैंक को साधने का प्रयास किया। अब 5 मई को भाजपा परशुराम जन्मोत्सव मनाकर ब्राह्मण समाज को साधने का प्रयास कर रही है। करनाल पहुंचे राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि देश को आज एक सशक्त प्रधानमंत्री की जरूरत है और वह नरेंद्र मोदी ही होंगे। देश तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी को ही प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुका है। अरविंद केजरीवाल से जुड़े सवाल पर कार्तिकेय ने कहा कि केजरीवाल को जेल के अंदर रहते हुए अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। उन्हें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि चुनाव के दिनों में अगर आप लोगों के बीच में जा रहे हैं तो किस मुद्दे को लेकर जा रहे है, क्योंकि पांच साल बाद जनता के बीच में जाना होता है और जनता अपना हिसाब जरूर करती है।

विपक्ष की ओर से इवीएम को लेकर उठाए जाने वाले सवालों पर कार्तिकेय ने कहा कि 2004 और 2009 का चुनाव इवीएम पर हुआ। ये दोनों चुनाव कांग्रेस ने जीते। वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव भी ईवीएम से हुए, जिसमें भाजपा जीती। अगर कांग्रेस जीत जाती है तो ईवीएम सही होती है और अगर वह हार जाए तो इवीएम पर सवाल उठाना शुरू कर देती है। यह पूरा विवाद बेमानी है।

## इस्कॉन द्वारा भेजे जा रहे खराब भोजन का संघ ने किया विरोध दर्ज



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :आज** राजकीय के प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र जिला प्रधान राजेंद्र टंडन की अध्यक्षता में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक से एक महत्वपूर्ण मीटिंग हुई ।जिसमें निम्न मुख्य मुद्दों पर चर्चा की गई। शिक्षकों की एचआरएमएस संबंधी आ रही समस्याओं से अधिकारी को अवगत कराया गया।इस्कॉन द्वारा दिए जा रहे मिड डे मील के खिलाफ आधिकारिक के सामने विरोध दर्ज कराया गया।जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने संघ को कहा है कि स्कूल प्रत्यक्ष सीआरसी लेवल पर एसएमसी द्वारा इस्कॉन के भोजन गुणवत्ता के बारे एक रेजोल्यूशन डाल कर संघ के पदाधिकारियों को दे। संघ द्वारा अधिकारी को दिया जाएगा।नए दाखिलों में एमआईएस पर आ रही समस्याओं से अवगत कराया गया।बाल वाटिका 3 के बच्चों के लिए पाठ्य सामग्री समय पर उपलब्ध कराई जाए।। संघ द्वारा यह मांग रखी गई।सिंगल टीचर स्कूल में अध्यापक की व्यवस्था करने के बारे में मांग रखी गई। जिसे मौलिक शिक्षा अधिकारी ने जल्द व्यवस्था करने की बात कही।बैठक में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष सतीश भारद्वाज, थानेश्वर प्रधान नरेश फूले,लाडवा प्रधान अमन पाल,पिहोवा उपप्रधान अजीत सिंह,गुरमेल सैनी,सुरेश मुकीमपुर, थानेसर कोषाध्यक्ष राम कुमार आदि मौजूद रहे।

## उम्मीदवारों के लिए भी लॉन्च की सुविधा एप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया सबसे अहम होती है और निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव प्रक्रिया में नागरिकों की पूर्ण सहभागिता जरूरी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उम्मीदवारों के लिए भी सुविधा एप लॉन्च की गई है, जिसके जरिये चुनाव लडे वाले उम्मीदवार चुनावी गतिविधियों के लिए एप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल दौर में चुनाव प्रक्रियाओं को भी डिजिटल करने का अहम कार्य चुनाव आयोग द्वारा किया है।

# युवाओं के लिए भविष्य में प्रेरणास्त्रोत बनेगा आकाशदीप

## यूपीएससी परीक्षा पास करने पर आकाशदीप को देवेंद्र कादियान ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः शहर में शास्त्री नगर** के आकाशदीप पुत्र सुशील राजकमल ने कड़ी मेहनत कर यूपीएससी की सिविल सर्विस परीक्षा में 166वीं रैंक हासिल की है। उनकी इस सफलता पर परिजनों व परिचितों में प्रसन्नता है। शुक्रवार को मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने आवास पर पहुंच कर आकाशदीप का माला पहनाकर स्वागत किया और उसके उज्वल भविष्य की कामना की। देवेंद्र कादियान ने बताया कि होनहार स्टूडेंट्स का यूपीएससी परीक्षा पास करना गन्नौर क्षेत्र के युवाओं के लिए



आकाशदीप भविष्य में प्रेरणा स्त्रोत बनेगा। युवा पीढ़ी पर ही भारत के विकास को नई दिशा देने की जिम्मेदारी है। कादियान ने कहा कि एक अधिकारी के रूप में आप कमजोर वर्ग के लोगों की समस्याओं का विशेष रूप से समाधान करने का कार्य जरूर करना। वहीं यूपीएससी परीक्षा पास करने वाले आकाशदीप ने परीक्षा की तैयारी, इंटरव्यू, विषय चयन इत्यादि के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि 4 माह भारत पेट्रोलियम में जॉब करने के बाद यूपीएससी परीक्षा की तैयारी में जुट गया। शुरूआत में 4 बार असफलता मिली, कमजोरी को दूर कर प्रयास जारी रखा। मेरा विजन पहले से ही क्लियर था कि प्रशासनिक सेवा के क्षेत्र में ही जाना है। खुशकिस्मत रहा कि जो सोचा, उस तक पहुंच गया। घरवालों ने भी पूरा सपोर्ट किया। इस अवसर पर ममता, सुशील उर्फ राजकमल, अंकुशदीप, सुनील लंबू, विवेक कादियान, चांद राठी आदि मौजूद रहे

## 14 साल की नाबालिग के साथ की छेड़छाड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सिटी थाना** क्षेत्र में एक शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जिसने रिश्तों को तार-तार कर दिया है। यहां पर फूल बेचने वाले एक कलयुगी पिता ने अपनी ही 14 साल की नाबालिग बेटी के साथ छेडछाड़ की। इतना ही आरोपी पिता ने नाबालिग को धमकी दी कि अगर उसने यह बात किसी को बताई तो उसे जान से मार देगा। बेटी का आरोप है कि उसका पिता उसे बेल्ट से पीटता था। मामला जब सीडब्ल्यूसी के पास पहुंचा तो उन्होंने नाबालिग की काउंसलिंग की और मामले की शिकायत सिटी थाना पुलिस ने पुलिस ने शिकायत के आधार पर पिता के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। बाल संरक्षण विभाग के चेयरमैन उमेश चानना ने बताया कि उनके संज्ञान में यह मामला आया था। इसके बाद उन्होंने बच्ची की काउंसलिंग की और पूरे मामले का खुलासा होने पर आरोपी पिता के खिलाफ सिटी थाना में मामला दर्ज कराया। क्योंकि पिता की मारपीट से बेटी बहुत ज्यादा डिप्रेशन में चली गई थी। उमेश चानना ने बताया कि बेटी के काउंसलिंग करने पर पता चला कि उसके पिता ने तीन शादी की हुई हैं। वह उसकी पहली पत्नी के बच्चे हैं। वह तीन भाई बहन हैं। उससे बड़ा एक भाई और सबसे बड़ी बहन है।

# अमेरिकी तैराकी कोच ने एकेडमी में तैराकों को दिया प्रशिक्षण

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**

**अमेरिकी तैराकी कोच क्रिस** मार्टिन एच एल सिटी स्थित चैम्पियन्स एक्वेटिक एकेडमी में तैराकों को प्रशिक्षण देने के लिए पहुंच गए है। क्रिस मार्टिन ने तैराकों के साथ अलग अलग जिलों से आए तैराकी कोचों को भी प्रशिक्षण दिया है। भारत को तैराकी में पहला ओलम्पिक गोल्ड मैडल दिलवाने के मकसद से स्वीमिंग फैडरेशन ऑफ इंडिया ने क्रिस मार्टिन को नेशनल प्रोग्राम डायरेक्टर एप्वाईंट किया हुआ है। 30 साल के अपने अनुभव में क्रिस मार्टिन ने



ओलम्पिक मैडलिस्ट तैराकों को भी प्रशिक्षण दिया है। भारतीय तैराकी संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने बताया कि क्रिस मार्टिन अमेरिका, यूनाईटिड किंगडम, चीन और मलेशिया के तैराकों को प्रशिक्षण दे चुके हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय तैराकों की क्षमता के साथ दक्षता बढ़ाने के मकसद से चैम्पियन्स एक्वेटिक एकेडमी में चार दिन की एक वर्कशाप भी आयोजित की गई है। इसमें अलग अलग जिलों से आए तैराकी कोचों को नई तकनीक और बेहतर तैराक कैसे तैयार होता है , विषय की बारिकीयां भी समझाई है। क्रिस मार्टिन ने सुबह और शाम के सेशन में तैराकों को भी ट्रेन किया। उन्होंने ब्रेस्ट स्ट्रॉक, फ्री स्टाईल, बैक और बटरफ्लाई के स्ट्रोक को लेकर हाथों और पैरों की पोजिशिनिंग और सांस लेने के अभ्यास को भी परखा और अपने टिप्स भी दिए। उन्होंने ओलिम्पयन स्वीमर कैसे तैयार होते हैं जैसे विषय पर कोचों को डिटेल्ड जानकारी दी है। स्वीमिंग में नई तकनीक और पुरानी तकनीक के सामंजस्य और तैराक की शैली में बेहतर बदलाव की जानकारियां भी दी है। अनिल खत्री ने बताया कि एच एल सिटी की चैम्पियन्स एक्वेटिक एकेडमी में पहले कतर और दुबई में नेशनल टीम को तैयार करने वाले तैराकी कोच अप्वाईंट किए गए है और अब बेहतर कोचिंग और तैराकों को बेहतर एक्सपोजर देने के लिए अमेरिकी कोच को बुलाया गया है।

# शहर में नहीं थम रहा मिट्टी से भरे ओवरलोड वाहनों का परिचालन

**गन्नौर शहर में मिट्टी** से ओवरलोड भारी वाहनों का परिचालन थमने का नाम नहीं ले रहा है। शहर में 24 घंटे ओवरलोड वाहनों का धड़ल्ले से परिचालन हो रहा है। ओवरलोड वाहन आसानी से खुबडू रोड से रेलवे रोड के रास्ते अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी में जाते हैं। कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति होन से वाहन मालिक बिना किसी डर के वाहनों का परिचालन कर रहे हैं। लंबे समय से अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी के लिए डाली जा रही मिट्टी स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। ओवरलोड डंपरों से लगातार मिट्टी



सड़कों पर गिर रही है। मिट्टी को ढकने के लिए डंपरों पर तिरपाल भी नहीं लगाई जा रही है। तेज गति से सड़कों पर दौड़ रहे डंपर मिट्टी व धूल के गुबार पीछे छोड़ रहे हैं। शहर के लोगों का कहना है कि मिट्टी से भरे डंपर दिन रात सड़कों पर दौड़ाए जा रहे हैं। ये सड़कों पर मिट्टी व धूल का गुबार पीछे छोड़ जाते हैं। डंपर पर न तो तिरपाल की व्यवस्था की गई है और न ही चालक सावधानी बरत रहे हैं इससे हादसे होने का भय भी लोगों में बना हुआ है। वहीं प्रशासन भी कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर रहा है।

**-पिछली सप्ताह हुई थी कार्रवाई**

इस बारे में इनफोर्समेंट इंचार्ज सुनील कुमार ने बताया कि आरटीओ टीम के साथ पिछले सप्ताह भी गन्नौर में पांच ओवरलोड भारी वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विभाग पूरी तरह से सख्त है।

## सी-विजिल एप पर आई शिकायतों का 100 मिनट के अंदर होता है निपटान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं जिला** निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल एप बनाई गई है। इस एप के माध्यम से कहीं पर यदि आदर्श आचार संहिता की उल्लघंना होती है तो 100 मिनट के अंदर सम्बन्धित शिकायत का निपटान किया जाता है। जिला करनाल में सी-विजिल एप पर अब तक 19 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 15 शिकायतों का निपटान कर दिया गया है तथा 4 शिकायतें ट्रायल बेस की थी। उन्होंने कहा कि सी-विजिल एप के माध्यम से आमजन अपने एन्ड्रॉएड मोबाईल पर प्ले-स्टोर एप से इसे डाउनलोड कर सकते हैं।

# फर्जी नंबर प्लेट लगी बस और मालिक पुलिस गिरफ्त में

**टीम एक्शन इंडिया / महेंद्रगढ़**

**बस पर दूसरी** नंबर प्लेट लगाकर प्रयोग करने के मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, आरोपित की पहचान सतबीर वासी खातोद के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपित को गांव खातोद से गिरफ्तार किया। आरोपित को न्यायलय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बस को जब्त किया और मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने एक बस को स्क्रैप में



बेच दिया था और दूसरी बस को कनीना से खरीदा था। स्क्रैप में बेची हुई बस के नंबर दूसरी बस पर लगाकर प्रयोग कर रहा था।

**कार्रवाई**

**8 आरोपित की पहचान सतबीर वासी खातोद के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपित को गांव खातोद से गिरफ्तार किया**

पुलिस द्वारा आरोपित से सख्ती से पूछताछ की जा रही है। सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम गस्त के दौरान खातोद बस अड्डा पर मौजूद थी, उसी समय टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक बस खातोद की बनी में खडी है और इस बस के मालिक सतबीर वासी खातोद ने अपनी पुरानी बेची हुई बस के नम्बर लगा रखे है। सुचना पर टीम तुरंत प्रभाव से बतलाए हुए स्थान पर पहुंची, जहां पर एक बस खडी मिली। बस के उपर बस मालिक के मोबाईल नम्बर मिले, जिन पर सम्पर्क करके बस मालिक को मौके पर बुलाया गया, बस मलिका से बस के कागाजात पेश करने बारे कहा गया। सतबीर कोई कागजात पेश नही कर सका। बस के चेसिस नम्बर चैक किए तो रजिस्ट्रेशन नम्बर मैच नहीं हुआ, जिसके चेसिस नंबर से बस का मालिक करनाल का एजुकेशन ट्रस्ट पाया गया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया और बस को जब्त कर लिया।

# मंडियों को बंद करना चाहती है भाजपा, ताकि एमएसपी न देनी पड़ेः डॉ. सुशील

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :आम आदमी** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से ह्यइंडियाह्ण गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने शुक्रवार को रादौर की अनाज मंडी में डोर टू डोर अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने घोड़ा गाड़ी की सवारी भी की और अनाज मंडी के व्यापारियों, आढ़तियों, किसानों और मजदूरों से बातचीत की और उनकी समस्याएं जानी। इस मौके पर विधायक बिशन लाल सैनी, चौधरी रणधीर सिंह, कर्मवीर बुट्टर, जगमाल, रोहित गुप्ता, सतीश शर्मा, शास्त्री शिव कुमार, प्रदीप काम्बोज, पवन काम्बोज,रूपेश, जयकिसन शर्मा, चंद्रभान ढांडा और रघुवीर सिंह मौजूद रहे।उन्होंने



कहा कि मंडी चारों तरफ से जाम है और गेहूं कट्टों में भरी पड़ी है। लेकिन उठान न होने की वजह से परेशान है। किसान मंडी के बाहर इंतजार कर रहा है कि उसको कैसे गेहूं डालने की जगह मिले। ऊपर से मौसम का कुछ पता नहीं है, जब किसान मेहनत पानी में भीग जाती है तो किसान टूट जाता है। परंतु हरियाणा सरकार को किसानों की कोई परवाह है। भाजपा सरकार ने अपने चेहतों को उठान का ठेका दे दिया है और वो उठान नहीं कर रहे। हरियाणा की सभी मंडियों के हालात ऐसे हैं। सीएम नायब सिंह भी मनोहर लाल खट्टर के नक्शे कदम पर चल पड़े हैं, वो भी किसानों को परेशान करते थे और ये भी वैसा ही कर रहे हैं।उन्होंने कहा बेहद दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि जहां पूरी दुनिया में मजदूरों की मजदूरी बढ़ती है वहीं हरियाणा में घट रही है और न मुनीम की तनख्वा बढ़ रही है। क्योंकि भाजपा सरकार ने आढ़त को ढाई प्रतिशत से डेढ़ प्रतिशत कर दिया है। भाजपा चाहती है कि आढ़ती आढ़त छोड़कर भाग जाएं और मंडी बंद हो जाए ताकि सरकार को एमएसपी न देनी पड़े। भाजपा अन्य राज्यों की तरह हरियाणा के किसान को भी मजदूर बनाना चाहती है। आज अडानी के सयालो हर जगह खुल गए हैं। जहां पर आढ़त आधी मिलती है और किसान कई किलोमीटर की लाइन में खड़ा है। इसलिए भाजपा सुनिश्चित योजना के तहत मंडी को बंद कराने में लगी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के राज में हरियाणा बेरोजगारी में नंबर वन है। जिस कारण युवा नशे की दलदल में धंसता जा रहा है। प्रदेश के युवा परेशान हैं और विदेशों की ओर पलायन करने को मजबूर हैं। प्रदेश की जनता बिजली बिलों से परेशन है, भाजपा स्कूल बंद करती जा रही है और आज महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ गया है। पुलिस कस्टडी में भी महिला का दुष्कर्म किया गया। यदि महिला जेल में भी सुरक्षित नहीं है तो कहां है।

# एकादशी पर श्रद्धालुओं ने श्री खाटू श्याम मंदिर में पहुंचकर की पूजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शहर की पुरानी** अनाज मंडी के नजदीक स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में एकादशी बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। एकादशी के अवसर पर बाबा श्याम को फूलों से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने श्री खाटू श्याम मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर में कीर्तन का आयोजन किया गया। सुबह से लेकर प्रभु इच्छा तक श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा का गुणगान किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर कीर्तन का आनंद



उठाया। मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर खाटू श्याम मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि एकादशी भगवान श्री हरि को समर्पित है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की कामदा एकादशी मनाई गई है। कामदा एकादशी के व्रत को सभी मनोकामनाओं को पूरा करने वाला माना जाता है।

# 'पहली बार किसी पीएम ने विकसित भारत बनाने की मांग की है, वो जान भी मांगेंगे तो जान दे देंगे'

## चुनाव में कभी भी प्रत्याशी नहीं देखा बल्कि पार्टी का कमल निशान ध्यान में रखकर पार्टी को जितवाने का काम किया है : विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**संकल्प**

8 मोदी 2047 के विजन को लेकर काम कर रहे हैं लेकिन विपक्ष के पास तो अगले एक साल का भी विजन नहीं

**अम्बाला:** हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज का अम्बाला शहर कचंघर लालद्वारा मंदिर के निकट स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता राम रतन गर्ग के निवास पर भाजपा नेता डॉ संजय शर्मा, जगमोहन लाल कुमार,संदीप सचदेवा, अनुभव अग्रवाल, नम्रता गोंड, सुशील अग्रवाल, रामरतन गर्ग,निर्मल विज, संजय लाकड़ा,मनोज गोयल, भारत भुषण अग्रवाल, हरिकृष्ण अग्रवाल, गुरदेव वधवा सहित शहर के कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं की ओर से जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा नेता रामरतन गर्ग ने अनिल विज को अपने निवास पर चाय पर बुलाया था लेकिन कार्यक्रम की चर्चा शहर में फैलते ही भाजपा के पुराने व वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता अनिल विज से मिलने पहुंच गए और अपने अपने मन की पीड़ा सुनाई। भाजपा के वरिष्ठ व पुराने कार्यकर्ताओं ने विज को बताया कि संघर्ष के समय उन्होंने पार्टी के लिए दिन-रात काम किया है और न दिन देखा,न रात उन्होंने चुनाव में कभी भी प्रत्याशी नहीं देखा बल्कि पार्टी का कमल निशान ध्यान में रखकर पार्टी को जितवाने का काम किया है और पार्टी ने भी उन्हें पूरा मान सम्मान दिया है` अब जब लोकसभा चुनाव चल रहा है लेकिन उन्हें कोई पूछ नहीं रहा और न ही चुनाव में काम दिया जा रहा है` नऐ नऐ चेहरे जिनका पार्टी से कभी नाता नहीं रहा और जिनकी पृष्टभूमि कांग्रेस की विचारधारा वाली रही है,सारा चुनाव उनके उपर निर्भर कर दिया है `मन को पीड़ा पहुंचती है जब पुराने कार्यकर्ता जिसने अपना जीवन पार्टी के लिए लगा दिया हो, उसे चुनाव के समय दरकिनार कर जाए`सभी की बात सुनकर विज ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पहली बार किसी मां के लाल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है और जनता से मांग की है विज ने कहा कि अगर उनसे पार्टी व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के लिए जान भी मांगेंगे तो वह हंसकर दे देंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2047 के विजन को लेकर काम कर रहे हैं लेकिन विपक्ष के पास तो अगले एक साल का भी विजन नहीं` भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने भी सम्बोधित कर अम्बाला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती बतों कटारिया के लिए चुनाव में डट जाने की अपील की और अम्बाला लोकसभा हरियाणा में सबसे ज्यादा मार्जिन से जीताने के लिए दिन-रात एक कर देने का आह्वान किया इस अवसर पर प्रकाश कौर, शशि अग्रवाल, विपिन कपुर, सुदेश जैन मिठा, डॉ सुषमन शर्मा, विपिन बत्रा, अनिल प्रसाद, सुधीर शर्मा ,राज वालिया, सुधीर चोपड़ा, मोहम्मद दानिश जमाल, अर्जुन शर्मा,कौशल जैन, बलवीर सैनी, श्रीचंद सैनी, बलजीत सिंह बालाना आदि भाजपा के पुराने, कर्मठ व प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक सहरावत चबूतरा एवं भवन के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी

**दान की**

8 खाप चबूतरा के लिए 1100 वर्ग गज भूमि गांव के दानवीर चौधरी जसवंत सिंह सहरावत ने दान की



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा: कुलदीप** सिंह बाबा छोटे वाले की पावन धरा गांव भैसरू खुर्द में अखिल भारतीय सर्व धर्म सर्वजातीय सहरावत खाप द्वारा ऐतिहासिक सहरावत चबूतरा एवं भवन के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई खाप चबूतरा के लिए 1100 वर्ग गज भूमि गांव के दानवीर चौधरी जसवंत सिंह सहरावत ने दान की वह उनके 12 वर्षीए पात्र देव सहरावत ने एक लाख रुपए का खाप को दान दिए कार्यक्रम की शुरूआत हवन यज्ञ के साथ की गई कन्या पूजन भूमि पूजन के साथ आधारशिला रखी गई पौधारोपण के कार्यक्रम विशेष तौर पर रखे गए सामूहिक प्रसाद वितरण व भंडारी का आयोजन किया गया सभी ने एक जुटता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया संपूर्ण भारतवर्ष के 10 राज्यों की सहरावत सरदारी के सभी 100 वर्षीय सहरावत बुजुर्गों को खाप की तरफ से मानंद प्रधान व दादा की उपाधि से अलंकृत किया गया खाप के राष्ट्रीय संयोजक चौधरी संदीप सहरावत और दिल्ली प्रदेश प्रधान मूलचंद सहरावत हरियाणा प्रदेश प्रधान यशपाल सहरावत पूर्व सरपंच करहंश उत्तर प्रदेश प्रधान अर्जुन सडरावत खाप के तीनों कार्यकारी राष्ट्रीय संयोजक जगदीश सहरावत मास्टर सुदेश तेजवीर दिल्ली से युवा प्रधान विकास जसवंत सहरावत तेजवीर सहरावत सभी जिला प्रधान दिल्ली उत्तर प्रदेश उत्तराखंड

हरियाणा राजस्थान पंजाब की सहरावत खाप वे अन्य गोत्र समाज के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर आशीर्वाद देने का कार्य किया चबुतरा कमेटी द्वारा सभी गांव के भाई-बहन जिला प्रधानो को प्रमुखता से कार्यक्रम को सफल बनाया और सभी दानवीर भाइयों का दिल से धन्यवाद किया

# गीता वरिष्ठ विद्यालय जौरासी रोड समालखा में दिलाई गई मतदाता शपथ

**जागरूक किया**

8 धर्म, जाति, समुदाय व भाषा से ऊपर उठकर चुनाव का अर्थ समझकर अपने मतदान का उचित प्रयोग करना चाहिए



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )** जौरासी रोड स्थित गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समालखा में जिला निर्वाचन कार्यालय पानीपत के निदेर्शानुसार 15 वर्ष से अधिक आयु वाले विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई गई ।इस अवसर पर उपप्राचार्य रमेश वत्स ने विद्यार्थियों को चुनाव के महत्व को बताया व लोकसभा चुनाव के माध्यम से किस प्रकार प्रधानमंत्री नियुक्त होता है यह प्रणाली बच्चों को विस्तार पूर्ण तरीके से समझायी गई संसद के दोनों सदनो लोकसभा व राज्यसभा के महत्व को बताया गया उन्होंने बताया कि भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य है हमें इसकी मयार्दा बनाए रखना है और गुप्त मतदान स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीका है सरकार बनाने का। उन्होंने कहा कि हमने धर्म,जाति, समुदाय व भाषा से ऊपर उठकर चुनाव का अर्थ समझकर अपने मतदान का उचित प्रयोग करना चाहिए किसी भी प्रलोभन में आए बिना अपने मत का सही प्रयोग करना चाहिए आने वाली दिन। 25 मई ,2024 को लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता शपथ दिलाई सभी बच्चों ने बड़ी निष्ठा पूर्ण तरीके से शपथ को आत्मसात किया। प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया व लोकतंत्र के महत्व को बताया इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य जितेंद्र उत्तम, प्राध्यापक विवेक शर्मा , रवि शास्त्री, रजनी , सोनिया व अन्य सभी अध्यापक गण उपस्थित रहे।

# गन्ना किसान 20 अप्रैल को सुबह 06 बजे गन्ना लेकर पहुंचे शुगर मील

**सोनीपत:** दी सोनीपत सहकारिता शुगर मील के प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने शुगर मील सोनीपत से संबंधित गन्ना किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे सभी 20 अप्रैल को 06 बजे अपना गन्ना लेकर शुगर मील पहुंचे ताकि उस गन्ने की पेराई की जा सके। उन्होंने कहा कि इसके बाद मील को बंद कर दिया जाएगा और फिर गन्ने की पेराई नहीं की जाएगी। प्रबंध निदेशक ने कहा कि वर्ष 2023-24 के दौरान शुगर मील सोनीपत में अब तक 27 लाख 65 हजार 200 क्विंटल गन्ने की पेराई की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इस गन्ने से इस वर्ष 02 लाख 83 हजार क्विंटल चीनी का उत्पादन किया गया है। उन्होंने कहा कि शुगर मील द्वारा सभी किसानों को समय पर गन्ने की पेंमेंट कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष से इस बार एक लाख 31 हजार क्विंटन गन्ने की कम पेराई की गई लेकिन इस वर्ष चीनी का केवल 03 हजार 450 क्विंटल उत्पादन कम है।

# अपोलो के सभागार में दिलाई गई विद्यार्थियों को मतदाता शपथ




**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )** लोकसभा चुनाव 2024 के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत अपोलो इंटरनेशनल स्कूल पट्टी कल्याण के ऑडिटोरियम में कक्षा आठवीं से 12वीं के विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मतदाता शपथ दिलाई गई। जिसमें अध्यापकों और विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता, निष्पक्षता एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्भीक होकर अग्रिम आम चुनाव में स्वयं और दूसरों को भी धर्म, वर्ग और जाति से परे मतदान करने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। सभागार में बच्चों को संबोधित करते हुए अलका टंडन ने कहा कि लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून तक होने निर्धारित हुए हैं। जिसके अंतर्गत हमें अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी दबाव एवं प्रलोभन के अपनी इच्छा के अनुसार जन प्रतिनिधि चुनकर करना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### समस्त पंजाबी खत्री सभा का निर्दलीय प्रत्याशी साहिल ठकराल को समर्थन

**हिसार:** सभी राजनीतिक दलों द्वारा पंजाबी समाज की हरियाणा में 35 प्रतिशत जनसंख्या होने पर भी लोकसभा चुनाव में टिकटों के बंटवारे में कोई महत्व नहीं दिया गया है। राजनीतिक दलों द्वारा सदैव पंजाबी समाज के प्रति उदासीन रवैया अख्तियार किया गया है। पंजाबी समाज के प्रति उपेक्षापूर्ण नीति के मद्देनजर समाज के प्रति जागरुक पंजाबी संगठनों के प्रबुद्ध लोगों द्वारा मीटिंग कर हिसार लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी साहिल ठकराल के पक्ष में मतदान करने व तन-मन-धन से सहयोग करने का फैसला लिया गया है। मीटिंग में समस्त पंजाबी खत्री सभा के महासचिव सुदर्शन कुमार मिनोचा, उपप्रधान अनिल वोहरा, जिला प्रधान शशी सहगल, जिला उपप्रधान रमेश ठकराल, प्रेम चौधरी अधिवक्ता, डाक्टर राजकुमार, वजीर चंद नागपाल, मोहनलाल चावला, नरेन्द्र कालरा, अशोक बतरा, दिनेश कुमार, वधवा व रघुनाथ महता रिटायर्ड कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। सभी ने सर्वसम्मति से निर्दलीय प्रत्याशी साहिल ठकराल द्वारा नशा मुक्त हरियाणा का संकल्प लेकर युवाओं में बढ़ रहे नशे की प्रवृति व नशे के कारण प्रदेश में बढ़ रहे अपराध पर रोक लगाने बारे किए गए निरंतर प्रयासों को देखते हुए उनका समर्थन करने का निर्णय किया गया है। साहिल ठकराल एक सुयोग्य, निर्भीक व संघर्षशील युवा हैं। समाज कल्याण की इस मुहिम में पूरा समाज उसके साथ सहयोग करेगा। समस्त पंजाबी खत्री समाज ने समाज के सभी वर्गों से अपील की है कि साहिल ठकराल द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान व हरियाणा में बढ़ रहे अपराधों की रोकथाम के लिए चुनाव में बढ़ चढकर हिस्सा लें व अगामी हिसार लोकसभा क्षेत्र से उन्हें भरपूर समर्थन व सहयोग देकर भारी मतों से विजयी बनाएं। नशा मुक्त हरियाणा अभियान को सफल बनाएं।

### महात्मा ज्योतिबा फुले ट्रस्ट शिक्षा के लिए कर रहा अधिक प्रयास: राजू कचियाडे



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षा विकास ट्रस्ट द्वारा लगातार बेटियों की शिक्षा के लिए प्रयास किया जा रहा है। ट्रस्ट की महिला प्रदेश अध्यक्ष स्वीटी रंगा और चेयरमैन मिहा सिंह रंगा ने बताया कि एक बेटी का ग्रेजुएशन का दाखिला हल्का शाहबाद के गांव तगोरी के भाई राजू कचियाडे ने डॉ भीमराव अंबेडकर की याद में सहयोग किया । राजू ने कहा कि स्वीटी रंगा और मिहा सिंह रंगा के मार्गदर्शन में महात्मा ज्योतिबा फुले ट्रस्ट हमेशा ही सराहनीय कार्य कर रहा है ।हम सभी को इनका इस पवित्र कार्य में सहयोग करना चाहिए।स्वीटी रंगा ने कहा कि ट्रस्ट हमेशा ही आर्थिक गरीब परिवारों की लड़कियों को पढ़ाने का कार्य कर रह है ताकि बेटियां पढ़ लिखकर अपने पैरों पर खड़ी होकर अपना भविष्य बना सकें। सभी से प्रार्थना है कि बेटियों की शिक्षा के लिए आप सभी अधिक से अधिक प्रयास करें ताकि कोई भी बेटी अनपढ़ न रहे।

# मोहनलाल बड़ौली ने राई विधानसभा क्षेत्र का किया दौरा



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** भाजपा सोनीपत लोकसभा प्रत्याशी मोहनलाल बडोली ने राय विधानसभा के रसूलपुर, ग्यासपुर, पबनेरा और उमेदगढ़ गांवों में जनसम्पर्क किया। कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष, जिला महामंत्री, मण्डल महामंत्री और गांव के सरपंच भी उपस्तिथ रहे। गांव के लोगों ने फूलों की मालाएँ पहनाकर बडोली का स्वागत किया। इस मौके पर गांव के नागरिकों के साथ मिलकर मोहन लाल बडोली ने उनकी आवाजें सुनी, समझा की लोग किस प्रकार की आशाएं सरकार से रखते हैं और उनकी आशाओं को कैसे पूरा किया जा सकता है। इस दौरान जनता को सम्बोधित करते हुए मोहनलाल बड़ौली ने मोदी सरकार के वर्ष 2014 के बाद किये गए विकास और विभिन्न योजनाओं से जनता को अवगत कराया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के फायदे और इनका जनता के जीवन में कैसे उतारा गया है, इस पर चर्चा की।

# मुरलीधर डीएवी विद्यालय मे धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

**जयंती**

8 सर्वप्रथम छात्र द्वारा महात्मा हंसराज जी के त्याग को स्मरण करते हुए छात्रों द्वारा समूह गान प्रस्तुत किया




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण मे महात्मा हंसराज जयंती व विद्यालय स्थापना दिवस अति हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम छात्र द्वारा महात्मा हंसराज जी के त्याग को स्मरण करते हुए छात्रों द्वारा समूह गान प्रस्तुत किया, तत्पश्चात डी ए वी विद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य मे छात्रों ने विद्यालय के संगीत अध्यापक श्री दिनेश द्वारा रचित गीत प्रस्तुत किया।

विद्यालय का वार्षिक (2024-25) एक्टिविटी कैलेंडर का विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी व विद्यालय के सभी कोऑर्डिनेटर, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर श्रीमती मंजू व सीमा द्वारा विमोचन किया गया। इस कैलेंडर का डिजाइन डॉ सूरी व सीमा व मंजू द्वारा तैयार किया गया था। तत्पश्चात इन सभी के द्वारा केक काटा गया व विद्यालय का स्थापना दिवस मनाया गया। छात्रों का उत्साह देखते ही बनता था वे अति उत्साहित लग रहे थे। डॉ आर आर सूरी ने छात्रों को विद्यालय के स्थापना दिवस की बहुत-बहुत बधाई दी व महात्मा हंसराज जी को स्मरण करते हुए कहा कि हम सब मे हंसराज जी कि भांति निस्वार्थ भाव की भावना होनी चाहिए व त्याग की भावना होनी चाहिए। उनके जीवन की बातों को हमें अपने जीवन मे अमल करना चाहिए।

डी ए वी की जो नैतिक शिक्षा के माध्यम से छात्रों को नैतिक शिक्षाएं दी जाती है उन्हें धारण करते हुए जीवन मे आगे बढ़ना चाहिए व एक सफल नागरिक बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि डीएवी भी अपने छात्रों को पंछियों की भांति उड़ान भरने के लिए तैयार करते है व उनके पंखो को मजबूत अर्थात उनमे भौतिकवादी भी व आध्यात्मिक व धार्मिक प्रवृति को छात्रों मे उत्पन्न करती है जिनके माध्यम से वह जीवन मे एक ऊँची उड़ान भरने मे सक्षम होते हैं। अंत मे राष्ट्रीय गीत द्वारा कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# दरबार अनोखा सरकार अनोखी, खाटू वाले की हर बात अनोखी...

## श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति द्वारा श्याम कॉलोनी में श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**समां बांधा**

8 माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में गायक उमेश और हर्ष गोयल ने श्याम भजनों से समां बांधा

**कुरुक्षेत्र:** श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.), खाटू धाम कुरुक्षेत्र द्वारा श्याम कॉलोनी में श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और महासचिव रमेश शर्मा ने बताया कि आयोजक इंद्र कुमार वर्मा परिवार ने श्याम पूजन किया। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में गायक भारत उमेश और हर्ष गोयल ने श्याम भजनों से समां बांधा। साथ ही हनुमान जी के भी भजन सुनाए गए। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। दरबार अनोखा सरकार अनोखी, खाटू वाले की हर बात अनोखी..., काली कमली वाला मेरा यार है..., हारा हुआ हूं बाबा तुम हाथ तो बढ़ाओ..., सांवरी सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया..., मैं तेरी हो गई रे सांवरिया सरकार... और चल खाटू की नगरी सेठ बना देगें बाबा... इत्यादि भजनों पर श्याम प्रेमी मस्ती में झूम उठे। समिति पदाधिकारियों ने श्याम भक्तों से निवेदन किया कि श्याम मंदिर में मंदिर विस्तार हेतु निर्माण कार्य आरंभ हो गया है अतः इस पुनीत कार्य में यथासंभव सहयोग प्रदान करें। श्याम गाथा में बताया कि कलयुग में खाटू श्याम जी की पूजा से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। खाटू श्याम जी के संपूर्ण जीवन चरित्र में बताया कि खाटू श्याम जी हारे के सहारे हैं, इन्हें तीन बाणधारी भी कहा जाता है। अपनी माता को दिए हुए वचन के अनुसार जो भी हार कर इनके दरबार में जाता है, उसकी यें पूरी सुनवाई करते हैं। भजनों के पश्चात श्याम जी को भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे में भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। श्री श्याम आरती में प्रधान सुभाष सुखीजा, उपाध्यक्ष अटल शर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष चोपड़ा व राजेश मौदगिल, एल डी कंबोज, विनीत राजपाल, राजू छाबड़ा, अशोक शर्मा, राकेश चौहान, अशोक अरोड़ा, लवकेश शर्मा, विजय गुलाटी, डा.प्रवीण शर्मा, अनिरुद्ध, नरेश सैनी, कृष्ण कुमार, शेर सिंह शेरा और ललित अत्री सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रही।

# भाजपा की आंखों में खटकते है रणदीप सुरजेवाला: मधुसूदन बवेजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**साधा निशाना**

8 सुरजेवाला कांग्रेस के सूझबूझ वाले नेता है और कांग्रेस पार्टी में जिम्मेवार पद पर आसीन है।

**कुरुक्षेत्र:** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला भाजपा की आंखों में खटकते है। रणदीप सुरजेवाला इंडियन नेशनल कांग्रेस के सूझबूझ वाले नेता है और कांग्रेस पार्टी में जिम्मेवार पद पर आसीन है। हर कार्य अपनी पूरी जिम्मेवारी से निभाते है, एक मृदुशाली व पढ़े लिखे नेता है। रणदीप सुरजेवाला ने कर्नाटक में पार्टी को सत्ता पर पहुंचाया। भाजपा के काले चिठ्ठे हर रोज खोलते है। रणदीप सुरजेवाला को राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ-साथ राहुल गांधी का पूर्ण समर्थन है। डर उनसे कोसों दूर है। प्रदेश की जनता उनको भावी मुख्यमंत्री के रूप में देख रही है। लोकसभा चुनाव के पार्टी स्टार प्रचारक है। बवेजा ने कहा कि रणदीप सुरजेवाला कांग्रेस पार्टी को अधिक से अधिक सीटें जितवा करके देश में इंडियन गठबंधन की सरकार बनाएंगे और मोदी सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएंगे। सत्ता में आने पर राहुल गांधी के गारंटी कार्ड को अमली जामा देंगे और देश में भाईचारा का माहौल बनाएंगे। नौजवानों को, महिलाओं को, किसानों-मजदूरों को उनका हक दिलवाएंगे। बवेजा ने

# देश हित को ध्यान में रखते हुए भाजपा के पक्ष मे करें मतदानः सुमन सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। मुख्यमंत्री नायब** सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने आज गांव काछवा में करनाल लोकसभा के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव प्रत्याशी नायब सिंह सैनी का चुनाव प्रचार किया। काछवा मे मुख्यमंत्री पत्नी सुमन सैनी का गांव के सरपंच दीपक एवं डा अरूण शर्मा के निवास पर हर्ष शर्मा, डा. उपासना एवं डा. अरूण शर्मा द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सुमन सैनी ने जहां अध्यात्मिक और सामाजिक कार्य करने का संदेश दिया, वहीं लोगों से आह्वान किया कि देश में तीसरी बार लगातार मोदी सरकार चुनें। करनाल विधानसभा से नायब सिंह सैनी को विधायक चुनें। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सबसे ज्यादा वोटों से जितवाकर लोकसभा भेजें। उन्होंने उपस्थित लोगों से अनुरोध किया कि आप सभी देश हित के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करें और घर-घर जाकर भाजपा के लिए वोट मांगें। उन्होंने आह्वान किया कि वह नायब सिंह सैनी को विधायक बनाएं, ताकि वह राजनीति के माध्यम से जन सेवा के कार्य निरंतर करते रहें। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव को मिलाकर हमें 11 सीटों का शगुन पूरा करना है। जनता वोट की ताकत दिखाते हुए मोदी को फिर से प्रधानमंत्री चुनें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न होते तो राम मंदिर नहीं बनता। धारा 370 हटाने का साहस और कोई नहीं कर सकता था। भावी पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए मोदी सरकार को चुनें। सुमन सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मुख्यमंत्री रहते हरियाणा का विकास बिना भेदभाव के हुआ। बिना खर्ची बिना पर्ची के नौकरियां दी गई। अब यही कार्य मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। इस अवसर सुमन सैनी के साथ चैयरपर्सन निर्मला बैरागी,करनाल की निवर्तमान मेयर रेणु बाला गुप्ता, रेखा आनंद, मेघा भंडारी, मीना काम्बोज, सरपंच सुशीला देवी,श्री मति हर्ष शर्मा, डा. उपासना, जोगिंदर प्रधान, मंडल अध्यक्ष अमर नाथ ठक्कर, मंडल महामंत्री बंसी लाल, कैप्टन जोगिंदर सिंह के अतिरिक्त अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# करनाल में विभिन्न कार्यक्रमों में पहुंची मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। प्रदेश के मुख्यमंत्री** एवं करनाल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने मजदूरों, किसानों, कर्मचारियों, महिलाओं, युवाओं सहित सभी वर्गो को ध्यान में रखते हुए काम कर रही है और अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं, जिसका जनता को पूरा लाभ मिल रहा है। यही वजह है कि आज भारतीय जनता पार्टी देश की लोकप्रिय पार्टी बन चुकी है। मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी आज करनाल पहुंची। यहां उन्होंने आज कई कार्यक्रमों में शिरकत की और करनाल विधानसभा उप चुनाव और लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जगह-जगह सुमन सैनी का स्वागत किया गया और लोगों ने हाथ उठाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने का वायदा किया। सुमन सैनी कलामपुरा में हरपाल कलामपुरा के निवास पर, बैंक कालोनी में गीता परोचा, सुनीता गुप्ता पत्नी अरविंद गुप्ता मॉडल टाउन पहुंची और भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सुमन सैनी ने सेक्टर-12 स्थित शीशपाल राणा के निवास पर दोपहर भोज किया। सुमन सैनी ने कहा कि नायब सैनी प्रदेश की जनता की सेवा में जुटे हुए हैं और अब भविष्य में भी यह सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा। जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ है और उसी आशीर्वाद से आज देश और प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ है।

## न्यूज फ्लैश

### दिल्ली स्थित मणिपाल हॉस्पिटल द्वारा झज्जर में एपिलेप्सी के मरीजों के लिए विशेष ओपीडी का आयोजन किया गया

**झज्जर :** न्यूरोलॉजिकल विकार, चाहे घातक हों या घातक ना हों, पर भारत में गैर-संचारी और संचारी बीमारियों का भार बढ़ाने में मुख्य योगदान देते हैं1। इन न्यूरोलॉजिकल विकारों में से एक है, एपिलेप्सी, जो सबसे आम न्यूरो समस्याओं में से एक है। भारत में यह बीमारी हर 1,000 लोगों में से 5.59 लोगों को प्रभावित करती है, और यह संख्या हर साल बढ़ती जा रही है।झज्जर में एपिलेप्सी के मरीजों को परामर्श देने के लिए, द्वारका, नई दिल्ली स्थित मणिपाल हॉस्पिटल के प्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ. अनुराग सक्सेना गुरुवार, ने 18 अप्रैल को ओंकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का दौरा किया। डॉ. सक्सेना नियमित रूप से ओपीडी के लिए झज्जर आते हैं और लोगों को ओपीडी का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करते है। एपिलेप्सी के बढ़ते मामलों के बारे में मणिपाल हॉस्पिटल द्वारका में न्यूरोसर्जरी विभाग के एचओडी और कंसल्टैंट, डॉ. अनुराग सक्सेना ने कहा, एपिलेप्सी एक जटिल न्यूरोलॉजिकल विकार है, जो हर दिन के साथ आम होता जा रहा है। इनमें से ज्यादातर का कारण दौरों के इलाज में विलंब करना है। यह समस्या आम तौर से बहुत छोटी उम्र में या वृद्धावस्था के साथ शुरू होती है। पर किसी भी उम्र का व्यक्ति इससे प्रभावित हो सकता है। हालाँकि एपिलेप्सी का कोई इलाज नहीं है, लेकिन इसे चिकित्सकीय रूप से प्रबंधित किया जा सकता है। चिकित्सा प्रबंधन के प्रति प्रतिरोधी होने की स्थिति में, एपिलेप्सी के प्रकार, अवधि और कारण के आधार पर सर्जरी की जाती है। यहां तक कि कीटो आहार भी बच्चों में एपिलेप्सी के प्रबंधन में मदद करता है। ये तरीके मरीजों को उनके लक्षणों को प्रबंधित करने और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद कर सकते हैं। इसलिए न केवल अपनी जीवनशैली के प्रति सतर्क रहना जरुरी है, बल्कि समय पर निदान करके तुरंत इलाज शुरू करना भी आवश्यक है।झज्जर में नियमित ओपीडी द्वारा मणिपाल हॉस्पिटल द्वारका का उद्देश्य लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर-दराज न जाना पड़े। मणिपाल हॉस्पिटल्स के पास स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता का केंद्र है। यहाँ गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए अत्याधुनिक इलाज और सर्जरी की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में कार्डियक कैथ लैब का उद्घाटन

**हिसार।** महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा ने आरकेएम कार्डियक सेंटर प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी में, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के माध्यम से एक अत्याधुनिक कार्डियक कैथीटेराइजेशन लैब का उद्घाटन किया है। इस कैथ लैब की शुरूआत मार्च 2024 में हुई थी और इसने अपनी स्थापना के महज एक महीने के भीतर ही 50 से अधिक एंजियोप्लास्टी और 100 कार्डियक प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक पूरा करने की उपलब्धि हासिल कर ली है। इस केंद्र का नेतृत्व आरकेएम



कार्डियक सेंटर प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राघव शर्मा कर रहे हैं, जो जटिल एंजियोप्लास्टी, रोटाब्लेशन, सीटीओ मामलों और आईवीयूएस / ओसीटी / एफएफआर-निर्देशित एंजियोप्लास्टी में विशेषज्ञ हैं। उन्हें 40,000 से अधिक हृदय संबंधी प्रक्रियाएं पूर्ण करने का श्रेय जाता है। डॉ. शर्मा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को इस कार्डियक सेंटर के संचालन की देखरेख करेंगे। उनके साथ डॉ. अशोक कुमार भी शामिल रहेंगे, जिनके पास गुरुग्राम के एक प्रमुख अस्पताल में सेवाएँ देने का व्यापक अनुभव है। वे फतेहाबाद जिले के प्रमुख हृदय रोग विशेषज्ञ के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। अग्रोहा और हिसार के सभी लोगों को सस्ती और सुलभ हृदय देखभाल की सुविधा मिल सके, इसी उद्देश्य से महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा ने यह पहल की है। इस सहयोग के माध्यम से, संस्था का लक्ष्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाना और समुदाय की हृदय संबंधी स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से पूरा करना है।

# गौरिश बने स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड अंबेसेडर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। करनाल के** होनहार खिलाड़ी गौरिश राणा को नगर निगम करनाल की ओर से स्वच्छ भारत अभियान का ब्रांड अंबेसेडर नियुक्त किया गया है। बता दें कि गौरिश राणा ने स्टेट ओपन लॉन टैनिस टूनामेंट में अंडर-10 में प्रथाम स्थान हासिल किया था। इसके अलावा हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप 2022 में प्रथम स्थान हासिल किया था व 2023 में भी गौरिश राणा विजेता रहे थे। जसबीर राणा ने बताया कि गौरिश दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर-7 का छात्र है। गौरिश करनाल का एक होनहार खिलाड़ी जिसने प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर करनाल का नाम रोशन किया है। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने गौरिश राणा को ब्रान्ड अंबेसेडर नियुक्त किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी की पत्नी सुमन सैनी ने भी गौरिश को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि गौरिश ने आल इंडिया टेनिस एसोसिएशन की ओर से आयोजित ऑल इंडिया रेंकिंग टेनिस टूनामेंट में अंडर-12 सेमी फाइनल में भी विनर रहे थे। जयपुर में आइटा की ओर से आयोजित चैंपियनशिप में भी अंडर-12 में फर्स्ट रनर अप रहे। गौरिश राणा को विधायक हरविंद्र कल्याण, निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, समाजसेवी बृज गुप्ता, एडवोकेट भूपेंद्र सिंह राठौर, दयाल सिंह पब्लिक स्कूल प्रिंसिपल शालिनी नारंग, राजपूत सभा के प्रधान डाण एनपी सिंह, राणा अक-ेडमी से जोगिंद्र राणा, हरियाणा ब्राह्मण खाप के प्रदेशाध्यक्ष अशोक शर्मा, टेनिस कोच आकाश नागर, ब्राह्मण सभा के जिला प्रधान सुरेंद्र बड़ौता, समाजसेवी एसपी चौहान, डा. जयदीप आर्य, सुनील गुप्ता गऊशाला प्रधान, पवन गर्ग खादी ग्राम उद्योग संघ हरियाणा, अग्रवाल समाज के युवा उप प्रधान पंकिल गोयल व पंकज गोयल ने बधाई दी और कहा कि गौरिश राणा ने बहुत ही कम उम्र में यह उपलब्धियां हासिल की हैं, जो करनाल के लिए गर्व की बात है।

# 'गेहूं की फसल अवशेषों को आग लगाने पर रहेगी पाबंदी'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। जिला उपायुक्त** उत्तम सिंह ने धारा-144 के अंतर्गत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिले में गेहूं की फसलों के अवशेषों में आग लगाने पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाई है। उपायुक्त ने आदेशों में कहा कि खेतों में किसानों द्वारा गेहूं कटाई का सीजन चल रहा है। ऐसे में कुछ किसानों द्वारा कंबाईन से और कुछ द्वारा हाथों से गेहूं की कटाई की जा रही है। ऐसे समय में अगर खेतों में बचे हुए गेहूं के अवशेषों को आग लगाते हैं तो इससे मानव जीवन को खतरा रहता है, कानून व्यवस्था बिगडने की आशंका और पर्यावरण प्रदूषण भी होता है। उन्होंने कहा है कि जनहित को ध्यान में रखते जिला की करनाल की सीमा में भारतीय दंड संहिता 1973 की धारा 144 के तहत गेहूं की फसल के अवशेषों को जलाने पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाई जाती है।

# यूपीएससी में चयनित दीपांशु गुप्ता का एसपी ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**



**नारनौल। गत दिवस** यूपीएससी के घोषित परिणाम में ऑल इंडिया में 119 वीं रैंक प्राप्त करने वाले नारनौल के मोहल्ला चंदूवाडा दीपांशु गुप्ता का आज नारनौल के एसपी क्ढर अर्श वर्मा ने स्वागत किया तथा दीपांशु गुप्ता व उनके परिजनों को बधाई दी। इस मौके पर दीपांशु गुप्ता के चाचा पब्लिक हेल्थ के सीनियर लेखा अधिकारी मुकेश गुप्ता, मार्केट कमेटी के पूर्व चैयरमैन जेपी सैनी, नारनौल के प्रसिद्ध समाजसेवी अनिल अग्रवाल पिंक सिटी वाले भी उपस्थित थे। दीपांशु गुप्ता एवम उनके परिवार को पूर्व चेयरमैन जेपी सैनी व अनिल अग्रवाल ने भी बधाई दी और कहा कि उन्हें गर्व है कि दीपांशु गुप्ता ने देश भर में 119 वी रैंक प्राप्त करके नारनौल का नाम रोशन किया है।

# भाजपा 400 पार और कांग्रेस 40 पार को लेकर लड़ रही लडाईः डा. अशोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। भाजपा लोकसभा** मीडिया प्रभारी डा. अशोक कुमार ने कहा कि 2024 के चुनावों में भाजपा 400 सीटों से ज्यादा पर जीतकर फिर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रही है, जबकि दूसरी ओर कांग्रेस 40 सीटों से अधिक सीटों पर जीतने के लिए भी मशक्कत कर रही है। पूर्व पार्षद एवं भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी डा. अशोक कुमार ने कहा कि आज देश की जनता मोदी की गांरटी पर विश्वास करती है। देश के लोगों का मानना है कि जो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी है, वह शत प्रतिशत सही साबित होगी। देश की जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। लोगों का मानना है कि विपक्षी दल वोट बटोरने के खातिर कुछ भी झूठे आश्वासन दे सकते हैं। डा. अशोक कुमार ने कहा कि आज देश का नेतृत्व मजबूत हाथों में है और देश लगातार तरक्की की राह पर चल रहा है। देश में फोरलेन सडकें बनाई गई हैं। रेलवे और एयर कनेक्टिविटी जोड़ी गई है। पिछले 10 सालों में 23 नए एम्स बनाकर लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा प्रदान की गई है। डबल इंजन की सरकार ने 24 घंटे बिजली देने का काम किया है, जबकि 2014 से पहले बिजली आते ही नहीं थी। डबल इंजन सरकार के कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज हरियाणा के किसी भी गांव से बेटी को पढने के लिए कॉलेज में जाने के लिए 20 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय नहीं करनी पड़ती।

# बाबा रूपादास जी महाराज का मेला आज

**टीम एक्शन इंडिया / नारनौल**

**बाबा रूपादास जी** महाराज का मेला गांव छापड़ा सलीमपुर में आज 20 अप्रैल को भरेगा। मेले में बाबा का भंडार, जागरण व खेल प्रतियोगिताएं होगी। जानकारी देते हुए मेला कमेटी प्रधान रामसिंह मेले में कबड्डी में प्रथम आने वाली टीम को 31 हजार व द्वितीय को 21 हजार, क्रिकेट में प्रथम को 7100 व द्वितीय को 5100 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। मेले में 51 रुपए से लेकर 21 हजार रुपए तक की कुश्ती करवाई जाएगी। रात्रि को सरधाना एंड पार्टी द्वारा बाब की महिमा का गुणगान किया जाएगा। इसके अलावा पूजा शर्मा, कशिश चौधरी अपनी प्रस्तुति देंगी।

# कॉलेज छात्र पर हुआ हमला, जान बचाने के लिए बैंक में घुसा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। सेक्टर-9** की हुडा मार्किट के पास कार सवार युवकों ने कॉलेज छात्र पर लाठी, डंडो व तेजधार हथियारों से हमला बोल दिया। युवक हमलावरों से बचने के लिए इंडियन बैंक के अंदर भी घुस गयाए, लेकिन युवक बैंक के अंदर घुस गए और उस पर लाठी डंडे बरसा दिए। बैंक में मौजूद लोगों ने कोई बीच-बचाव नहीं किया और तमाशबीन बने रहे। पीड़ित के दोस्तों का काफी समय पहले हमलावर युवकों के साथ कोई झगड़ा हुआ था और इसी रंजिश के चलते हमला किया गया है। बैंक वालों ने घटना की सूचना डायल.112 को दी। पुलिस मौके पर पहुंच गई। चोट लगने से छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया था। ईआरवी ने ही घायल को करनाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। मेडिकल करवाने के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस की दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करनाल निवासी 19 वर्षीय जयंत दयाल सिंह कॉलेज में बीए का छात्र है। 18 अप्रैल की दोपहर करीब डेढ़ बजे छात्र अपनी बाइक पर सवार होकर कॉलेज से घर लौट रहा था। जैसे ही वह सेक्टर-9 में हुडा मार्किट के सामने पहुंचा तो उसके सामने अचानक काले रंग की कार आई। कार चालक ने उसकी बाइक के आगे कार अड़ा दी और कार में से कुछ युवक लाठी डंडे व तेजधार हथियारों से साथ उतरे।जयंत इन युवकों को पहचानता है। छात्र को आभास हो चुका था कि अब उस पर हमला होने वाला है, जिससे बचने के लिए वह सेक्टर-9 के इंडियन बैंक में घुस गया। हमलावर भी उसके पीछे बैंक में जा घुसे और हथियारों के साथ उस पर हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले से बैंक में भी अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जयंत के पिता संदीप चौधरी ने बताया है कि उसके बेटे पर युवक हमला कर रहे थे, लेकिन बैंक में किसी भी व्यक्ति की हिम्मत नहीं हुई कि बीच बचाव कर सके।

हमलावर जयंत को बाहर खीचकर ले जाना चाहते थे, लेकिन जयंत ने बैंक में ही कुर्सी और मेज को कस कर पकड़ा हुआ था, लेकिन मारपीट करके उससे मेज कुर्सी भी छुड़वा दी और घसीटते हुए उसे बैंक के बाहर ले गए, जहां पर उसके साथ मारपीट की गई।

# 'कल्याणकारी विकास के दम पर तीसरी बार बनेगी मोदी सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। कुरुक्षेत्र भाजपा** प्रभारी एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगमोहन आनंद ने कहा कि कल्याणकारी विकास और मजबूत संगठन के दम पर केंद्र और प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनेगी। नरेंद्र मोदी की सरकार ने साढे 9 साल में देश को तरक्की की राह दिखाई है। केंद्र की योजनाओं का सभी वर्गों को समान रूप से लाभ मिल रहा है। भारत को मजबूत बनाने का काम मोदी सरकार ने किया है। जगमोहन आनंद ने कहा कि मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश को विकास के मामले में सबसे आगे लाकर खड़ा कर दिया है। अब नायब सैनी प्रदेश में विकास को गति देने में लगे हैं। मनोहर लाल एक सच्चे सेवक हैं, जो सांसद बनकर करनाल लोकसभा की जनता की सेवा करेंगे।

# पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। कस्बा निसिंग** क्षेत्र में पीर बाबा चौक बदनारा रोड पर महिंद्रा पिकअप गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि बाइक चालक घायल हो गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। राहगीरों की सहायता से घायल को निसिंग के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पिकअप गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव चकदा निवासी 57 वर्षीय सतबीर सिंह का पानीपत में ढाबा है। मंगलवार की शाम करीब साढ़े 4 बजे वह अपने एक रिश्तेदार संजय नरवाल के साथ बाइक पर सवार होकर पानीपत से अपने घर लौट रहा था। संजय मंगलौर गांव का रहने वाला है। बाइक संजय ही चला रहा था और सतबीर सिंह बाइक पर पीछा बैठा हुआ था। जैसे ही बाइक पीर बाबा चौक बदनारा रोड के पास पहुंची तो तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने बाइक को सीधी टक्कर मारी। टक्कर लगते ही दोनों सडक पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होता देख आस पास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और दोनों को राहगीरों ने निसिंग के सरकार अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने सतबीर सिंह को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल संजय का उपचार शुरू कर दिया। घटना की सूचना के बाद पुलिस इआरवी निसिंग के अस्पताल में पहुंची और निसिंग पुलिस को सूचित किया। इसके बाद निसिंग थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में मॉर्चुरी हाउस में भेज दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया।

# 'हिट-एंड-रन दुर्घटना में व्यक्ति की मृत्यु होने पर मिलेगा मुआवजा'

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार** ने कहा कि हिट-एंड-रन दुर्घटना में व्यक्ति की मृत्यु होने पर पीड़ित परिवार को हिट-एंड-रन दुर्घटना मुआवजा स्कीम-2022 के तहत दो लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए पीड़ित परिवार को जिस व्यक्ति का मृत्यु हुई है उसकी पोस्टमार्टम रिर्पाट संबंधित एसडीएम कार्यालय में जमा करवानी होगी। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि इस संबंध में आपको पास जो भी आवेदन आए उसपर तुरंत कार्यवाही करते हुए पीड़ित परिवार को दो लाख का मुआवजा दिलाने का कार्य करें। उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने लघु सचिवालय में आयोजित जिला सडक सुरक्षा कमेटी की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्कूल वाहन के कारण होने वाली सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन सजग एवं सतर्क है। उन्होंने आरटीए विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी में निर्धारित मानकों व मापदंडों की अवेहलना करने वाले स्कूली वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए स्कूल वाहनों के चालान करें और आवश्यकता पड? पर उनके वाहनों को जब्त करें। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों को विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए तय नियमों की पालना हर हाल में करनी होगी, अवहेलना पर कोई माफी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई सहन नहीं की जाएगी, इसलिए निरंतर स्कूली वाहनों की चैंकिग करें। उपायुक्त ने कहा कि शहर में ऐसे स्कूल में है, जिनमें स्कूली वाहन नहीं है ऐसे भी बच्चे ऑटो व वैन के माध्यम से स्कूलों में पहुंचते है। उन्होंने कहा कि इन वाहनों की भी निरंतर चैकिंग करें कि ये वाहनों में क्षमता से ज्यादा बच्चों को न बैठाए अगर कोई ऐसा करता पाया जाता है तो पुलिस विभाग उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस मामले के संदर्भ में सभी स्कूलों में पीटीएम करवाना सुनिश्चित करें ताकि ऑटो या वैन के माध्यम से स्कूल पहुंचने वाले बच्चों के अभिभावकों को यह ध्यान दिलावा जा सके कि वे जिस वाहन में अपने बच्चे को स्कूल भेज रहे हैं वह सुरक्षित भी है या नहीं। बैठक में उपायुक्त सडक दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए कड़े निर्देश दिए कि दुर्घटनाओं पर लगाम लगाई जाए, ताकि लोगों के जान-माल की हानि न हो। इसके लिए हर जरूरी कदम उठायें। सडक दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए गहरी चिंता जताई। उन्होंने संबंधित रोड निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को झकझोरते हुए कहा कि इन दुर्घटनाओं में अनिवार्य रूप से कमी लाई जाए, जिसके लिए हर प्रकार के बंदोबस्त करें। हर जान की कीमत होती है। इसलिए जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। रोड की खराब स्थिति के कारण कोई दुर्घटना नहीं होनी चाहिए। इस दौरान सडक दुर्घटना में हुई मौतों की विस्तृत जानकारी न उपलब्ध करवाने को लेकर पुलिस विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कहा कि अगली बैठक में जिला में सडक दुर्घटना में हुई मौतों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करें कि दुर्घटना का क्या कारण था, कितने व्यक्तियों की मौत हुई, उनकी फोटो तथा दुर्घटना का उचित स्थान आदि। उपायुक्त ने विभिन्न सडक मार्गों की जर्जर हालत पर निराशा जताते हुए समयबद्धता के साथ दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

# नरेला: रामनवमी पर हुआ लववंशीय महासम्मेलन

**नई दिल्ली/एक्शन इंडिया**
**बाहरी दिल्ली के नरेला** में प्याऊ मनियारी रोड़ स्थित कंफर्ट जोन में रामनवमी के अवसर पर लववंशीय महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर रामनवमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और श्री राम वंदना कर की गई। लववंशीय खत्री खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रणबीर सिंह खत्री के नेतृत्व में हुए समारोह में दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित कई राज्यों के हजारों की संख्या में लवंशीय लोग शामिल हुए। समारोह में पहुंचे सभी लवंशीय लोगों का जीत नंबरदार, आर्य समाज नरेला के प्रधान संजय खत्री, धर्मवीर खत्री, प्रदीप ठोलेदार, राज थानेदार, सुरेश, शीलू, बलवीर, रजनीश खत्री, राज, महावीर, जोगेंद्र, हरि आदि ने चंदन तिलक लगाकर पटका पहनाकर ढोल नगाड़ो के साथ भव्य स्वागत किया। मंच संचालन प्रो. रोहतास खत्री व डॉ.कुलदीप आर्य ने संयुक्त रूप से किया। समारोह से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ किया गया व हनुमान मंदिर से विशाल ज्योत शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान लववंशीय समाज के उन लोगों को पटका पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। जिन्होंने खेल, शिक्षा, नौकरी आदि में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर समाज का नाम रोशन किया जिसमें प्रमुखता से प्रो कबड्डी लीग में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले गौरव खत्री, (पुणेरी पलटन) जतिन खत्री बॉडीबिल्डिंग, पोरुष खत्री किक बॉक्सिंग, पुष्कर खत्री कुश्ती, (नरेला) रवि राइफल शूटिंग, निर्भय, आर्यन बास्केटबॉल (गांव भैंसा) पारुल हैंडबॉल (बांकनेर) प्रदीप खत्री, प्राची खत्री, बॉक्सिंग (इस्माईला) धर्म खत्री बास्केटबॉल (नागोरी) ज्योति एयर राइफल शूटिंग (शेरशाह) शिक्षा के क्षेत्र में परिमल खत्री, बबीता खत्री, शिक्षा उपनिदेशक मंजू खत्री, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित डीसीपी खत्री, राष्ट्रपति पदक विजेता डीएसपी प्रदीप खत्री, शौर्य चक्र विजेता मेजर विकास, प्रो. रोहतास खत्री रहे। समारोह में वक्ताओं ने लववंशीय समाज के लोगों व भावी पीढ़ी को नशे की बुराइयों के प्रभावों से अवगत कर सजग रहने एवं समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया, वहीं दहेज प्रथा को बंद करने व रात में होने वाली शादियों पर लगाम लगाने की बात कही। वही हरियाणा के इस्माईला गांव के लववंशीय लोगों ने आगामी रामनवमी पर्व व महासम्मेलन इस्माईला में धूमधाम से मनाने की घोषणा की। समारोह की अध्यक्षता चौधरी सूरजमल खत्री ने की। कार्यक्रम के अंत में लव वंशीय खत्री खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रणबीर सिंह खत्री ने सभी लोगों का धन्यवाद करते हुए इसी प्रकार से मिलजुल कर समाज के विकास के लिए आगे बढ़ाने की कामना की। समारोह पश्चात में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।





## लाल किले पर मनाया जाएगा दिल्ली फतेह दिवस: कालका

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों के नेतृत्व में कमेटी की टीम ने निहंग सिंह प्रमुख बाबा बलबीर सिंह से मुलाकात करते हुए उन्हें दिल्ली फतेह दिवस समागमों में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र दिया।
इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए सरदार कालका और सरदार काहलों ने कहा कि इस साल दिल्ली फतेह दिवस 27 और 28 अप्रैल को लाल किले पर मनाया जा रहा है, 27 अप्रैल को कीर्तन दरबार होगा और 28 अप्रैल को गुरु की निहंग सिंह फौज गतका (सिख मार्शल आर्ट) का प्रदर्शन करेंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी इन कार्यक्रमों के लिए सभी पंथ संगठनों को आमंत्रित कर रही है, जिसमें शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, पंजाब के पंथक दल व संत समाज को भी निमंत्रण पत्र दिए जाएंगे, जिसके तहत दिल्ली कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों की टीमों की डयुटी लगाई गई है यह सभी विभिन्न शहरों में पहुंचकर निमंत्रण पत्र सौंपेगे। फतेह दिवस पर इस बार के कार्यक्रम माता गुजर कौर जी को समर्पित किये जा रहे हैं। संगत को माता गुजर कौर जी के जीवन इतिहास से परिचित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाल किले पर इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य लोगों को सिख पंथ के समृद्ध और अद्वितीय इतिहास से अवगत कराना है।



## महात्मा हंसराज को अर्पित किये श्रद्धा सुमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: नेशनल** एजुकेशनल मीडिया नेटवर्क के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हंसराज कालेज के पूर्व छात्र शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने संघ के मुख्यालय बरवाला में आर्य समाज के दैदिप्यमान नक्षत्र महात्मा हंसराज की 160वीं जयंती के अवसर महात्मा हंसराज को कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पंजाब प्रांत में स्वामी दयानंद की स्मृति में दयानंद ऐंग्लो वैदिक विद्यालयों, डीएवी स्कूलों और कालेजों के स्थापना करने वाले महात्मा हंसराज ही थे।

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद ने श्रीराम के राजनीतिज्ञ स्वरूप पर आयोजित की गोष्ठी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: केन्द्रीय आर्य** युवक परिषद के तत्वावधान में श्री राम का राजनीतिज्ञ स्वरूप विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कोरोना काल से 635वां वेबिनार था। वैदिक प्रवक्ता आर्य रविदेव गुप्ता ने कहा कि श्री राम एक श्रेष्ठतम राजनीतिज्ञ थे। भारत में महान व्यक्तियों को दैवीय रूप में प्रदर्शित करने की परम्परा रही है जिससे उनका पुण्य स्मरण तो स्थायी हो जाता है परंतु उनके महान लौकिक कार्य ढ़क जाते हैं। योगेश्वर श्री कृष्ण की चपल छवि के कारण उनका कूटनीति स्वरूप तो प्रकट हो गया पर श्री राम का सरल छवि के कारण राजनीतिज्ञ स्वरूप ढक गया। श्री राम ने आजीवन आर्य व्रत में व्याप्त अराजकता, बिखरी राज सत्ता को संगठित किया। समस्त वनवासी बंधुओं को जोड़ कर सबके प्रिय बने। उन्होंने अखंड भारत की स्थापना का अद्भुत कार्य किया जिसे छात्रों को पाठ्य पुस्तक में पढ़ने की आवश्यकता है। उनके द्वारा स्थापित राज्य व्यवस्था को राम राज्य का नाम दिया गया है जिसे आज भी प्रयोग किया जाता है। आज 500 वर्ष बाद श्री राम पुनर्स्थापित हो गए हैं।



# समस्याओं को लेकर शिक्षा निदेशक आर एन शर्मा से मिला राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ दिल्ली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: राजकीय विद्यालय** शिक्षक संघ दिल्ली के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा निदेशक आर एन शर्मा से शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुलाकात की।
**हज यात्री शिक्षकों को हज एनओसी जारी करने के दिए निर्देश:** शिक्षक संघ के महासचिव अजय वीर यादव ने बताया कि आज की मुलाकात शिष्टाचार भेंट के साथ शिक्षकों की समस्याओं को लेकर शिक्षक संघ के चयनित प्रतिनिधियों के साथ संपन्न हुई। हाल ही में ज्वलंत समस्या मुस्लिम शिक्षक साथियों की हज यात्रा के संबंध में विभाग द्वारा एनओसी के ना मिलने की थी। एनओसी के ना मिलने के चलते हज यात्री शिक्षक अपनी धार्मिक यात्रा से वंचित रह सकते थे।
इस पर शिक्षा निदेशक ने तत्काल संबंधित अधिकारियो को हज यात्रा हेतु एनओसी की प्रक्रिया तुरंत पूरा कर प्रदान करने के आदेश दिये।
**वेतन की समस्या को लेकर शिक्षा निदेशक ने दिया आश्वासन:** खजूरी स्थित एक नया विद्यालय प्रारंभ हुआ है जिसमें आस-पास के विद्यालयों से 319 शिक्षकों को सरप्लस कर नए विद्यालय के लिये वैकल्पिक व्यवस्था की थी।
इस व्यवस्था के कारण ना तो नए विद्यालय में ना ही पुराने विद्यालय में शिक्षकों का इस माह का वेतन नहीं बन पाया। इस विषय पर शिक्षा निदेशक ने शिक्षक संघ की माँग पर पीएफसी को स्थगित कर वेतन समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।
**इस दौरान संघ के कई शिक्षक पदाधिकारी रहे मौजूद:** प्रतिनिधि मंडल में शिक्षक संघ के पदाधिकारी हरगोविंद सिंह, संदीप भारद्वाज, डॉ संजीव झा, बीएल शर्मा, प्रदीप दाहिया व उषा किरण ने अपने-अपने जिले के शिक्षकों की समस्याओं से शिक्षा निदेशक को अवगत करवाया। वहीं मामलें में शिक्षा निदेशक ने शिक्षकों की समस्याओं के निवारण के लिए प्रतिनिधिमंडल को पूर्णतः आश्वस्त किया तथा समय-समय पर प्रतिनिधिमंडल को मिलकर समस्याएँ रखने की सलाह दी। इस बीच प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा निदेशक को पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया।





## 5 मई से ओपीडी सेवाएं होगी शुरू: सरदार हरमीत सिंह

**नई दिल्ली: दिल्ली सिख गुरुद्वारा** प्रबंधन कमेटी ने कई सालों से बंद पड़े बाला साहिब अस्पताल यानि गुरु हरिकृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में 5 मई से ओपीडी सेवाएं शुरू करने का ऐलान किया है और यह भी कहा है कि अस्पताल में जरूरतमंदों को ओ.पी.डी. सेवाएँ निःशुल्क प्रदान होंगी। आज यहां एक महत्वपूर्ण संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि जब दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के चुनाव हुए थे, तो हमारे विरोधियों ने गुरु हरिकृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के कार्यों में बाधा डालने के लिए अदालतों सहित कई रणनीतियां अपनाईं जो सभी फेल हो गई। हमने समस्याओं का चरणबद्ध तरीके से समाधान किया और अब गुरु हरिकृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में ओपीडी सेवाएं शुरू करने की तैयारी कर ली है तथा 5 मई को गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश, गुरबाणी कीर्तन व अरदास के पश्चात सेवाएं शुरू की जाएंगी। उन्होंने यह भी बताया कि अस्पताल में आधुनिक मशीनरी लगाई जा रही है जिससे विभिन्न बीमारियों के इलाज में सुविधा होगी और पेशेवर डॉक्टर इस अस्पताल में अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने कहा कि इससे पहले बाला साहिब अस्पताल में मुफ्त डायलिसिस सेवा चल रही है और अब तक 75 हजार लोग इस सेवा से लाभान्वित हो चुके हैं। इस तरह से असंख्य मरीज गुरुद्वारा बंगला साहिब के चल रहे मेडिकल सेंटर में 50 रुपये में एमआरआई और सीटी स्कैन करा चुके हैं। इस मौके पर उन्होंने यह भी बताया कि इस बार दिल्ली फतेह दिवस 27 और 28 अप्रैल को लाल किले पर मनाया जा रहा है, जिसमें पहले दिन कीर्तन दरबार होगा और अगले दिन गुरु की प्यारी निहंग सिंहों की फौज के जत्थे अपने जौहर दिखाएंगे। आयोजन के लिए पांचों तख्तों के जत्थेदार साहिबानों, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सहित सभी पंथक संगठनों को निमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं।



## फिल्म अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने किया रघुराम ज्वैलर्स का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: राजधानी दिल्ली** के पीतमपुरा में रघुराम ज्वैलर्स के उद्घाटन में पहुंची मशहुर फिल्म अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने रघुराम ज्वैलर्स का उद्घाटन विधिवत हवन पूजा के साथ किया। जहां कांग्रेस के पंजाब प्रभारी देवेंद्र यादव और रोहिणी जिला पुलिस के अतिरिक्त उपायुक्त आलोक कुमार पहुंचे।
उसके बाद फिल्म अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने रिबन काटकर विधिवत शुभारंभ किया।
रघुराम ज्वैलर्स के ओनर राम यादव ने बताया की रघुराम ज्वैलर्स एक प्रतिष्ठित ब्रांड है जिसके पहले शोरूम का उद्घाटन भी करिश्मा कपूर कर चुकी है और आज कपिल विहार स्थित नए शोरूम का उद्घाटन करिश्मा कपूर के हाथों किया गया है। उद्घाटन के मौके पर पहुंची फिल्म अभिनेत्री करिश्मा कपूर को देखने के लिए उनको चाहने वाले हजारों की संख्या में उपस्थित थे जो अपनी पसंदीदा हीरोइन की एक झलक पाने को बेताब थे। वही रघुराम ज्वेलर्स के उद्घाटन के मौके पर पहुंची करिश्मा कपूर ने भी अपने प्रशंसक को निराश नहीं किया और जमकर सेल्फी खिंचवाई। उद्घाटन के मौके पर करिश्मा कपूर ने रघुराम ज्वेलर्स की प्रशंसा करते हुए बोली कि इनके ओनर राम यादव प्रशंसा के पात्र हैं और उनके ज्वेलर्स शोरूम में गुणवत्तापूर्ण जेवरात मिलता हैं। रघुराम ज्वेलर्स ग्राहकों के लिए भरोसे का प्रतीक है।



# निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने किया विशाल भंडारे का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** जहांगीरपुरी वार्ड में माँ जगदम्बे की कृपा से रामनवमी के पावन अवसर पर माता भगवती का 37वां विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक अजेश यादव के सुपुत्र युवराज यादव सहित आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज रामनवमी के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। उन्होंने आगे बताया कि माता रानी और प्रभु श्रीराम सभी के जीवन में खुशियां लाये, जिससे की सभी का कल्याण हो सके। उन्होंने आगे बताया कि सत्य की हमेशा ही जीत होती है, इसलिए सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी को मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम के जीवन से सीख लेनी चाहिए और हमेशा ही सभी का आदर करना चाहिए।

# मंडियों को बंद करना चाहती है भाजपा, ताकि एमएसपी न देनी पड़ेः डॉ. सुशील गुप्ता

चुनावी यात्रा

8 "इंडिया" गठबंधन के तहत आप के लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता की शाहाबाद में चुनावी यात्रा



टीम एक्शन इंडिया/ रादौर /कुरुक्षेत्र
आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडियाह्न गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने शुक्रवार को रादौर की अनाज मंडी में डोर टू डोर अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने घोड़ा गाड़ी की सवारी भी की और अनाज मंडी के व्यापारियों, आढ़तियों, किसानों और मजदूरों से बातचीत की और उनकी समस्याएं जानी। इस मौके पर विधायक बिशन लाल सैनी, चौधरी रणधीर सिंह, कर्मवीर बुट्टर, जगमाल, रोहित गुप्ता, सतीश शर्मा, शास्त्री शिव कुमार, प्रदीप काम्बोज, पवन काम्बोज,रूपेश, जयकिसन शर्मा, चंद्रभान ढांडा और रघुवीर सिंह मौजूद रहे।
उन्होंने कहा कि मंडी चारों तरफ से जाम है और गेहूं कट्टों में भरी पड़ी है। लेकिन उठान न होने की वजह से परेशान है। किसान मंडी के बाहर इंतजार कर रहा है कि उसको कैसे गेहूं डालने की जगह मिले। ऊपर से मौसम का कुछ पता नहीं है, जब किसान मेहनत पानी में भीग जाती है तो किसान टूट जाता है। परंतु हरियाणा सरकार को किसानों की कोई परवाह है। भाजपा सरकार ने अपने चेहतों को उठान का ठेका दे दिया है और वो उठान नहीं कर रहे। हरियाणा की सभी मंडियों के हालात ऐसे हैं। सीएम नायब सिंह भी मनोहर लाल खट्टर के नक्शे कदम पर चल पड़े हैं, वो भी किसानों को परेशान करते थे और ये भी वैसा ही कर रहे हैं।
उन्होंने कहा बेहद दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि जहां पूरी दुनिया में मजदूरों की मजदूरी बढ़ती है वहीं हरियाणा में घट रही है और न मुनीम की तनख्वा बढ़ रही है। क्योंकि भाजपा सरकार ने आढ़त को ढाई प्रतिशत से डेढ़ प्रतिशत कर दिया है। भाजपा चाहती है कि आढ़ती आढ़त छोड़कर भाग जाएं और मंडी बंद हो जाए ताकि सरकार को एमएसपी न देनी पड़े। भाजपा अन्य राज्यों की तरह हरियाणा के किसान को भी मजदूर बनाना चाहती है। आज अडानी के सयालो हर जगह खुल गए हैं। जहां पर आढ़त आधी मिलती है और किसान कई किलोमीटर की लाइन में खड़ा है। इसलिए भाजपा सुनिश्चित योजना के तहत मंडी को बंद कराने में लगी है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के राज में हरियाणा बेरोजगारी में नंबर वन है।

# समस्त पंजाबी खत्री सभा का निर्दलीय प्रत्याशी साहिल ठकराल को समर्थन

रवैया

8 राजनीतिक दलों द्वारा सदैव पंजाबी समाज के प्रति उदासीन रवैया अख्तियार किया गया है।



टीम एक्शन इंडिया/हिसार
सभी राजनीतिक दलों द्वारा पंजाबी समाज की हरियाणा में 35 प्रतिशत जनसंख्या होने पर भी लोकसभा चुनाव में टिकटों के बंटवारे में कोई महत्व नहीं दिया गया है। राजनीतिक दलों द्वारा सदैव पंजाबी समाज के प्रति उदासीन रवैया अख्तियार किया गया है। पंजाबी समाज के प्रति उपेक्षापूर्ण नीति के मद्देनजर समाज के प्रति जागरुक पंजाबी संगठनों के प्रबुद्ध लोगों द्वारा मीटिंग कर हिसार लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी साहिल ठकराल के पक्ष में मतदान करने व तन-मन-धन से सहयोग करने का फैसला लिया गया है। मीटिंग में समस्त पंजाबी खत्री सभा के महासचिव सुदर्शन कुमार मिनोचा, उपप्रधान अनिल वोहरा, जिला प्रधान शशी सहगल, जिला उपप्रधान रमेश ठकराल, प्रेम चौधरी अधिवक्ता, डाक्टर राजकुमार, वजीर चंद नागपाल, मोहनलाल चावला, नरेन्द्र कालरा, अशोक बतरा, दिनेश कुमार, वधवा व रघुनाथ मेहता रिटायर्ड कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।
सभी ने सर्वसम्मति से निर्दलीय प्रत्याशी साहिल ठकराल द्वारा नशा मुक्त हरियाणा का संकल्प लेकर युवाओं में बढ़ रहे नशे की प्रवृति व नशे के कारण प्रदेश में बढ़ रहे अपराध पर रोक लगाने बारे किए गए निरंतर प्रयासों को देखते हुए उनका समर्थन करने का निर्णय किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### मैरिज हॉल में लगी आग, मची भगदड़

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद
फरीदाबाद के सेक्टर-11 स्थित कर्मवीर गार्डन में बने मैरिज हॉल में गुरुवार की रात एक शादी समारोह के दौरान आग लग गई। आग लगते ही वहां भगदड़ मच गई तो सभी लोग बाहर निकल गए और जान की हानि नहीं। इस घटना में मैरिज हॉल जलकर राख हो गया। मौके पर पुलिस और दमकल विभाग की टीम पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मैरिज हॉल के अंदर लड़की की शादी का समारोह चल रहा था,तभी शॉर्ट सर्किट हो गया और अचानक आग लग गई।
मौके पर मौजूद लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की गई लेकिन सफलता नहीं मिली।जिसके बाद मौके पर पुलिस टीम समेत फायर ब्रिगेड की गाडि़ों पहुंची और आग पर काबू पाया। लोगों यह भी कहना है कि जैसे ही वहां पर मौजूद सिक्योरिटी गार्ड और कर्मचारियों को आग के बारे में पता चला तो तुरंत प्रभाव से लाइट काट दी गई ताकि यह आग और न फैले। उनका कहना है कि हॉल के अंदर लगभग 100 लोग मौजूद थे। जब आग हल्की थी तो बुझाने की कोशिश की गई। सिलेंडर बाहर फेंका गया लेकिन जब आग बेकाबू हो गई तो पुलिस प्रशासन और फायर ब्रिगेड की गाड़ी को फोन किया गया। सेक्टर 11 चौकी इंचार्ज मोहित का कहना है कि उन्हें डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली। जिसके तुरंत बाद वह मौके पहुँचे और जांच की। उन्होंने बताया को आग शोर्ट सर्किट के कारण लगी है।

### एसीबी ने पानीपत में एसएचओ व एक अन्य पर दर्ज किया रिश्वत लेने का केस

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़
हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो ने पानीपत जिले में कार्यरत निरीक्षक तथा एक अन्य व्यक्ति पर भ्रष्टाचार के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में आरोपित धर्मेंद्र को देर रात एक लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था, जबकि दूसरा आरोपित निरीक्षक बिलासाराम मौके से फरार हो गया।
सरकारी प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि एसीबी की टीम को शिकायत मिली थी कि पानीपत के सेक्टर -13/17 पुलिस थाने में कार्यरत एसएचओ बिलासाराम तथा एक अन्य व्यक्ति धर्मेंद्र शिकायतकर्ता के दोस्त का नाम एफआईआर में से निकालने के बदले में एक लाख की रिश्वत की मांग रहे हैं। इसकी शिकायत पर एंटी करप्शन ब्यूरो करनाल की टीम ने दोनों आरोपितों को पकड़ने के लिए योजना बनाई। इसके बाद एसीबी की टीम ने जाल बिछाकर आरोपित धर्मेंद्र को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया लेकिन दूसरा आरोपित निरीक्षक मौके से फरार हो गया। इस मामले में दोनों आरोपितों के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो करनाल पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज किया है।

### पुलिस करेगी निरंतर गश्त तो अपराधियों के हौंसले होंगे पस्त : कुलदीप सिंह

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद
डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को एनआईटी जॉन के सभी थाना की ईआरवी टीम की मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक में एनआईटी जोन में बेहतर कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए उचित कदम उठाए गए।
इस मौके पर डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह ने पुलिस टीम को निर्देश देते हुए कहा कि वह अपने-अपने क्षेत्र में नियमित गश्त करें जिससे एनआईटी जोन में होने वाली चोरी तथा स्नैचिंग जैसी वारदातों पर अंकुश लगाया जा सके।
उन्होंने कहा कि पुलिस को देखकर अपराधी किसी प्रकार की वारदात को अंजाम देने की हिम्मत नहीं करते और पुलिस एरिया में जितनी अधिक दिखाई देगी अपराधियों के हौसले उतने ही पस्त होंगे। रात के समय यदि कोई महिला, बच्चे या बुजुर्ग अकेले मिले और उनका घर पहुंचने का कोई साधन नहीं मिल रहा हो या उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना करना पड़ रहा हो तो उनको सुरक्षित घर पहुंचाया जाए।
यदि गश्त के दौरान कोई लड़ाई झगड़ा या कोई एक्सीडेंट होता हुआ दिखाई दे उसकी इवेंट स्वयं बनाकर संबंधित थाना को सूचित किया जाए तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया जाए। रात के समय नशा खोरी से संबंधित समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए डीसीपी एनआईटी ने बताया की सभी इआरवी अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में नियमित गश्त करें ताकि नशे के कारण होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।

### आग लगने पर डायल करें 101 नंबर

राजन पुरी
ऊनाः ऊना के अग्निशमन कर्मियों ने औद्योगिक क्षेत्र पंडोगा में आग के बारे में आमजन को अलर्ट किया है। इस दौरान फायर टीम ने पेट्स फार्मा प्राईवेट लिमिटेड, आईटीआई पंडोगा, पीएचसी दौलतपुर में अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूक किया। दमकल कर्मियों ने आग से बचाव के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारियां दी। प्रशिक्षण सत्र के दौरान लीडिंग फायरमैन अशोक कुमार ने आग लगने की स्थिति में त्वरित और सही ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए जरूरी तकनीकों और सावधानियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर आमजन व छात्रों ने कर्मचारियों के प्रशिक्षण के महत्व को समझाया।

# चुनाव लोकतंत्र का महापर्व, इसलिए निर्भीक होकर करें मतदानः उपायुक्त राहुल

संदेश

8 -राजकीय महिला कॉलेज, भोडिया खेड़ा की छात्राओं ने श्रृंखला बनाकर मतदान करने का दिया संदेश




फतेहाबाद। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आयोजित विभिन्न गतिविधियों में भाग लेती राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा की छात्राएं।

टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद,
उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है, इसलिए नागरिक निर्भीक होकर मतदान करें। प्रजातांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार एवं मतदान का बहुत ही महत्व है। उन्होंने जिला के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के पात्र विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे यह संकल्प ले कि वे अपने आसपास के 10-10 मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करेंगे।
उपायुक्त ने कहा कि 25 मई को जिला में लोकसभा का चुनाव है। इस दिन सभी अपने घर से निकलकर शत प्रतिशत मतदान कर जिला फतेहाबाद का मान बढ़ाएं। उन्होंने बताया कि जिला में मतदाता प्रतिशत बढ़ाने के साथ-साथ अधिक से अधिक लोगों द्वारा मतदान करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रैली, मानव श्रृंखला, मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, मतदाताओं से हस्ताक्षर, मतदाताओं को अपील करते हुए वीडियो, रील मेकिंग, मतदान के लिए शपथ कार्यक्रम व अन्य माध्यमों से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा की छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा छात्राओं ने मेरा वोट-मेरा अधिकार विषय पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर भी शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली।
छात्राओं ने शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# डीएवी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल समालखा में दिलवाई गई मतदाता शपथ

टीम एक्शन इंडिया/समालखा 19 अप्रैल ( कुलदीप सिंह )
डी ए वी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल समालखा में मतदाता शपथ दिलवाई गई ।
दयानंद सदन इंचार्ज मीनाक्षी सेतिया तथा मीनाक्षी चोपड़ा के निर्देशन में, मतदाता शपथ दिलवाने के लिए पहली कक्षा से 12वीं कक्षा तक सभी विद्यार्थियों और अध्यापक गण तथा कर्मचारी गण विद्यालय परिसर में इक्ट्ठा हुए। इसके पश्चात मुगेंद्र राठी ने बताया कि अपने मत का प्रयोग बड़े ही सोच समझकर करें क्योंकि अच्छी सरकार बनाने के लिए हमारा वोट बड़ा कीमती है हम सोच समझ कर ही एम एल ए और एमपी का चुनाव करें अच्छी सरकार बनाने में अच्छे लोगों का चयन करना नितांत आवश्यक है । इसके बाद आठवीं कक्षा के लक्ष्य ने अंग्रेजी में तथा सुनैना ने हिंदी में सभी को मतदाता शपथ दिलवाई।



### गोंदपुर बुल्ला और भड़ियारां में मतदाता को किया जागरूक

राजन पुरी
ऊनाः लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित बनाने के लिए, जिला प्रशासन मतदाताओं को जागरूक व प्रेरित करने के प्रयास में जुटा है, ताकि कोई भी नागरिक व युवा मतदाता अपनी वोट का प्रयोग करने से वंचित न रहे सके। इसी कड़ी में व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी कार्यक्रम (स्वीप) के तहत शुक्रवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोंदपुर बुल्ला और भड़ियारां में मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने के मकसद से प्रथम आईआरबीएन बनगढ़ के एकलव्य कलामंच ने ग्रामवासियों को नुक्कड़ नाटक व गीत-संगीत के जरिए वोट के महत्व बारे जागरूक किया।

# अनुराग ढांडा ने राज्यसभा सांसद संजय सिंह से की मुलाकात



टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली/ चंडीगढ़, 19 अप्रैल*
हरियाणा आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने वीरवार देर शाम को राज्यसभा सांसद संजय सिंह से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच देश में मौजूदा राजनीतिक हालात और हरियाणा के विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। इसके साथ जेल प्रशासन द्वारा दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार को भी चर्चा की।
अनुराग ढांडा ने संजय सिंह को हरियाणा में प्रचार का दिया न्यौता और साथ हरियाणा में इंडिया गठबंधन और कुरुक्षेत्र लोकसभा में आगे की रणनीति को लेकर भी चर्चा हुई। इसके साथ आगामी दिनों में हरियाणा में चुनाव प्रचार को लेकर भी विचार विमर्श हुआ। राज्यसभा सांसद संजय सिंह हरियाणा में चुनाव प्रचार का न्यौता स्वीकार किया।
उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र लोकसभा में संजय सिंह 30 अप्रैल व 2 मई को जनसभा को संबोधित करेंगे और बीजेपी की तानाशाही नीतियों की पोल खोलने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहा है। बीजेपी सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्षी पार्टी के नेताओं पर झूठे केस लगाकर उनको जेल में डाल रही है। जनता लोकसभा चुनावों में इसका वोट की चोट से इसका जवाब देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर कस्टडी में सीएम अरविंद केजरीवाल की इन्सुलिन रोकी गई है।वो 30 साल से शुगर के पेशेंट हैं। उनको 54 यूनिट इन्सुलिन रोज दी जाती थी। कस्टडी में जेल प्रशासन सीएम अरविंद केजरीवाल को इन्सुलिन नही लेने दे रहा है। उनका शुगर लेवल 300 तक पहुँचा। ये उनको जेल में मारने की साजिश की जा रही है। पूरे देश की जनता इस तानाशाही का जवाब देगी।

# पीसीपीएनडीटी की एडवाइजरी कमेटी बैठक में हुआ विचार विमर्श

बैठक आयोजित

8 मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई



टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद,
गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम की अनुपालना में जिला में चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा के लिए हुडा सेक्टर-3 स्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला में प्रसव पूर्व भ्रूण लिंग जांच की रोकथाम, संदिग्धों पर छापामार कार्रवाई तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को गति देने के लिए चलाए जा रहे अभियानों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।
पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. निरपाल चंद ने जिला में नए अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, आईवीएफ केंद्रों का रजिस्ट्रेशन करने सहित अन्य मुद्दों को बैठक में रखा। उन्होंने बताया कि कन्या भ्रूण हत्या करना व करवाना पाप है। इसके अलावा यह सामाजिक बुराई के साथ-साथ कानूनी अपराध भी है। कन्या भ्रूण हत्या की सूचना देने वाले व्यक्ति को एक लाख रुपये तक की ईनाम राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके लिए सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि लड़का-लड़की में कोई अंतर न समझे।
लिंगानुपात में सुधार के लिए मिलजुलकर कार्य करे और समय-समय पर छापामार कार्यवाही में संबंधित अधिकारी व सदस्य अपडेट रहे। उन्होंने बताया कि भारत में कन्या भ्रूण हत्या और गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए भारत की संसद द्वारा पारित एक संघीय कानून है। इस अधिनियम से प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण पर प्रतिबंध है। ऐसे में अल्ट्रासाउंड या अल्ट्रासोनोग्राफी कराने वाले जोड़े या करने वाले डॉक्टर, लैब कर्मी को सजा और जुमार्ने की सजा का प्रावधान है।

# कालका और पंचकूला विधानसभा में 21 व 28 अप्रैल को होगी सीएम की रैली

धूआंधार प्रचार

8 बंतो कटारिया की जीत को प्रचंड जीत में बदलने के लिए भाजपा नेताओं ने झोंकी ताकत



टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला
हरियाणा की 10 की 10 सीटों को जीतने के लिए भाजपा का धूआंधार प्रचार जारी है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी विधानसभा अनुसार लगातार विजय संकल्प रैलियां कर रहे हैं। इसी कड़ी में अंबाला लोकसभा की प्रत्याशी बंतो कटारिया के समर्थन में सीएम सैनी कालका विधानसभा और पंचकूला विधानसभा में 21 और 28 अप्रैल को रैलियां करेंगे। दोनों रैलियों को ऐतिहासिक बनाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, पूर्व विधायक लतिका शर्मा ने पूरी ताकत झोंक दी है। सभी नेता हर रोज जनसंपर्क कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को रैलियों में आने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।
प्रदेश मीडिया सह प्रभारी नवीन गर्ग ने बताया कि कालका विधानसभा की रैली 21 अप्रैल को नेताजी स्टेडियम रायपुर रानी में होगी। 28 अप्रैल को पंचकूला विधानसभा की रैली होगी। उन्होंने बताया कि ये दोनों रैलियां ऐतिहासिक होंगी। श्री गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के आगमन को लेकर लोगों में उत्साह है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया की जीत को बड़ी जीत में बदलने के लिए स्थानीय नेताओं के साथ-साथ जिला पदाधिकारी, मंडल एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ता दिन रात मेहनत कर रहे हैं।
नवीन गर्ग ने बताया कि कालका विधानसभा की रायपुररानी में होने वाली सीएम की विजय संकल्प रैली के लिए लतिका शर्मा और पंचकूला में होने वाली रैली की सफलता के लिए ज्ञानचंद गुप्ता और जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा गांव-गांव जाकर न्यौता दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि कालका विधानसभा चुनाव प्रभारी विशाल सेठ भी पूर्व विधायक लतिका शर्मा के साथ रैली को भव्य बनाने और जमीनी स्तर पर चुनाव को जीतने के लिए पूरी मेहनत कर रहे हैं। वहीं पंचकूला विधानसभा चुनाव संयोजक हरेन्द्र मलिक भी विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता के साथ मिलकर बूथ स्तर पर पार्टी की जीत को सुनिश्चित करने में जुटे हुए हैं।
श्री गर्ग ने बताया कि दोनों रैलियों को सफल बनाने के लिए भाजपा की बैठकें भी लगातार हो रही है। दोनों रैलियों की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को भी जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा की अध्यक्षता में पंचकूला में बैठक हुई। इस बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, पूर्व विधायक लतिका शर्मा समेत तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आईआरएस अधिकारी ने 21 किलोमीटर दौड़कर किया मतदान

टीम एक्शन इंडिया/झुंझुनू
राजस्थान में झुंझुनू जिले के आईआरएस अधिकारी सुशील कुलहरी ने 21 किलोमीटर दौड़ लगाकर मतदान किया। सुशील कुलहरी आज सुबह जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय से अपने गांव तिलोका का बास के मतदान केंद्र तक 21 किमी की दौड़ (हाफ मैराथन) लगाकर मतदान केंद्र पर पहुंचे। उसके बाद मतदान किया। वहीं उनके बेटे यूबी साइकिल से चलकर गए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया और आरएएस हवाई सिंह ने कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया।सुशील कुलहरी संयुक्त आयकर आयुक्त स्तर के अधिकारी हैं और वर्तमान में प्रतिनियुक्ति



पर राजस्थान सरकार में संयुक्त शासन सचिव आयोजना विभाग के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। वह देश में विभिन्न मैराथन इवेंट्स में भाग ले चुके हैं और अभी तक 9 फुल मैराथन (42.2 किमी) और कुल 38 हाफ मैराथन (21.1 किमी) की दौड़ें पूरी कर चुके हैं। उन्होंने मई 2019 के लोकसभा चुनाव और नवंबर 2023 के विधानसभा चुनाव में भी अपने परिवार एवं मित्रों के साथ मतदान केंद्र तक 21 किमी की दौड़ लगाकर मतदान किया था और मतदाताओं को मतदान के प्रेरित किया था। इनके साथ चूरू के वाणिज्यक कर अधिकारी श्री चंद माहीच भी थे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 20 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

### उत्पाती ने छत से पुलिस पर किया पथराव

टीम एक्शन इंडिया

**एटा:** उत्तर प्रदेश के एटा में उत्पात मचाने की सूचना पर पुलिस गांव पहुंची। पुलिस टीम को देखते ही उत्पाती ने उन पर छत से ईंट-पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। बत्थर बरसते देख पुलिसकर्मियों ने भागकर अपनी जान बचाई। किसी ने इसका वीडियो बना लिया। सोशल माडियो पर वीडियो पोस्ट किया तो यह वायरल हो गया। घटना जलेसर थाना क्षेत्र के खानपुर गांव की है। गांव के लोगों ने 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी कि शराबी युवक गांव में उत्पात मचा रहा है। इस पर पुलिस पहुंची। पुलिस को देखते ही उत्पाती ने उन पर पथराव शुरू कर दिया। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक महिला से चीख रही है। उससे कह रही है कि पुलिस पर पत्थर मत फेंको। इसके बाद भी युवक कंट्रोल में नहीं आ रहा है। पहले तो पुलिस ने खुद को सुरक्षित किया। इसके बाद जैसे-तैसे शराबी उत्पाती को पकड़ा। उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### तीसरे दिन भी शंभू में ट्रैक पर डटे हैं किसान

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले शंभू में रेलवे ट्रैक पर किसानों का प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी है। इसके चलते 110 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। 40 ट्रेन रद्द की गई हैं। 54 ट्रेनों के मार्ग बदले गए हैं। आठ को बीच रास्ते रद्द कर दिया गया है। पटियाला रेंज के डीआईजी और एसएसपी से किसान जत्थेबंदियों की बैठक हुई है, लेकिन कोई सहमति न बन पाने के चलते किसानों का रेल ट्रैक पर जाम जारी रहा। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने साफ किया कि आंदोलन जारी रहेगा, जब तक नवदीप सिंह व बाकी दो किसानों अनीश खटकड़ और गुरकीरत सिंह को रिहा नहीं किया जाता है। पंधेर ने कहा कि इन तीनों को गलत केस में फंसाया गया है। गिरफ्तारी के विरोध में अनीश खटकड़ जेल में मरणव्रत पर हैं, लेकिन केंद्र व हरियाणा टस से मस नहीं हुई है।

**फिरोजपुर मंडल की 29 मेल और पैसेंजर ट्रेनें रद्द:** फिरोजपुर। शंभू रेलवे स्टेशन पर किसान आंदोलन के चलते रेल डिवीजन फिरोजपुर से अंबाला व अन्य शहरों को जाने वालीं 29 मेल व पैसेंजर ट्रेनें रद्द की गई हैं, जबकि 28 ट्रेनों के रूट बदले गए हैं। इन सबके चलते यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। रेल अधिकारियों के मुताबिक बारह मेल (एक्सप्रेस) ट्रेनें रद्द की गई हैं। इनमें अमृतसर-चंडीगढ़ (12032), नई दिल्ली-अमृतसर (12029), पुरानी दिल्ली-फाजिल्का (14507), नई दिल्ली-अमृतसर (12459), जम्मूतवी-कानपुर (12470), कटरा-नई दिल्ली (22478), पुरानी दिल्ली-जालंधर (14681), पुरानी दिल्ली-कटरा (14033), नई दिल्ली-अमृतसर (12013), अमृतसर-नई दिल्ली (12014), अमृतसर-नई दिल्ली (12498) व हिसार-अमृतसर (14653) शामिल हैं।

### शिक्षक भर्ती पेपर लीक प्रकरण में ईडी कोर्ट ने लिया प्रसंज्ञान

**जयपुर।** प्रवर्तन निदेशालय मामलों की विशेष अदालत ने द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 पेपर लीक प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पांच आरोपितों के खिलाफ पेश मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में प्रसंज्ञान लिया है।

# माफिया-गुंडों का राम नाम सत्य हो गया: योगी

## यह कांग्रेस, सपा और बसपा का पाप है कि भगवान राम को भी प्रमाण देने के लिए कहा गय: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**गरजे सीएम**

8 जिन लोगों ने आपके साथ अन्याय किया उनको एक-एक वोट के लिए तरसा दीजिये: सीएम




टीम एक्शन इंडिया

**बुलंदशहर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भाजपा के उम्मीदवार डॉ. भोला सिंह के समर्थन में जनसभा की। मंच से मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या में केवल राम मंदिर ही नहीं बना है बल्कि बड़े-बड़े माफिया और गुंडे जो पहले सत्ता के सरपरस्त होते थे, आज उनका राम-राम सत्य हो गया है। अयोध्या में प्रभु राम के सूर्य तिलक से पूरा भारत गौरवान्वित महसूस किया। यह कांग्रेस, सपा और बसपा का पाप है कि भगवान राम को भी अपना प्रमाण देने के लिए कहा गया और जब अब राम मंदिर बन चुका है तो यह लोग कहते हैं कि भगवान राम तो सबके हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने आपके साथ अन्याय किया उनको एक-एक वोट के लिए तरसा दीजिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपका जिला बुलंदशहर गंगा एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुलंदशहर की पॉटरी को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है। जनपद की बेटी पारूल चौधरी को गोल्ड मेडल लाने पर प्रदेश सरकार ने डिप्टी एसपी की नौकरी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा है और पाकिस्तान में जनता भूख से मरने पर मजबूर है।

**बसपा ने अंतिम दिन बदला उम्मीदवार, चौधरी बशीर ने किया नामांकन :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने नामांकन के अंतिम दिन अपना उम्मीदवार बदल दिया है। पूर्व में घोषित सतेंद्र जैन सोली के स्थान पर शुक्रवार को बसपा उम्मीदवार के रूप में पूर्व मंत्री चौधरी बशीर ने नामांकन पत्र दाखिल किया। फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा। नामांकन के अंतिम दिन बसपा ने सतेन्द्र जैन सोली का टिकट काटकर उनके स्थान पर बसपा सरकार में मंत्री रहे चौधरी बशीर को अपना उम्मीदवार बनाया है। बसपा उम्मीदवार चौधरी बशीर बसपा नेताओं व समर्थकों के साथ नामांकन करने जिला मुख्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

वह नामांकन के बाद मीडिया से भी रूबरू हुए। उन्होंने बसपा प्रमुख मायावती का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिले की जनता पहले के सांसदों को आजमाकर देख चुकी है। यहां परिवर्तन होना चाहिए। इस क्षेत्र की जनता एक बार मुझे सेवा करने का मौका दे। मैं सर्व समाज के लिए काम करने आया हूं। आगामी पांच साल में मेरे कार्य को अन्य सांसदों से तुलना करके देखें। मेरा कार्य पसंद न आए तो फिर पांच साल बाद मुझे बदल दिया जाए।

### कांग्रेस से मिलकर समाजवादी लाल टोपी का रंग चटक हो रहा है!

टीम एक्शन इंडिया

**आजमगढ़:** यह कभी कांग्रेसी जमीन थी, तो कभी यह समाजवादी जमींन थी। यह जन संघर्ष और सपनों की जमीन थी। आज एक बार फिर अतीत के लंबे फासलों को लांघते हुए दोनों सियासी जमीनों का मिलन हो रहा था। जैसे दो दलों का नहीं, बल्कि दो दिलों का मिलन हो रहा हो। मंच पर बुजुर्ग कांग्रेसी बैठे थे, और सामने युवा कांग्रेसी, आयोजन भी कांग्रेसी लेकिन मेहमान थे समाजवादी। दोनों दलों के सहारे दिलों का मिलन हो रहा था। स्वागत के मालें में गठबंधन का प्रत्याशी था। स्वागत कर रहे थे कांग्रेसी।यह गठबंधन की समन्वय बैठक थी, स्थान था आजमगढ़ का पालीवाल मैरिज हाल, तारीख थी अप्रैल 18। आजमगढ़ में इसके सूत्रधार थे जिलाध्यक्ष प्रवीण सिंह और उनकी टीम। एक देश का सबसे पुराना दल है तो दूसरा जनसंघर्ष का समाजवादी खेमा। सच कहें तो कांग्रेस से मिलकर समाजवादी लाल टोपी का रंग चटक हो रहा था। कभी कम्युनिस्टों का केरल कहा जाने वाला आजमगढ़ की पहचान कांग्रेसी अलगू राय शास्त्री और कालिका सिंह से है। यह विश्राम राय, चन्द्रजीत यादव और रामनरेश यादव की सियासत और उनकी विरासत की जमीं है। यह देश और दुनिया में अपनी ठसक और पहचान की जमीं है।

### 'मोदी सरकार ने अग्निवीर लाकर किया युवाओं के साथ धोखा'

टीम एक्शन इंडिया

**सवाई माधोपुर:** लोकसभा चुनावों के दूसरे चरण को लेकर दोनों ही प्रमुख पार्टियों ने चुनाव प्रचार के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी के चलते कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री सचिन पायलट सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। पायलट ने सभा में केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए बढ़ती हुई महंगाई तथा घटते हुए रोजगार के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने अग्निवीर योजना लाकर युवाओं के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के साथ ही अग्निवीर योजना को खत्म कर दिया जाएगा तथा कांग्रेस के घोषणा पत्र को अमल में लाते हुए किसानों को एसपी की गारंटी, रोजगार की गारंटी सहित अन्य वादे भी पूरे किए जाएंगे।

## लखनऊ: स्थानीय प्रत्याशियों से राजनाथ सिंह की घेराबंदी



टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ:** लखनऊ, अदब और तहजीब के साथ सियासत का ऐसा शहर है, जहां से होकर दिल्ली के दरवाजे खुलते हैं। ऐसे में सभी पार्टियां उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पर कब्जा जमाना चाहती हैं। यही वजह है कि बीते तीन दशक में पहली बार सपा, बसपा और कांग्रेस सहित प्रमुख विपक्षी दलों ने किसी बाहरी नामचीन या फिर बॉलीवुड के सितारों पर दांव नहीं लगाया है। इस बार गठबंधन के तहत सपा ने लखनऊ मध्य के विधायक एवं पार्टी के कद्दावर नेता रविदास मेहरोत्रा और बसपा ने लखनऊ उत्तरी से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके सरवर अली को मैदान में उतारकर चुनाव को रोमांचक बना दिया है। जीत का ऊंट किस करवट बैठेगा यह तो मतगणना के बाद ही पता चलेगा, लेकिन चर्चा है कि कई साल बाद विपक्ष ने भाजपा को घेरने की मजबूत घेराबंदी की है। आंकड़ों पर गौर करे तो लखनऊ संसदीय क्षेत्र से 1991 से लेकर 2019 तक लगातार भाजपा जीतती आ रही है। यदि 1996 के आम चुनाव से लेकर अब तक की बात करें तो यहां से सपा, कांग्रेस, आप या फिर बसपा की ओर से काई न कोई बाहरी नामचीन चेहरा या फिर किसी बॉलीवुड के सितारे को टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा जाता रहा है। हालांकि इस शहर पर न तो कभी बॉलीवुड के सितारों का जादू चला है और न ही किसी बड़े नामचीन नाम का असर हुआ। सभी को यहां हार का सामना करना पड़ा है। अब लगभग तीन दशक के बाद भाजपा को टक्कर देने के लिए इंडिया गठबंधन की ओर से सपा ने अपने स्थानीय विधायक एवं कद्दावर नेता रविदास मेहरोत्रा को मैदान में उतारा है।

**रोमांचक**

8 सपा ने रविदास मेहरोत्रा और बसपा ने सरवर अली को मैदान में उतारकर चुनाव को रोमांचक बना दिया



पीलीभीत में 80 वर्षीय कृष्ण अवतार कंसल अपनी पत्नी को लेकर ड्रमंड इंटर कॉलेज बूथ पर मतदान करने पहुंचे। उनकी पत्नी चलने में असमर्थ हैं। इसीलिए वह उन्हें स्कूटी पर बैठाकर मतदान केंद्र पहुंचे। उन्होंने कहा कि सभी को देश हित में मतदान करना चाहिए।

### हिमाचल में मौसम ने ली फिर करवट

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। प्रदेश में येलो अलर्ट के बीच अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। शुक्रवार को लाहौल-स्पीति, किन्नौर, चम्बा व कुल्लू के ऊपरी इलाकों में ताजा हिमपात हुआ है। रोहतांग दर्रा और शिंकुला दर्रा भी बर्फ से लकदक हो गया है। राज्य के मैदानी व मध्यपर्वतीय इलाकों में बारिश हो रही है। राजधानी शिमला में दोपहर से झमाझम बारिश हो रही है। शिमला सहित कई इलाकों में बीती रात तेज आंधी चली। बारिश-बर्फबारी के कारण तापमान गिरने से पहाड़ी इलाकों में ठिठुरन बढ़ गई है।

## पूर्वांचल में 5 पिछड़े और 3 अगड़ों को बसपा ने दिया टिकट

टीम एक्शन इंडिया

**वाराणसी:** बसपा ने साल 2007 के विधानसभा चुनाव में सोशल इंजीनियरिंग के जरिये अप्रत्याशित रूप से सत्ता हासिल कर ली थी। 2009 में इसी के सहारे उप्र से 20 सांसद चुने गए थे और पूर्वांचल से पांच सांसद दिल्ली पहुंचे थे। अब एक बार फिर बसपा ने इसी फार्मूले से ताल ठोंक दी है। अभी तक जिन दस सीटों पर प्रत्याशी दिए हैं, उसमें तीन अगड़े, पांच पिछड़े, एक मुस्लिम और एक एससी-एसटी का प्रत्याशी शामिल है। सियासी गलियारों में इसीलिए चर्चा है कि पार्टी इससे अगड़े-पिछड़े-मुस्लिम मतदाताओं में एकजुटता का संदेश दे रही है। पिछले कुछ चुनावों पर गौर करें तो पूर्वांचल की कई सीटों पर बसपा की स्थिति अच्छी रही है। 2009 में अकेले दम पर बसपा ने पूर्वांचल की 13 सीटों में से पांच सीटों पर जीत हासिल की थी।

**ताल ठोकेंगे**

8 2009 में इसी के सहारे उप्र से 20 सांसद चुने गए थे और पूर्वांचल से पांच सांसद दिल्ली पहुंचे थे

## पति-पत्नी के शासन में बिहार था बदहाल: नीतीश

टीम एक्शन इंडिया

**भागलपुर:** भागलपुर के रंगरा प्रखंड के तिनटंगा में भागलपुर से जदयू उम्मीदवार अजय मंडल के प्रचार के लिए शुक्रवार को आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोगों ने बिहार के विकास के लिए काम किया है। कुछ लोग पत्नी, बेटा और बेटी को आगे बढ़ा रहें हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे लोग गड़बड़ कर रहे थे इसलिए उन लोगों को हटा दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पूर्व 15 वर्ष तक पति-पत्नी ने मिलकर बिहार में राज किया था। उन लोगों के कार्यकाल में शाम होते ही लोग घर में कैद हो जाते थे। उस समय कहीं रोड नहीं था। शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल हुआ करती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे पहले शिक्षा के क्षेत्र में हमने काम किया। छात्राओं को पोशाक तथा स्कूल जाने के लिए साइकिल दिया गया। उसके बाद सड़कों का निर्माण किया। महिलाओं को स्नातक पास करने पर सरकार की ओर से 50 हजार रुपये दिए जाते हैं। सीएम ने कहा कि पंचायत चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया।

शिक्षक और पुलिस की नौकरी में भी आरक्षण दिया गया। स्वयं सहायता समूह को आगे बढ़ाने के लिए विश्व बैंक से कर्ज लिया। इसको विस्तार करके इसका नाम जीविका किया गया।



**जंगलराज**

8 हमलोगों ने बिहार के विकास के लिए काम किया है। कुछ लोग पत्नी, बेटा और बेटी को आगे बढ़ा रहें हैं: सीएम

### आपसी संघर्ष में दो तेंदुओं की मौत

टीम एक्शन इंडिया

**लखीमपुर खीरी:** लखीमपुर खीरी में दुधवा टाइगर रिजर्व के बफरजोन की धौरहरा रेंज में दो नर तेंदुओं की मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सकों के पैनल ने आपसी संघर्ष में दोनों तेंदुए के मरने की बात पाई है। कतर्नियां घाट वन्यजीव विहार की सीमा पर खैरातीपुरवा गांव के पास पहले एक तेंदुए का शव देखा गया। सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंच गई। शव कब्जे में लेकर टीम घटनास्थल का निरीक्षण कर रही थी कि तभी कुछ दूरी पर एक और तेंदुआ गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला।

## सिर्फ वोट लेने के लिए वादे, किसानों की सुनने वाला कोई नहीं

टीम एक्शन नइंयिा

**अलीगढ़:** खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, लेकिन किसानों को लागत के सापेक्ष फसल की कीमत नहीं मिल पा रही है। विदेशों में किसानों को तमाम तरह के बोनस मिलते हैं। सस्ती दर पर विदेश से अनाज मंगा लिया जाता है, जिस कारण यहां के किसानों को उपज का सही दाम नहीं मिल पाता है। किसानों का मंड़ियों में होने वाला शोषण रोकने के लिए एमएसपी कानून बनाया जाना चाहिए। किसानों ने लोकसभा चुनाव में किसानों की भूमिका विषय पर चर्चा करते हुए कई प्रमुख मुद्दों को सामने रखा। किसानों ने कहा कि चुनाव से पहले हर दल, हर नेता किसानों से वादे करते हैं, लेकिन इसके बाद सब भूल जाते हैं। किसान अमित राघव ने कहा कि सांसद-विधायक के वेतन में 200 गुना इजाफा हो गया है, लेकिन किसानों की उपज लगभग उसी दाम पर बिक रही है। किसान अर्जुन सिंह ने कहा कि खाद, बिजली, पानी, कीटनाशक दवाओं की कीमतें आसमान छू रही हैं, लेकिन किसानों की उपज का वाजिब मूल्य नहीं मिल पा रहा है। किसानों को खाद भी तय रेट से अधिक दाम पर उपलब्ध हो पा रही है। किसान व जिला पंचायत सदस्य केपी सिंह मिस्त्री ने कहा कि बेसहारा पशुओं द्वारा फसलों को बर्बाद करने की समस्या लगातार बढ़ रही है। मगर, कोई दल इस समस्या का समाधान करने के लिए तैयार नहीं है। कमल सिंह ने कहा कि वोटों के लिए चुनाव में किसानों को सब्जबाग दिखाए जाते हैं, लेकिन चुनाव के बाद सब किसानों को भूल जाते हैं।



**सब्जबाग**

8 सांसद-विधायक के वेतन में 200 गुना इजाफा हो गया है, लेकिन उपज लगभग उसी दाम पर बिक रही

## दौसा: मतदाताओं ने मतदान का किया बहिष्कार

टीम एक्शन इंडिया

**दौसा:** दौसा लोकसभा क्षेत्र में भी मतदान पूरी गति के साथ चली लेकिन दौसा का ही बिगास मतदान केंद्र मतदाताओं का इंतजार करता नजर आ रहा है क्योंकि यहां मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार कर दिया है। दौसा विधानसभा क्षेत्र में बिगास मतदान केंद्र पर पोलिंग पार्टियां मतदाताओं का इंतजार करती नजर आ रही हैं। बहिष्कार को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि हिंगोटिया पंचायत से अलग होने के बाद उनका थाना क्षेत्र भी बदल गया उनकी तहसील भी बदल गई, जिसके चलते उन्हें खुद के और अपने बच्चों के कागजात बनवाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि बिगास गांव पहले हिंगोटिया पंचायत में आता था लेकिन नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत ठिकरिया में जोड़े जाने के कारण यहां के ग्रामीण मतदान का बहिष्कार करके बैठे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक इन्हें वापस हिंगोटिया ग्राम पंचायत में नहीं जोड़ दिया जाता तब तक बहिष्कार जारी रहेगा।



**शह और मात** कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को जालंधर सीट से टिकट दिया है

## पंजाब की सियासत: अपने दिग्गजों के चुनाव रण बदलने लगी पार्टियां

टीम एक्शन इंडिया

**जालंधर: पंजाब** की 13 लोकसभा सीटों पर सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करनी रणनीति बनाने में जुटी हैं। इस कड़ी में सियासी दलों के बीच यह चुनाव शह और मात के खेल से कम दिखाई नहीं दे रहे।

**चमकौर साहिब से विधायक बने चन्नी को जालंधर से टिकट:** कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को जालंधर सीट से टिकट दिया है, जबकि वह चमकौर साहिब सीट से पार्टी के विधायक रहे हैं। 2022 में उन्होंने मालवा की दो आरक्षित सीटों से चुनाव लड़ा था, लेकिन दोनों पर हार गए थे। फिर भी उन्हें कांग्रेस ने सीएम प्रोजेक्ट किया, जिसका असर दोआबा में काफी हुआ था। दोआबा दलित बहुल क्षेत्र है और करीब 45 फीसदी वोट दलितों के हैं। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने दोआबा में 23 में से 9 सीटें जीती थीं। लोकसभा चुनाव में दलित वोटों पर नजर बनाए रखते हुए पार्टी ने चन्नी को मालवा से हटाकर दोआबा में जालंधर से उम्मीदवार बना दिया है।

**जालंधर के दलजीत चीमा गुरदासपुर से मैदान में:** अकाली दल के सीनियर नेता और पूर्व मंत्री दलजीत सिंह चीमा जालंधर के रहने वाले हैं, फिर भी पार्टी ने उन्हें रोपड़ से विधानसभा चुनाव में उतारा और वह चुनाव जीतकर सूबे के शिक्षा मंत्री बने थे।

इसके बाद 2017 व 2022 के चुनाव डॉ. चीमा हार गए। इस बार अकाली दल ने उन्हें रोपड़ से हटाकर गुरदासपुर लोकसभा सीट के लिए टिकट दिया है।



**रणनीति**

8 दोआबा दलित बहुल क्षेत्र है और करीब 45 फीसदी वोट दलितों के हैं। 23 में से 9 सीटें जीती थीं

## सीतापुर सीट: बड़े दलों पर भरोसा कायम

टीम एक्शन इंडिया

**सीतापुर:** संसदीय सीट सीतापुर के मतदाताओं ने आजादी के बाद से अब तक बड़े दलों (राष्ट्रीय पार्टियों) पर ही भरोसा जताया है। एक बार का चुनाव छोड़ दें, तो अब तक हुए 17 लोकसभा के चुनाव में वोटरों ने 16 बार जीत का ताज कांग्रेस, जनसंघ, बीएलडी, भाजपा, बसपा इत्यादि राष्ट्रीय पार्टियों के उम्मीदवारों को पहनाया है। हालांकि, 1996 में मतदाताओं ने सपा प्रत्याशी पर भी दरियादिली दिखाकर संसद पहुंचाया है। इस बार भी राष्ट्रीय पार्टियों के बीच ही मुख्य मुकाबला होने के आसार हैं। बहरहाल, वोटर का मिजाज इस बार फिलहाल साफ नहीं है। चुनावी शंखनाद के बाद से सियासी बयार तेज जरूर हो गई है। सीतापुर लोकसभा क्षेत्र का गठन पहली लोकसभा के साथ 1951 में हुआ था। पहले चुनाव में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के चचेरे भाई की पत्नी उमा नेहरू जीतीं थीं। 1957 का चुनाव भी उन्हीं के नाम रहा। फिर 1962 में जनसंघ के सूरज वर्मा ने उमा नेहरू का विजयरथ रोककर सीट पर कब्जा कर लिया।

